ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 01:13 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


बुधवार, 11 जून 2025
वर्ष 6, अंक 201, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पाकिस्तान ने 20 प्रतिशत बढ़ाया अपना रक्षा बजट 14

देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर 12

## विश्व बैंक ने भारत की वृद्धि दर को 6.3 प्रतिशत पर रखा बरकरार

वाशिंगटन, एजेंसी

- कहा-दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

विश्व बैंक ने मंगलवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 6.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा। इसके साथ ही भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख र्थव्यवस्था बना रहेगा।

विश्व बैंक ने अप्रैल में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था, जो जनवरी में 6.7 प्रतिशत था। विश्व बैंक की ताजा वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट के अनुसार बढ़े हुए व्यापार तनाव और नीति अनिश्चितता के चलते इस साल वैश्विक वृद्धि में गिरावट आने की आशंका है, जो 2008 के बाद से सबसे धीमी गति हो सकती है। वैश्विक वृद्धि के 2025 में 2.3 प्रतिशत तक धीमा करने का अनुमान लगाया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस उथल-पुथल के कारण सभी क्षेत्रों और आय समूहों में लगभग 70 प्रतिशत अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि पूर्वानुमान में कटौती की गई है। इसमें भारत के बारे में कहा गया है कि 2024-25 में वृद्धि धीमी हो गई, जो आंशिक रूप से औद्योगिक उत्पादन वृद्धि में नरमी को दर्शाती है।

हालांकि, निर्माण और सेवा क्षेत्र में वृद्धि स्थिर रही, कृषि उत्पादन में सुधार हुआ है। विश्व बैंक को उम्मीद है कि चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में 4.5 प्रतिशत और अगले साल चार प्रतिशत प्रतिशत रहेगी।

## पाकिस्तान को चेतावनी, हमला हुआ तो फिर जवाब देंगे

ब्रसेल्स, एजेंसी

- ब्रसेल्स में बोले विदेशमंत्री जयशंकर-हम आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे
- कहा-अगर आतंकवादी हमलों से उकसाया गया तो पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेताया है कि आतंकवादी हमलों से अगर उकसाया गया तो भारत, पाकिस्तान में घुसकर फिर हमला करेगा।

उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले जैसी जघन्य घटनाओं के मामले में आतंकवादी संगठनों और उनके नेताओं के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की जाएगी। पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू किए जाने के एक महीने बाद यूरोप की यात्रा पर गए जयशंकर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान हजारों आतंकवादियों को खुले में प्रशिक्षित कर रहा है और उन्हें भारत में उतार रहा है।

उन्होंने एक समाचार संस्था से बातचीत में सोमवार को कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसलिए हमारा उन्हें संदेश है कि अगर आप अप्रैल में की गई बर्बर हरकतों को जारी रखते हैं, तो आपको जवाबी कार्रवाई का



सामना करना होगा और यह कार्रवाई आतंकवादी संगठनों और आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि हमें परवाह नहीं है कि वे कहां हैं। अगर वे पाकिस्तान में अंदर हैं, तो हम पाकिस्तान में अंदर तक जाएंगे। गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था।

### भारत के हमले के बाद रुकी थी लड़ाई

जयशंकर ने कहा कि लड़ाई सिर्फ एक वजह से रुकी, और वो वजह थी कि 10 तारीख की सुबह, हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर हमला किया और उन्हें निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि गूगल पर रनवे और उन हैंगरों की तस्वीरें उपलब्ध हैं, जिन पर हमला हुआ। यूरोप की हफ्ते भर की यात्रा के दौरान, जयशंकर द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति की पुष्टि के लिए यूरोपीय संघ, बेल्जियम और फ्रांस के नेताओं के साथ बातचीत भी करेंगे।

### आतंकवाद को वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाए

**ब्रसेल्स।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि आतंकवाद को द्विपक्षीय समस्या के बजाय वैश्विक मुद्दे के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से जुड़ी कई घटनाओं का पाकिस्तान से ऐतिहासिक संबंध बताया। सोमवार को बेल्जियम में भारतीय समुदाय के सदस्यों को संबोधित करते हुए जयशंकर ने भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों से उन्हें अवगत कराया।

### एक नजर

#### राजौरी में आतंकवादी ठिकाने का खुलासा

**राजौरी/जम्मू।** सुरक्षा बलों ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के एक दूरस्थ इलाके में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया और 10 अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर (यूबीजीएल) के साथ अन्य सामग्री जब्त की। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान थानामंडी इलाके के दर्रा बाराचारा गांव में इस आतंकवादी ठिकाने का पता चला। उन्होंने कहा कि तलाशी दलों ने यूबीजीएल के अलावा एक क्षतिग्रस्त गोला-बारूद का डिब्बा, एक कंबल, एक प्लास्टिक की तिरपाल, दवा के दो पैकेट, कुछ बर्तन और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी जब्त कीं।

#### चैटजीपीटी में बाधा से लाखों लोग रहे प्रभावित

**नई दिल्ली।** एआई क्षेत्र की कं दिग्गज कंपनी ओपनएआई के एआई टूल चैटजीपीटी को मंगलवार को वैश्विक स्तर पर व्यवधान का सामना करना पड़ा जिससे दुनिया भर में फैले लाखों उपयोगकर्ता इसका देर तक इस्तेमाल नहीं कर पाए। ज्यादा असर भारत, अमेरिका में रहा। यहां हजारों लोगों ने शिकायतें दर्ज कराईं। डिजिटल गतिविधियों पर नजर रखने वाले मंच डाउनडिटेक्टर ने कहा कि दोपहर तीन बजे के करीब चैटजीपीटी टूल के इस्तेमाल में दिक्कतें आनी शुरू हुईं। अकेले भारत में ही लगभग 800 शिकायतें दर्ज कराई गईं।

# नया भारत शांति की रट नहीं लगाता, देता है मुंहतोड़ जवाब

### मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को योगी ने बताया स्वर्णिम काल

- कहा-आतंकवाद और युद्ध थोपने का दिया जाएगा माकूल जवाब
- बोले-मोदी ने किया विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत निःसंदेह शांति का पक्षधर है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में हर हाल में शांति की ही रट लगाने की आदत से हम अब ऊपर उठ गए हैं।

अब वह प्रवृत्ति नहीं जो 2014 के पहले आतंकवाद के मुद्दे पर देखने को मिलती थी, पीएम मोदी ने उस अवधारणा को पलट दिया है। अब सज्जनों के साथ शांति से विकास की बात करेंगे, लेकिन कोई युद्ध थोपेगा, आतंकवाद को प्रेरित करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। उन्होंने केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। योगी ने प्रेसवार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की विस्तार से जानकारी देते हुए बधाई भी दी। कहा कि मोदी ने शासन को सेवा का माध्यम बनाया। यह कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में, सुशासन को संस्कृति के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

योगी ने कहा कि मोदी पंच प्रण और 11 संकल्पों ने विकसित भारत की आधारशिला रखी है। इंफ्रास्ट्रक्चर सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। 2014 के बाद ही किसान राजनीति एजेंडे का हिस्सा बना है।

महिला सशक्तिकरण में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस ने केवल एक एम्स बनाए थे, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश भर में 23 एम्स और यूपी में दो एम्स बने हैं। महाकुंभ, अयोध्या धाम, काशी, महाकाल लोक समेत तमाम धार्मिक स्थलों और आयोजनों का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि मोदी ने आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय के सथ विरासत को विकास से जोड़ा है।

### अब गाजी नहीं, सुहेलदेव का लगेगा मेला

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि अब विदेशी आक्रांताओं का नहीं, बल्कि राष्ट्रनायकों का महिमा मंडन होगा। कहा कि इससे पहले की सरकारें मुस्लिम वोट बैंक के लालच में राष्ट्रनायकों को सम्मान नहीं दे पाती थीं लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। बहराइच में किसी गाजी की दरगाह पर नहीं, बल्कि चक्रवर्ती सम्राट महराजा सुहेलदेव के स्मारक पर मेला लगेगा। बहराइच पहुंचे योगी ने महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया।

## आग देखकर 8वीं मंजिल से लगाई छलांग, तीन की मौत

### दिल्ली के द्वारका की घटना, एटा के कारोबारी और बेटी भी शामिल

- 8वीं मंजिल से शुरू आग तेजी से फैली, 9वीं मंजिल भी प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के द्वारका इलाके में मंगलवार सुबह आठवीं और नौवीं मंजिल पर स्थित डुप्लेक्स फ्लैट में लगी भीषण आग से बचने के लिए छलांग लगाने से दो बच्चों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जिसमें एटा के कारोबारी और उसकी बेटी भी शामिल है। इससे पहले पुलिस ने बताया था कि इस घटना में एक व्यक्ति और उसके दो बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आग इमारत की आठवीं मंजिल पर स्थित मंदिर से शुरू हुई और पीवीसी पैनल के जरिए तेजी से फैल गई।

मृतकों की पहचान यश यादव (35), उनकी 12 वर्षीय बेटी और 11 वर्षीय एक रिश्तेदार के रूप में हुई है। आठवीं मंजिल की बालकनी से कूदने से उनकी मौत हो गई। सभी उत्तर प्रदेश के एटा जिले के बताए जा रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि परिवार इमारत की ऊपरी दो मंजिलों पर एक डुप्लेक्स में रहता है। जब आग लगी, तो परिवार ने सीढ़ियों के जरिए नौवीं मंजिल पर जाकर बचने की कोशिश की। हालांकि, दो छोटे बच्चे पीछे रह गए और यश उन्हें बचाने के लिए वापस आ गए। तब तक आग फैल चुकी थी। बच्चों को आकाश अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यश को आईजीआई अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। परिवार के दो अन्य व्यक्ति, यश की पत्नी और उनके बड़े बेटे (18) को चोटें आईं। जान गंवाने वाले 11 वर्षीय बच्चे सहित अन्य रिश्तेदार उनके आवास पर एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आए थे।



इमारत से छलांग लगाते लोग।

### बालकनी से मदद को चिल्ला रहे थे

घटनास्थल के दृश्यों में इमारत में आग लगी दिखाई दे रही है और लोग अपनी बालकनियों में खड़े होकर मदद के लिए चिल्ला रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, विभाग को सुबह 10.01 बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके अनुसार शुरुआत में, दमकल की आठ गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, लेकिन आग की भयावहता स्पष्ट होने पर और अधिक गाड़ियां आग बुझाने के लिए लगाई गईं।

### इमारत के अन्य लोगों को सुरक्षित निकाला

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सोसाइटी के सभी निवासियों को निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी आवश्यक सेवाएं बंद कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि डीडीए और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को इमारत की संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए सूचित किया गया है।

## हैदरी दल के दो सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सार्वजनिक स्थान पर गैर धर्म के लोगों से बात करने पर समुदाय की बेटियों को करते हैं परेशान
- हैदरी दल नाम से व्हाट्सएप ग्रुप सोशल मीडिया पर कई आईडी सर्विलांस सेल जुटा रही जानकारी

**अमृत विचार :** सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के आरोपी हैदरी दल के दो सदस्यों को कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मुख्य आरोपी के साथ ही ग्रुप के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। इस दल ने इंस्टाग्राम पर कई आईडी बनाई हैं। वहीं कई व्हाट्सएप ग्रुप भी हैदरी दल नाम से संचालित हो रहे हैं। पुलिस इनके बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

हैदरी दल के लोगों ने बकरीद के दिन गांधी उद्यान में अपने ही समुदाय की युवतियों पर गैर समुदाय के युवकों से बातचीत करने से रोकने का प्रयास किया था। हैदरी दल से जुड़े युवकों ने उन युवतियों का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया था। वहीं इंस्टाग्राम आईडी पर कई ऐसी पोस्ट कीं, जिनसे साम्प्रदायिक भावनाएं भड़क सकती थीं। कोतवाली में तैनात दरोगा नितीश राणा ने आईडी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद सर्विलांस टीम खुलासे के लिए लग गई। दल के दो सदस्यों की पहचान भी पुलिस ने कर ली। इसके बाद कोतवाली पुलिस, एसओजी ने सर्विलांस टीम की मदद से बारादरी थाना क्षेत्र के ईंट पजाया चौराहा तहसीनी बिरियानी निवासी समीर रजा पुत्र गुड्डू और भुता थाना क्षेत्र के गांव मलपुर निवासी शहबाज उर्फ सूफियान पुत्र शमशेर को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि हैदरी दल का सरगना मुफ्ती खालिद पुत्र मोहम्मद आलम निवासी पूरनपुर जनपद पीलीभीत है, उसके साथ ही हैदरी दल से जुड़े अन्य सदस्यों की भी तलाश की जा रही है।

## काशी विश्वनाथ मंदिर से 21 फर्जी पुजारी गिरफ्तार

- श्रद्धालुओं से जबरन वसूली पर पुलिस ने दबोचा

**वाराणसी।** पुलिस ने वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से दर्शन-पूजन कराने के नाम पर मनमाने ढंग से पैसे वसूलने वाले 21 फर्जी पडों-पुजारियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। दशाश्वमेध घाट के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन कराने के नाम पर श्रद्धालुओं से अवैध वसूली और दुर्व्यवहार किए जाने की शिकायत काफी दिन से मिल रही थी।

शिकायत के आधार पर दशाश्वमेध घाट और चौक थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने मंगलवार को दशाश्वमेध घाट से 15 और चौक से छह फर्जी पुजारियों को गिरफ्तार कर लिया। त्रिपाठी ने बताया कि टीम लगातार कार्रवाई करते हुए इस तरह के लोगों को गिरफ्तार करती रहेगी। पुलिस मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## रोडवेज में 1165 कंडक्टरों की भर्ती पर रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों पर भर्ती प्रक्रिया को अग्रिम आदेश तक स्थगित कर दिया है। राज्य सरकार और विपक्षियों से हलफनामे के माध्यम से यह स्पष्टीकरण मांगा गया है कि भर्ती प्रक्रिया केवल कंडक्टर पदों के लिए ही क्यों की जा रही हैं। इसके साथ ही नियुक्ति का तरीका भी सार्वजनिक परीक्षा न होकर प्रत्यक्ष है। कोर्ट ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर 1165 पदों पर की गई भर्तियों पर रोक लगा दिया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की एकलपीठ ने अलीगढ़ निवासी याची नीतू शर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई करते



- महिला ने सूची में नाम नहीं आने पर दाखिल की थी याचिका
- मृतक आश्रित कोटे से नियुक्तियों पर हाईकोर्ट ने दिया आदेश

हुए पारित किया। मामले के अनुसार मृतक आश्रित की सूची में नाम न आने के कारण अलीगढ़ क्षेत्र की महिला ने भर्ती को लेकर वर्तमान याचिका दायर की थी। याची ने वर्तमान याचिका में अनुकंपा के आधार पर परिवहन निगम द्वारा उनकी नियुक्ति से इंकार करने के आदेश को मनमाना और अवैध बताया। याची ने 1 और 5 मई 2025 को परिवहन निगम द्वारा अनुकंपा के आधार पर की जा रही 1165 पदों की भर्ती प्रक्रिया को भी चुनौती देते हुए उस पर रोक लगाने की मांग की थी।

याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची के माता-पिता की मृत्यु वर्ष 2000 और 2014 में हुई थी। उनके पिता निगम के स्थायी कर्मचारी थे। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी (याची की मां) को अनुकंपा नियुक्ति देने से मना कर दिया गया। परिवार को याची के पिता की मृत्यु के बाद गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा। मां के पास आय का कोई स्रोत नहीं था और अब याची को भी गंभीर वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याची सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं।

## शुभांशु आज रचेंगे इतिहास अंतरिक्ष के लिए होंगे रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष यात्रा पर रवाना होने की तैयारी कर रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इतिहास के मुहाने पर खड़े हैं। यह भारत की अंतरिक्ष उड़ान में वापसी का प्रतीक है क्योंकि 41 साल पहले शुक्ला के आदर्श राकेश शर्मा ने सोवियत संघ के इंटरकॉस्मोस कार्यक्रम के तहत आठ दिनों तक पृथ्वी की परिक्रमा की थी।

लखनऊ में जन्मे शुक्ला को शुक्स के नाम से जाना जाता है। वह इसरो-नासा समर्थित एक्सिओम स्पेस के वाणिज्यिक अंतरिक्ष यान का हिस्सा



- राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय

हैं, जिसके बुधवार शाम फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 14 दिनों की यात्रा पर रवाना होने की उम्मीद है।

वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला को 2019 में प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप और अजीत कृष्णन के साथ भारत के गगनयान मिशन के लिए चुना गया था, जिसे 2027 में शुरू किए जाने की संभावना है।

# राजा की हत्या के बाद इंदौर आई थी सोनम, कई बार राज से मिली

### ट्रेन से लौटने के बाद देवासनाका क्षेत्र में किराए के कमरे में रुकी थी

इंदौर, एजेंसी

राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम रघुवंशी ने कई चौकाने वाले खुलासे किए। राजा की हत्या के बाद वह ट्रेन से इंदौर पहुंची थी। सोनम देवासनाका क्षेत्र में किराए के रूम में रुकी और राज से मुलाकातें भी हुई।

मंगलवार को पूछताछ के दौरान सोनम और प्रेमी में तकरार हो गई। दोनों की लड़ाई में पुलिस को ऐसी जानकारी हाथ लगी जिसका उन्हें दो दिन से इंतजार था। दरअसल ईस्ट खासी हिल्स पुलिस हत्या के एक आरोपी विशाल उर्फ विक्की को मोबाइल जब्त करने के लिए उसके घर (नंदबाग) ले गई थी। मोबाइल न मिलने से बिफरे पुलिसकर्मियों ने विक्की और राज की पिटाई कर दी। राज ने रोते हुए कहा कि फोन सोनम के पास होगा। उस वक्त सोनम पटना के फुलवारी शरीफ थाने में बैठी थी। डीएसपी विपुल दास ने तत्काल अपनी टीम को वीडियो कॉल लगा दिया। डीएसपी ने सोनम से कहा कि उन्हें वो फोन चाहिए जो राज ने विक्की को दिया था। डीएसपी ने यह भी कहा, राज ने फोन गायब करने में तुम्हारा हाथ बताया। सोनम मुकुर गई और कहा कि राज झूठ बोल रहा है। डीएसपी ने वीडियो कॉल पर ही दोनों का सामना करवा दिया। सोनम भड़क गई और कहा कि वह इंदौर में मिली थी। इतना सुनते ही पुलिसकर्मी चौके और सख्ती से पूछताछ करने लगे। सोनम ने कहा राजा की हत्या के दो दिन बाद यानी 25 मई को ट्रेन से इंदौर आई थी।



पिता अशोक रघुवंशी, पुत्र राजा रघुवंशी एवं सोनम।

### पिता बोले- दोषियों को मिले मौत की सजा

मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद राजा रघुवंशी के पिता ने बेटे की जघन्य हत्या के सभी दोषियों को मौत की सजा देने की मांग की। पुलिस के मुताबिक पूर्वोत्तर के इस सूबे में हनीमून मनाने गए ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में उनकी पत्नी सोनम (25) शामिल थी जिसने अपने प्रेमी राज कुशवाह (20) की मदद से वहां भाड़े के तीन हत्यारे बुलाए थे। सोनम ने यूपी के गाजीपुर में रविवार देर रात आत्मसमर्पण कर दिया, जबकि चार आरोपियों को एमपी और उप्र के से गिरफ्तार किया गया।

### गुवाहाटी में ऑनलाइन मंगवाया था हथियार

मेघालय पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने जिस हथियार डाव (छोटी कुल्हाड़ी) से राजा को मारा, वो गुवाहाटी में ऑनलाइन मंगाया था। आरोपी शिलॉन्ग में सोनम और राजा के होम स्टे से एक किमी दूर होटल में ठहरे थे।

### आरोपी बोले- सोनम के सामने ही किया कत्ल

राजा रघुवंशी हत्याकांड के चारों आरोपियों ने इंदौर क्राइम ब्रांच के समक्ष अपना जुर्म कुबूल कर लिया है। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने राजा रघुवंशी का हत्या कर शव एक गहरी खाई में फेंक दिया था। ये पूरी वारदात सोनम के आंखों के सामने हुई। पहला वार विशाल उर्फ विक्की ठाकुर ने किया था। क्राइम ब्रांच की जांच के अनुसार, तीन आरोपी विशाल, आकाश और आनंद इंदौर से ट्रेन से निकले थे। सोनम का प्रेमी और सह-षड्यंत्रकारी राज कुशवाह इंदौर में ही रुक गया, उसने तीनों को यात्रा खर्च के लिए 40 से 50 हजार रुपये की मदद की थी।

**आज का मौसम**

आसमान साफ रहने और तेज धूप खिलने के आसार

40.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- जनकपुरी स्थित गुरुद्वारा में विशेष कीर्तन दरबार शाम 7 बजे।
- बरेली कॉलेज में नर्सिंग एंट्रेंस परीक्षा सुबह 11 से 1:20 तक।
- माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शाम 6:30 बजे।
- अग्रवाल परिवार की ओर से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ संजय नगर स्थित सत्यम बरात घर में शाम 5 बजे।

**एक नजर**

## रेल खंडों पर काम से ट्रेनें कई घंटे लेट, गर्मी में यात्री हुए परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** रेल खंडों पर निर्माण और मरम्मत कार्यों की वजह से ट्रेनें घंटों की देरी से चल रही हैं। बरेली जंक्शन पर मंगलवार को भी कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं, जिससे गर्मी में यात्री परेशान हो गए। प्लेटफॉर्म पर टंकी से गर्म पानी मिलने और बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से भी परेशानी हुई। मंगलवार को 03221 उधमपुर स्पेशल अपने निर्धारित समय से 11 घंटे देरी से जंक्शन पहुंची। इसी तरह से 04019 आनंद विहार स्पेशल ट्रेन 8 घंटे, 05577 आनंद विहार स्पेशल 2 घंटे, 12382 राजगीर एक्सप्रेस 45 मिनट और 04310 लखनऊ स्पेशल 3 घंटे की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। 13151 जम्मूतवी-सियालदह एक्सप्रेस भी 45 मिनट देर से आई, जबकि सहरसा एक्सप्रेस 7 घंटे की देरी से स्टेशन पहुंची।

## बिजली चोरी की शिकायत के बाद खंभे से उतारे बल्ब

**भमोरा, अमृत विचार :** विद्युत उपखंड बल्लिया के गांव तखतपुर में बिजली के खंभों पर बंच केबल काटकर जलाए जा रहे बल्बों की शिकायत गांव निवासी प्रेमपाल ने अधीक्षक अभियंता विद्युत विभाग से की थी। गांव का एक व्यक्ति जो प्रधान पद का उम्मीदवार है, लाइनमैन से साठगांठ कर वोटरों को लुभाने के लिए बिजली के पोलो पर केवल कट कर बल्ब लगा रखे हैं, जिससे ओवरलोड होने के चलते जल्दी-जल्दी ट्रांसफार्मर भी फूंक जाता है। मंगलवार दोपहर विद्युत विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर पोलों पर लगे बल्ब उतरवा दिए। इस संबंध में बल्लिया जेई शैलेश कुमार ने बताया कि कुछ बल्ब लगे हुए थे, जिन्हें उतरवा दिया गया है।

# गर्मी में सड़कों पर पसरा सन्नाटा, आज भी राहत नहीं, कल से बारिश



मंगलवार दोपहर चिलचिलाती धूप में गांधी उद्यान चौराहे पर सन्नाटा पसरा दिखा। ● अमृत विचार



पटेल चौक पर दोपहर में वाहनों की आवाजाही कम थी।



तेज धूप से बेहाल दिखे बाइक सवार।



छोटे पंखे और दुपट्टे के सहारे धूप से बचने की कोशिश।

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री हुआ दर्ज**

**अमृत विचारः** जून के दूसरे सप्ताह में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। लगातार तीसरे दिन मंगलवार को भी भीषण गर्मी पड़ी। दिन के साथ रात में भी गर्मी और परेशानी बढ़ा रही है। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस अधिक 40.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक 29.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हवा में नमी सुबह 62 प्रतिशत और शाम को 50 प्रतिशत दर्ज की गई। जबकि हवाओं की रफ्तार 8-13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दर्ज हुई।

मौसम विभाग ने बुधवार को भी 40 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड होने का अनुमान जताया है। इसके बाद 12 जून से बारिश होने से लोगों को राहत मिलेगी। मंगलवार को दिन की शुरुआत साफ मौसम से हुई। सुबह से ही सूरज की तपिश ने लोगों को पसीने में तर-बतर करना शुरू कर दिया। दोपहर में तापमान और बढ़ गया। हवाओं में भी गर्माहट होने से लोग धूप से बचने का साधन ढूंढते नजर आए। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी बुधवार को औसत अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज होने का पूर्वानुमान है। गुरुवार से मौसम में परिवर्तन हो सकता है। गुरुवार और शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं।

# फाल्ट ठीक न होने पर हेल्प डेस्क पर किया हंगामा

## किला सबस्टेशन के हार्टमन के पास पांच घंटे गुल रही बिजली, लोकल फाल्टों से अन्य इलाकों में भी आपूर्ति प्रभावित

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र में मंगलवार को लोकल फाल्ट की वजह से ढाई घंटे तक बिजली गुल रही। शिकायत के बाद भी फाल्ट ठीक नहीं हुआ तो नाराज लोगों ने रामपुर बाग स्थित हेल्प डेस्क पर हंगामा किया। बाद में फाल्ट ठीक कराया गया। वहीं, लोकल फाल्टों से किला सबस्टेशन के हार्टमन रोड, महानगर, सनसिटी समेत कई इलाकों में बिजली संकट बना रहा। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

किला और सीबीगंज सबस्टेशन के हार्टमन कॉलेज रोड, गुप्ता नर्सरी, रेशमा नर्सिंग होम, मिनी बाईपास, सैदपुर हाकिंस आदि इलाकों में सुबह 10: 30 बजे बिजली गुल हो गई। दो से तीन घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। लोकल फाल्ट से सिविल लाइंस प्रथम सबस्टेशन के रामपुर बाग, स्टेशन रोड, सर्किट हाउस चौराहा समेत कई इलाकों में सुबह आठ से साढ़े दस बजे तक आपूर्ति ठप रही। बताते हैं कि उपभोक्ताओं ने रामपुर बाग में हेल्प डेस्क पर फोन कर फाल्ट की जानकारी दी, मगर इसके बाद भी फाल्ट ठीक नहीं हुआ। इससे नाराज लोग हेल्प डेस्क पर पहुंचे और हंगामा किया। इसके बाद फाल्ट को ठीक किया गया।

सुबह 9 बजे से शाहदाना सबस्टेशन के कांकर टोला में फाल्ट से बिजली गुल हो गई। इसके अलावा किला सबस्टेशन के बड़ा बाजार में भी सुबह को बिजली संकट बना रहा। सीबीगंज सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में फेस नहीं आने की समस्या रही। दुर्गानगर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी सुबह 9 बजे फाल्ट से आपूर्ति बाधित हुई।



दुर्गानगर सब स्टेशन पर काम करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सदर कैंट और डीडीपुरम में आज बंद रहेगी आपूर्ति

एसडीओ पारस रस्तोगी के अनुसार बुधवार को सदर कैंट सबस्टेशन पर फ्यूज सेट लगाने का काम किया जाएगा। इसकी वजह से सबस्टेशन के सभी फीडर पर दोपहर 1 से अपराह्न 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जिससे सदर बाजार, बीआई बाजार, सदर कैंट आदि इलाके प्रभावित होंगे। इसके अलावा 33/11 केवी विद्युत सबस्टेशन डीडीपुरम पर भी काम कराने के चलते मॉडल टाउन, रेजिडेंसी गार्डन, ट्यूलिप टावर, कीर्तिनगर, ब्रह्मपुरा, जाटवपुरा, संजय नगर, होली चौराहा, सैनिक कालोनी आदि की आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बंद रहेगी।

### रुविवि : छात्रावासों में नहीं जेनरेटर की सुविधा, बिजली कटौती से छात्र हलकान

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **बिजली समस्या पर एक दिन पहले छात्रों ने कुलपति आवास के बाहर किया था प्रदर्शन**

**अमृत विचारः** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के छात्रावासों में जेनरेटर की सुविधा न होने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली कटौती से उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। रात में छात्रों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। इसको लेकर सोमवार को विद्यार्थियों ने कुलपति आवास के बाहर प्रदर्शन भी किया था।

रुविवि में करीब आठ छात्रावास हैं। इनमें मुख्य छात्रावास में 120, नवीन छात्रावास में 200, पीजी छात्रावास में 90, गर्ल्स हॉस्टल मैत्रेयी में 250, मनोरमा में 28, केलकर में 45, बीडीए छात्रावास में 15 और अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास में 30 विद्यार्थी रहकर अध्ययन करते हैं। छात्रों के अनुसार बिजली कटौती के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। मोबाइल फोन या लैपटॉप चार्ज करने में भी समस्या आती है, जो ऑनलाइन कक्षाओं और शोध कार्यों के लिए आवश्यक है। हर रोज रात में लगातार कई घंटे बिजली कटौती होती है। इससे दिक्कत होती है। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराने और छात्रावासों में जेनरेटर की व्यवस्था कराने की मांग की है।

डीडीपुरम और कुतुबखाना क्षेत्र में फेस नहीं आने की समस्या से लोग परेशान हुए। हरूनगला सबस्टेशन के मानसरोवर, गणेश पुरम, महानगर कॉलोनी, जगतपुर, ग्रीन पार्क, कुर्मांचल नगर, अंबर सिटी में भी बिजली समस्या रही। रात 8 बजे किला सबस्टेशन के चौधरी तलाब, मलूकपुर नाला, कटरा मानराय आदि जगह पर भी लोकल फाल्ट होने से आपूर्ति प्रभावित हुई।

# 426 रुपये की मजदूरी से लगवा दिए 1.20 लाख रुपये के पौधे

**गजब खेल**

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **लोकपाल मनरेगा की जांच में शेरगढ़ ब्लॉक के इटौआ में पकड़ा गया गड़बड़झाला**

**अमृत विचार :** शेरगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत इटौआ में कराए गए विकास कार्यों में गजब खेल किया गया। नियमों के विपरीत मनरेगा से सवा लाख रुपये के पौधे खरीदकर सिर्फ 426 रुपये की मजदूरी में ही लगवा दिए गए। एक ग्रामीण की शिकायत पर लोकपाल मनरेगा की जांच में गड़बड़झाला पकड़ा गया। प्रधान, तकनीकी सहायक और सचिव को दोषी ठहराते हुए सवा लाख रुपये की रिकवरी निकाली गई है। जबकि भुगतान की फाइल पर हस्ताक्षर करने के मामले में बीडीओ, लेखाकार समेत पांच लोग और जिम्मेदार पाए गए हैं। सभी पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

ग्राम पंचायत इटौआ निवासी शेर सिंह ने मौजूदा ग्राम प्रधान की ओर से कराए गए विकास कार्यों पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए पिछले दिनों लोकपाल मनरेगा शिशुपाल मौर्य से शिकायत की थी। लोकपाल ने मामले में बीडीओ को पत्र जारी कर जांच के आदेश दिया था और सात दिन में रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन बीडीओ के स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में लोकपाल ने 20 मई को अनियमितता के संबंध में फाइलों की जांच की बात कही तो इससे पहले 19 मई को ही बीडीओ ने व्हाट्सएप पर जांच रिपोर्ट भेजकर बताया कि आरोप निराधार हैं और जांच बंद करने योग्य है। इसके बाद लोकपाल ने मामले की खुद जांच शुरू की। जांच में पाया कि मनरेगा नियमों के विपरीत जाकर निजी नर्सरी से एक लाख 20 हजार रुपये के पौधे खरीदे गए। सबसे हैरानी की बात है कि सिर्फ दो दिन में या दो मजदूरों से 426 रुपये खर्च करके सभी पौधे रोपित करा दिए गए। इसके लिए ग्राम प्रधान, तकनीकी सहायक, सचिव दोषी दोषी पाए गए हैं। तीनों से एक लाख 20 हजार 426 रुपये की रिकवरी निकाली गई है। लोकपाल मनरेगा शिशुपाल मौर्य ने बताया कि भुगतान की फाइल पर हस्ताक्षर करने को लेकर बीडीओ, एपीओ, लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर, मेट भी जिम्मेदार हैं। मामले में पांचों लोगों पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

# बरेली-सितारगंज हाईवे के चौड़ीकरण में लाएं तेजी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **एनएचएआई के सदस्य विशाल चौहान ने ऑनलाइन बैठक में दिए निर्देश**
- **तय समय में काम करने और हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट देने को कहा**

**अमृत विचारः** बरेली-सितारगंज फोरलेन परियोजना की प्रगति की मंगलवार को एनएचएआई के सदस्य विशाल चौहान ने ऑनलाइन समीक्षा की। उन्होंने पीडी सौरभ चौरसिया से फोरलेन परियोजना में पैकेज वन और टू में चल रहे निर्माण की गति के बारे में पूछा और इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

पीडी ने बताया कि पैकेज वन में बरेली के बड़ा बाईपास से पीलीभीत और पैकेज टू में पीलीभीत से सितारगंज के बीच काम चल रहा है। पैकेज वन में 32.5 किलोमीटर और पैकेज टू में 38.3 किलोमीटर में काम कराया जाना है। काम पूरा करने की समय सीमा 13 मार्च 2026 है। अभी 30 फीसदी के करीब काम हुआ है।

उन्होंने बताया कि बीते दिनों कुछ जगहों पर मिट्टी की कमी और जमीन अधिग्रहण पूरा न होने से निर्माण धीमा चल रहा था। भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के दौरान संरचनाओं के ज्यादा मूल्यांकन के मामले से प्रोजेक्ट में काफी देरी हुई है। अब सभी अड़चनें दूर हो चुकी है। सदस्य ने काम निर्माण तय समय में पूरा करने और कार्य की हर सप्ताह की प्रगति रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए।

# स्मार्ट सिटी के कैमरे दे रहे गवाही, फिर भी नहीं हट रहा अतिक्रमण

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **कई चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से होती है निगरानी**
- **लेकिन कार्रवाई के नाम पर होती है सिर्फ खानापूरी**

**अमृत विचारः** स्मार्ट सिटी के कैमरों के सामने रोजाना सड़क पर अतिक्रमण हो रहा है। अतिक्रमण की वजह से जाम भी लगता है लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण हटाने के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से सभी प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसकी निगरानी इंटिग्रेटेड कमांड कंट्रोल सिस्टम यानी आई ट्रिपल सी से होती है। जिसका संचालन नगर निगम की नई बिल्डिंग में स्थित आफिस से होता है। इससे पूरे शहर पर निगाह रहती है, पर हकीकत यह है कि शहर की प्रमुख समस्या अतिक्रमण से लगने वाला जाम है। सीसीटीवी कैमरे में दिखने के बाद भी अतिक्रमण दस्ते को मौके पर अतिक्रमण हटाने के लिए तुरंत नहीं भेजा जा रहा है। नगर निगम इन्हीं कैमरों की मदद से सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं को देख तुरंत टीम भेजकर पकड़वाने का काम करता है।

शहामतगंज पुल के पास कैमरा लगा हुआ और यहां ट्रैफिक पुलिस भी रोजाना ड्यूटी करती है लेकिन सड़क पर अतिक्रमण के साथ वाहनों में सवारियां भरी जाती हैं। डेलापीर में डमरू चौराहे के पास चारों तरफ ठेले और फड़ वाले सड़क पर दुकान लगते हैं। चौकी चौराहे के पास बटलर प्लाजा के सामने शाम के समय अतिक्रमण कर दुकानें लगती हैं और जाम लगता है। सेटेलाइट बस अड्डा रोड पर अतिक्रमण कर खोखा और ठेले लगाए जाते हैं, जिसकी वजह सड़क सकरी हो जाती है। इसी तरह ईसाइयों की पुलिया और कुतुबखाना के पास कैमरे के सामने साप्ताहिक बाजार लगने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है।

**हर माह खर्च होते हैं लाखों रुपये**

नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने के लिए पूर्व सैनिकों का एक दस्ता बनाया है। इसमें करीब 35 पूर्व सैनिक तैनात हैं। इनको करीब 10 लाख रुपये से अधिक वेतन दिया जाता है। इसके बाद जब अतिक्रमण दस्ता मौके से वापस लौटता है तो जहां से अतिक्रमण हटाए गया होता है, वहां फिर दुकानें सज जाती हैं। इसके अलावा नगर निगम में अतिक्रमण प्रभारी और दो राजस्व निरीक्षक सहित अन्य कर्मचारियों को अतिक्रमण मुक्त शहर बनाने के लिए जिम्मेदारी दी गई है।



शहामतगंज गल्ला मंडी में दुकानों के बाहर अतिक्रमण से लोगों को आवाजाही में होती है दिक्कत।




सेटेलाइट बस अड्डे के बाहर सड़क पर ठेले वालों का कब्जा। ● अमृत विचार

# बाजार : इलेक्ट्रिक कारों पर सब्सिडी, फिर भी खरीद में नहीं दिलचस्पी

## किसी ने चार्जिंग स्टेशन की बड़ी समस्या तो किसी ने बैटरी और कार की उच्च कीमतें बताईं नापसंदगी की मुख्य वजह

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **जिले में दो साल में महज 1441 ई कारें हुईं रजिस्टर्ड**
- **पेट्रोल-डीजल के 135897 वाहन कराए गए पंजीकृत**

**अमृत विचारः** जिले में इलेक्ट्रॉनिक कारों का बाजार रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा है। सब्सिडी होने के बावजूद इन वाहनों की खरीदारी में लोगों की दिलचस्पी नहीं बढ़ रही है। आरटीओ कार्यालय के आंकड़े इसकी तस्दीक कर रहे हैं। दो साल में मात्र 1441 ईवी कारों का रजिस्ट्रेशन हुआ है, जबकि इसी समयावधि में कुल 135897 पेट्रोल-डीजल कारों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसके पीछे तमाम ऐसी भ्रांतियां जुड़ गईं हैं, जिनका सवाल तलाशने में जुटे उपभोक्ता अंततः डीजल-पेट्रोल के वाहनों को खरीदने पहुंच जा रहे हैं।

प्रदूषण की भयावह होती स्थिति को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी बताते हैं कि इन वाहनों को खरीदने पर ग्राहकों को सब्सिडी के साथ कई अन्य अन्य सहूलियतें भी मिलती हैं। बावजूद जिले में अधिकांश लोगों की पहली पसंद पेट्रोल और डीजल कारें बनी हुई हैं।

**सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग स्टेशनों को लेकर :** ईवी वाहन स्वामियों के सामने सबसे बड़ी समस्या जिले में एक भी आधिकारिक चार्जिंग स्टेशन नहीं बना होना है। ऐसे में वह अगर ईवी खरीदते हैं तो उनके सामने चार्जिंग प्वाइंट तलाशने की समस्या आती है। चार्जिंग स्टेशन की नगण्य उपलब्धता कार खरीददारों को ईवी से मुंह मोड़ने के लिए मजबूर कर देता है।



शहर में एक घर में खड़ी इलेक्ट्रिक कार।

### सबके अपने-अपने नापसंदगी के कारण

जानकारों का कहना है कि इलेक्ट्रिक कारों की उच्च कीमतें, चार्जिंग स्टेशनों की कमी, बैटरी की चिंता जैसे तमाम कारणों के चलते लोग इन कारों की खरीद से हिचकिचा रहे हैं। हाल ही में नए पेट्रोल-डीजल के वाहन खरीदने वाले और जो लोग इलेक्ट्रिक कारों का इस्तेमाल कर रहे हैं, उनसे बातचीत की गई तो सबकी अपनी-अपनी वजह सामने आई। किसी ने कहा कि इन कारों को सेकंड हैंड बेचने पर सही दाम मिलने की संभावना कम ही होती है तो किसी ने रास्ते में बैटरी खत्म हो गई तो चार्जिंग स्टेशन मिलना मुश्किल होता है। सामान्य कारों की तुलना में इलेक्ट्रिक कारों के मेटेनेंस महंगा होनी की बात कही।

इलेक्ट्रिक कारों को लेकर लोगों में विश्वास और जागरूकता की कमी है। कार के तमाम फायदे हैं। जब तक इसके फायदे ठीक से ग्राहकों तक नहीं पहुंचाए जाएंगे तब तक वह लोग खरीदने से डरते रहेंगे। चार्जिंग प्वाइंट एक समस्या है। इसका निस्तारण भी सरकार कर रही है। हाईवे पर जगह-जगह चार्जिंग स्टेशन खोले जा रहे हैं। **-मनोज कुमार,** एआरटीओ प्रशासन



इलेक्ट्रिक वाहनों को लेकर ग्राहकों में जागरूकता बढ़ती दिख रही है। जो नई इलेक्ट्रिक कारें आ रही हैं। वह एक बार चार्ज करने पर 450 किमी तक चलेंगी। इन कारों का मेंटीनेंस भी सामान्य कारों की तरह है। ईवी को बढ़ावा देने के लिए सबसे जरूरी है कि चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया जाए। **-दिनेश अग्रवाल,** एमडी, मूसाराम इंटरप्राइजेस



इलेक्ट्रिक कार लिए एक साल से अधिक का समय हो चुका है। सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग स्टेशन को लेकर फेस करनी पड़ रही है। फुल चार्ज होने पर कार महज 240 किमी ही चलती हैं। लंबी दूरी का सफर तय करने से पहले डर लगता है कि कहीं बैटरी खत्म हो गई तो चार्जिंग स्टेशन मिलना मुश्किल होगा। **-नरेंद्र,** वाहन स्वामी



इलेक्ट्रिक कार लोकल में चलने के लिए अच्छी है, लेकिन जो लोग कभी-कभी लंबी यात्रा पर जाते हैं, उनके लिए इलेक्ट्रिक कार लेकर जाना समस्या भरा काम हो सकता है। क्योंकि अभी हाईवे पर चार्जिंग स्टेशनों की उचित व्यवस्था नहीं है। घर और ऑफिस तक जाने वालों के लिए यह कारें बनी हैं। **-अर्चना,** वाहन स्वामी



दो महीने पहले ही मैंने नई कार निकाली है। घरवालों का मन इलेक्ट्रिक कार लेने का था, लेकिन शोरुम पर जानकारी की तो इलेक्ट्रिक कारों का मेंटीनेंस महंगा होने समेत कई अन्य कारणों की वजह से नहीं खरीदी। मुझे लगता है इलेक्ट्रिक कारें भविष्य में अच्छा विकल्प बन सकती हैं। **-लविश कपूर,** वाहन स्वामी



सामान्य कारों की तुलना में इलेक्ट्रिक कारों का मेंटीनेंस महंगा है। कोई री-सेल वेल्यू भी नहीं है। अभी तक लोकल मैकेनिक ईवी के सिस्टम को ठीक समझ भी नहीं पाए हैं। ईवी को बढ़ावा देने के लिए सबसे जरूरी यह है कि चार्जिंग स्टेशनों की व्यवस्था और इनकी उच्च कीमतों को कम किया जाए। **-सचिन,** वाहन स्वामी

# रेलवे : एम आधार एप से फर्जी टिकट बुकिंग पर लगेगी लगाम

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **एम आधार एप को टिकट सत्यापन प्रणाली से जोड़ा जाएगा**
- **इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को पत्र भेजा**

**अमृत विचारः** रेल यात्रा में फर्जी आईडी से टिकट बुकिंग के चलन पर अब सख्त लगाम लगाई जाएगी। रेलवे एम-आधार एप को टिकट सत्यापन प्रणाली से जोड़ने जा रहा है, जिससे टीटीई यात्रियों की पहचान को तुरंत सत्यापित कर सकेंगे। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को पत्र भेजा है। निर्देश दिए हैं कि एम-आधार एप की सुविधा हैंड हेल्ड टर्मिनल (एचएचटी) मशीन और मोबाइल दोनों में उपलब्ध कराई जाए। यह व्यवस्था खास तौर पर तत्काल टिकटों में हो रही धांधली को रोकने के लिए लाई जा रही है, जहां दलाल फर्जी आधार कार्ड से टिकट बुक कर उन्हें यात्रियों को ऊंचे दामों पर बेचते हैं।

एम-आधार एप के जरिए टीटीई क्यूआर कोड स्कैन कर सकेंगे, जिससे यात्री का नाम, आधार नंबर, पता, जन्मतिथि और लिंग जैसा विवरण तुरंत स्क्रीन पर दिखाई देंगा। इससे यह पता चल जाएगा कि टिकट जिस आईडी से बुक हुआ है, यात्री उसी का है या नहीं। एम-आधार एप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में काम करेगा, जिससे चलती ट्रेन में नेटवर्क न होने की स्थिति में भी पहचान सत्यापन संभव हो सकेगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि यह सुविधा रेलवे के चल रहे टिकट चेकिंग अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाएगी। यदि कोई यात्री फर्जी आधार से यात्रा करते पकड़ा गया तो उसे आरपीएफ के हवाले कर रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ...भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## एक नजर

### बदायूं के बदमाशों का गिरोह पंजीकृत

**बरेली, अमृत विचार :** डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बदायूं के बजरूल हसन के गिरोह को अंतर जनपदीय गिरोह घोषित किया है। यह गिरोह लगातार बरेली और बदायूं जिले में वारदातें करता रहा है। पुलिस के अनुसार बदायूं के कादर चौक थाना क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर का बजरूल हसन कई वारदातों में जेल जा चुका है। उसके साथी लईक निवासी गांव मानकपुर, थाना उझानी और हसनीव उर्फ अरबाद निवासी गांव दूदेनगर, थाना उझानी हत्या, हत्या की कोशिश और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। बजरूल अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए सुनियोजित आपराधिक गतिविधियां संचालित करता रहा है। एसएसपी अनुराग आर्य की संस्तुति पर यह कार्रवाई की गई है। डीजीपी कार्यालय के निर्देश पर इस गिरोह को अंतर जनपदीय गिरोह के रूप में चिह्नित किया गया।

### मरीज को लेकर गया चालक एंबुलेंस समेत लापता

**बरेली, अमृत विचार :** मरीज को लखनऊ लेकर गया चालक एंबुलेंस सहित लापता हो गया। एंबुलेंस मालिक ने थाना बारादरी में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रोड नंबर-7 सिद्धार्थनगर निवासी चंद्रशेखर ने बताया कि उनकी एंबुलेंस पर फतेहगंज पूर्वी के तराखास गांव का वीरेंद्र चालक है। 22 अप्रैल को वीरेंद्र स्टेडियम रोड स्थित एक निजी अस्पताल से मरीज को लेकर लखनऊ पीजीआई गया था, तब से अब तक वापस नहीं आया है। मोबाइल भी नहीं उठ रहा है। उन्हें आशंका है कि चालक ने एंबुलेंस गायब कर दी है।

# सोशल मीडिया के जरिये फैलता गया हैदरी दल का कुनबा

## बरेली से तीन महीने पहले शुरू हुआ हैदरी दल प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही राजस्थान तक पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पुलिस गिरफ्त में हैदरी दल के सदस्य।

- मुफ्ती खालिद ने इंटाग्राम पर बनाई थी हैदरी दल की आईडी
- डीजीपी के आदेश पर यूपी के सभी जिलों में खंगाले जा रहे संपर्क

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर शुरू किया गया हैदरी दल तीन महीने में ही प्रदेश के कई जिलों के साथ ही राजस्थान तक अपना कुनबा जोड़ने में सफल रहा। हैदरी दल के नाम से मुफ्ती खालिद ने इंस्टाग्राम आईडी शुरू की थी। इसमें सबसे पहले पांच छह लोग जुड़े थे। बाद में इससे लोग जुड़ते गए। राजस्थान में रहने वाले अपने जानकारों से वहां भी हैदरी दल बनवा दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डीजीपी ने प्रत्येक जिले में इस दल की आईडी खंगालने और संचालित करने वालों की पहचान करने के निर्देश दिए हैं।

एसपी सिटी मानुष पारीख ने मंगलवार को हैदरी दल के गिरफ्तार दोनों सदस्यों से की गई पूछताछ के आधार पर बताया कि मुफ्ती खालिद ने कट्टरपंथी युवकों को शातिर ढंग से जोड़कर हैदरी दल बरेली, हैदरी दल बरेली यूपी सूफियान-8 के अलावा हैदरी दल राजस्थान समेत करीब पांच इंस्टाग्राम आइडी बनाई हैं। इनके सदस्य यूपी के कई जिलों समेत राजस्थान में भी सक्रिय हो रहे हैं। हैदरी दल का मुख्य उद्देश्य अपने समुदाय की युवतियों और महिलाओं को दूसरे धर्म या समुदाय के लोगों से संपर्क बढ़ाने से रोकना है। यही वजह है कि यह दल पार्कों और खुले स्थानों पर हिजाब में घूम रहीं महिलाओं और युवतियों से पूछताछ करते हैं। यदि कोई महिला या युवती विरोध करती है तो वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम आईडी पर वायरल कर देते हैं। इसके अलावा सभी आईडी पर लगातार कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने वाली बातें पोस्ट की गई हैं। इन लोगों ने सोशल मीडिया पर भी भ्रामक प्रचार किया है। जिससे आपसी सौहार्द को खतरा है।

**व्हाट्सएप ग्रुप भी हो रहा है संचालित :** आरोपियों ने इंस्टाग्राम आईडी इसलिए बनाई, ताकि अधिकांश लोग देख न सकें। इसके अलावा आरोपियों ने हैदरी दल नाम से कई व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए हैं। इनमें उनके ही समुदाय के 25 से 35 वर्ष तक के युवक जुड़े हुए हैं। ये लोग अपने समुदाय की युवतियों को पार्क या अन्य स्थानों पर गैर समुदाय के युवकों से बातचीत करने पर भी पाबंदी लगाते हैं।

युवतियों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर उनकी निजता भंग करते हैं। फिलहाल, पुलिस इस दल की आईडी खंगालने में जुटी है।

> हैदरी दल के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग अपने समुदाय की युवतियों पर गैर समुदाय के युवकों से बातचीत पर रोक लगाते हैं, उनका वीडियो बनाकर वायरल करते हैं। साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हैदरी दल नाम से इंस्टाग्राम पर कई आईडी और व्हाट्सएप ग्रुप संचालित हो रहे हैं। सर्विलांस टीम इनका पता कर रही है।
>
> – **मानुष पारीक** एसपी सिटी

### हैदरी दल के सरगना मुफ्ती ने बनाई थी सुफियान - 08 आईडी

शाहबाज उर्फ सूफियान के नाम से ही sufian-08 आईडी संचालित हो रही थी। इस आईडी को मुफ्ती खालिद पुत्र मोहम्मद आलम निवासी पूरनपुर जनपद पीलीभीत संचालित कर रहा है। मुफ्ती खालिद सिटी स्टेशन रोड थाना किला पर रहता है। इसके अलावा रियाजउद्दीन पुत्र इंतजार निवासी मझउआ थाना फरीदपुर संचालित कर रहा है। इस आईडी के पासवर्ड सदस्यों के पास हैं। रियाजउद्दीन इस वक्त ईंट पजाया चौराहा के पास स्थित इमाम गरीब शाह मस्जिद के पास रहता है। इन सबके बारे में जानकारी जुटाकर पुलिस गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। पुलिस मुफ्ती खालिद और रियाजउद्दीन को तलाश कर रही है। इन दोनों के पकड़े जाने पर कोई बड़ा राज फाश हो सकता है।

### शुरू में जुड़े थे सिर्फ पांच सदस्य

मुफ्ती ने सबसे पहले सूफियान-8 नाम से इंस्टाग्राम पर आईडी बनाई थी। इस आईडी से उसने सबसे पहले समीर रजा, रियाजुद्दीन और शाहबाज समेत पांच सदस्यों को जोड़ा था। इसके बाद इन लोगों ने शहर के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले अपने ही समुदाय के अन्य युवकों को जोड़ा और दल घोषित कर दिया। इस दल में कई लोग पार्कों और अन्य स्थानों पर इसलिए घूमते रहते हैं ताकि यदि उनके समुदाय की कोई लड़की किसी से बात करती है तो उसे रोका जा सके। इसके अलावा ये लोग साम्प्रदायिक सौहार्द भी बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

### प्रदेश स्तर पर तलाशे जा रहे ऐसे संगठन

पुलिस सूत्रों के अनुसार हैदरी दल की जानकारी होने पर लखनऊ डीजीपी मुख्यालय से यह मामला संज्ञान में लिया गया है। हालांकि बरेली में अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। बताया जाता है कि पूरे प्रदेश के पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे लोग पता करें कि हैदरी दल या इससे मिलते-जुलते कितने दल प्रदेश में संचालित कर रहे हैं। उन्हें संचालित करने वाले कौन और कहां के हैं, जिससे ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कार्ययोजना तैयार की जा सके।

# लोन दिलाने का झांसा देकर पांच सौ लोगों से लाखों की ठगी

## आरोपी सोमवार की रात में कार्यालय बंद करके भाग गए, पीड़ितों ने दिन भर किया हंगामा, पुलिस ने भी नहीं सुनी फरियाद

संवाददाता, बरेली/भमोरा


आरोपी के कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते पीड़ित। ● अमृत विचार

- देवचरा में 20 दिन पहले खोला गया था कार्यालय
- 500 लोगों से लिए 3 से 7 हजार रुपये तक कराए थे जमा

**अमृत विचार :** लोन दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने पांच सौ लोगों के साथ लाखों रुपये की ठगी कर ली। इसके बाद आरोपी सोमवार रात को कार्यालय बंद करके फरार हो गए। पीड़ित लोग मंगलवार को जब कार्यालय पर पहुंचे और कार्यालय बंद देखकर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया। पीड़ितों ने थाना भमोरा में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने उल्टा उन्हीं से ही सवाल-जवाब करते हुए भगा दिया।

पीड़ितों ने बताया कि मुरादाबाद निवासी सुरेश और राजस्थान निवासी अरविंद कुमार ने देवचरा में करीब 20 दिन पूर्व उम्मीद फाउंडेशन एंड माइक्रो फाइनेंस के नाम से देवचरा निवासी मोमीन की दुकान में कार्यालय खोला था। कार्यालय में क्षेत्र के ही बल्लिया गांव की दो युवतियां, नकटपुर की एक महिला और दो युवकों को कर्मचारी के रूप में नियुक्ति कर ली। इसके बाद गांव-गांव जाकर आरोपी ने प्रचार शुरू किया कि उनकी कंपनी बेरोजगारों को आधार कार्ड पर कर्ज दे रही है। लालच में फंसकर लोग सुरेश और अरविंद की बातों में फंस गए। इसके बाद प्रत्येक व्यक्ति से लोन की धनराशि के आधार पर 3 हजार से 7 हजार रुपये तक की वसूली कर ली। आरोप है कि सोमवार की रात को कार्यालय बंद करके फरार हो गए। पीड़ित मंगलवार की सुबह जब कार्यालय पर पहुंचे तो वह बंद मिला। इसके बाद लोगों ने जमकर हंगामा किया और थाना भमोरा में तहरीर दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने पीड़ितों को ही फटकार लगाई और उल्टे सवाल जवाब शुरू कर दिए। इसके बाद पीड़ितों को धमकाकर भगा दिया।

### बीमा करने के नाम पर वसूली रकम

लोगों के अनुसार जालसाजों ने बताया कि कर्ज उन्हीं लोगों का होगा जिनका कंपनी द्वारा बीमा किया जाएगा। बीमा न होने पर कर्ज नहीं मिलेगा। 70 हजार के कर्ज पर 3 हजार रुपये का बीमा, 80 हजार पर 3500, एक लाख पर 4000, 1.20 लाख पर पांच हजार व इससे ऊपर 1.60 लाख तक सात हजार रुपये वसूल करता था। आरोपियों ने भमोरा क्षेत्र के गांव वभियाना, मकरंदपुर धाराजित, बल्लिया, बिछुरइया, सांकपुर, देवचरा, रमपुरा बुजर्ग, बिहारीपुर उर्फ शेखूपुर, दलपतपुर आदि गांवों के करीब 500 लोगों से रुपये वसूल किए थे।

### भरोसा जीतने को रखे स्थानीय कर्मचारी

आरोपियों ने कर्मचारी के रूप में स्थानीय लोग रखे, जिससे लोगों पर भरोसा जमाया जा सके। देवचरा के एक व्यक्ति से बोलेरो कार किराये पर ली थी। उस युवक के साथ ही वह क्षेत्र में भ्रमण करते थे। शुरू में आरोपियों ने 10-15 ग्राहकों को सिलाई मशीन, कूलर और मिक्सी उपहार में भी दिए थे। लोगों को बताया कि 9 जून को सभी के खातों में रात तक रुपया पहुंच जाएगा, लेकिन जब 10 जून को भी जब रकम लोगों के खाते में नहीं पहुंची, तब दर्जनों लोग कार्यालय पर जानकारी करने पहुंचे। कार्यालय बंद मिलने पर लोगों को ठगी का अहसास हुआ।

### लोडर में सामान भरकर हुआ फरार

कुछ लोगों ने बताया कि आरोपी सोमवार को देर रात एक लोडर वाहन लेकर आया था। उसी में सामान भरकर भाग गए। कुछ लोगों का कहना है कि आरोपी सुभाषनगर थाना क्षेत्र में सामान लेकर गए हैं। आरोपियों में एक व्यक्ति दिव्यांग बताया जा रहा है। थाना भमोरा में एक युवती ने तहरीर देकर बताया कि आरोपियों ने उन लोगों को बताया कि 14500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। वहीं जो लोग ठगी का शिकार हुए हैं। उन लोगों ने भी थाना भमोरा में तहरीर दी है।

> पीड़ित लोग यदि थाना पर तहरीर देते हैं या मुझसे शिकायत करते हैं तो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। – **नितिन कुमार**, सीओ आंवला

## डिलीवरी ब्वॉय को बातों में उलझाकर आईफोन ले भागा

**बरेली, अमृत विचार :** ग्राहक को मोबाइल देने के लिए गए डिलीवरी ब्वॉय को बातों में उलझाकर बाइक सवार मोबाइल लेकर भाग गया। शिकायत पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने ग्राहक समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हाफिजगंज के रिठौरा निवासी सूरज ने बताया कि वह एक कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय है। 6 जून को शास्वत नामक युवक ने बताया कि मेरे दो आईफोन आए होंगे, उनकी डिलीवरी दे जाओ। शास्वत ने रामगंगा नगर बुलाया, जब वह मोबाइल लेकर पहुंचा, तब शास्वत उससे बातचीत करने लगा। इसी बीच उसका दूसरा साथी आया और मोबाइल लेकर भाग गया। बिथरी चैनपुर पुलिस ने आरोपी शास्वत और उसके साथी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार आरोपी और उसके साथी की तलाश की जा रही है।

# आईएमसी प्रमुख तौकीर के भतीजे पर फायरिंग, बाल-बाल बचे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिलवा पुल के पास बाइक सवार हमलावरों ने चलाई गोली, दरगाह के लोगों में आक्रोश
- हमलावरों की गिरफ्तारी को कोतवाली पहुंचे लोग, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस


कार में गोली लगने की जांच करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा के भतीजे फैज रजा की कार पर मंगलवार रात करीब 11 बजे अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग कर दी, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। गोली उनकी कार को भेदती हुई पार हो गईं। घटना के बाद वह दरगाह पहुचे और पूरी जानकारी दी। इसके बाद दरगाह से जुड़े सैकड़ों लोग कोतवाली पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बताते हैं कि घटना के वक्त फैज रजा दोहना स्थित टोल के पास चाय पीने के लिए गए थे। जैसे ही उनकी कार बिलवा पुल के पास पहुंची वैसे ही बाइक सवार हमलावरों ने अचानक फायरिंग कर दी। गोली चलने से अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही दरगाह से जुड़े सैकड़ों लोग कोतवाली पहुचे और आरोपियों का पता लगाने तथा गिरफ्तारी की मांग की। इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडेय ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। घटना के बाद से लोगों में नाराजगी है। पुलिस ने फैज रजा के घर के आसपास गश्त बढ़ा दी है।


कोतवाली में शिकायत करते हुए।

# किला चावल मंडी में फिर मिले तीन बंदरों के शव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पांच बंदरों के शव सोमवार को मिले थे, तहरीर के बाद किला पुलिस कर रही जांच
- बंदरों का पोस्टमार्टम कराने के बाद रामगंगा किनारे किया गया अंतिम संस्कार

**अमृत विचार :** किला में स्थित चावल मंडी में सोमवार को पांच बंदरों के शव मिले थे। क्षेत्र के लोगों ने किला थाने में तहरीर देकर बताया था कि बंदरों की पीट-पीटकर हत्या की गई है। इस मामले में किला पुलिस जांच कर रही है। इसके बाद मंगलवार को फिर से तीन बंदरों के शव चावल मंडी में मिले हैं। उनका भी पोस्टमार्टम कराने के बाद राम गंगा किनारे अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पीपल फॉर एनिमल (पीएफए) के धीरज पाठक ने बताया कि सोमवार की दोपहर को उन्हें जानकारी मिली थी कि किला चावल मंडी में एक गल्ला व्यापारी की दुकान में पीछे चार-पांच बंदर बेहोश पड़े हैं। सूचना मिलने के बाद वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लोगों की मदद से बंदरों को वहां से निकाला। तब तक चार की मौत हो चुकी थी। एक ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए धीरज पाठक की ओर से किला थाने में तहरीर दी गई थी, जिसमें किला पुलिस जांच कर रही है। पीएफए के धीरज पाठक ने बताया कि मंगलवार की दोपहर को भी चावल मंडी में तीन बंदरों के शव पड़े मिले। उनका आईवीआरआई में पोस्टमार्टम कराने के बाद पीएफए के अर्चित मिश्रा, सूरज मिश्रा, आकाश पाराशरी और अखिलेश मिश्रा समेत अन्य लोगों ने रामगंगा किनारे बंदरों का अंतिम संस्कार कराया। किला इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम में किसी तरह के जहर देने की पुष्टि नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

# लापरवाही बरतने पर दो थाना प्रभारी निलंबित, दो निरीक्षक लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 12 निरीक्षकों को एसएसपी ने किया इधर से उधर

**अमृत विचार :** एसएसपी ने काम में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी भुता भारत सिंह और सिरौली थाना प्रभारी रामरतन सिंह को निलंबित कर दिया है, जबकि थाना प्रभारी सुभाषनगर धर्मेंद्र कुमार और निरीक्षक अपराध फतेहगंज पश्चिमी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी को लाइन हाजिर किया है। इनके अलावा 12 निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया गया है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि थाना प्रभारी भुता भारत सिंह और थाना प्रभारी सिरौली रामरतन सिंह चोरी, नकबजनी की घटनाओं का खुलासा करने में असफल रहे हैं। इसलिए दोनों को निलंबित किया गया है। वहीं थाना प्रभारी सुभाषनगर मासिक मूल्यांकन प्रणाली में चार महीने में तीन बार अंतिम रैंक पर रह रहे हैं। इसलिए उन्हें रिजर्व पुलिस लाइन भेजा गया है। निरीक्षक अपराध फतेहगंज पश्चिमी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी अपराधियों पर कार्रवाई में शिथिलता बरतते हुए पाए गए और उन्हें भी पुलिस लाइन भेजा गया है।

### इनका किया गया फेरबदल

इसके अलावा एसएसपी ने थाना इज्जतनगर के निरीक्षण अपराध रविंद्र कुमार को थाना प्रभारी भुता बनायाहै। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी को एएचटी का चार्ज सौंपा गया है। एएचटी में तैनात निरीक्षक जगत सिंह को थाना प्रभारी सिरौली, चंद्र प्रकाश शुक्ला को थाना प्रभारी बिथरी चैनपुर, थाना प्रभारी बिथरी चैनपुर को थाना प्रभारी सीबीगंज बनाया गया है। वहीं थाना प्रभारी सीबीगंज सुरेश चंद्र गौतम को थाना प्रभारी किला, थाना प्रभारी किला राजेश कुमार को शेरगढ़ थाने का प्रभारी बनाया गया है। थानाध्यक्ष शेरगढ़ आशुतोष द्विवेदी को थाना प्रभारी देवरनियां, थाना प्रभारी देवरनियां दिनेश कुमार शर्मा को साइबर थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात अरुण श्रीवास्तव को थाना प्रभारी सुभाषनगर और थाना भमोरा के निरीक्षक अपराध राजकुमार शर्मा को वहीं पर थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात सुरेंद्र पाल सिंह को निरीक्षक अपराध फतेहगंज पश्चिमी का चार्ज दिया गया है।

## इंस्टाग्राम पर युवती की फर्जी आईडी बनाकर कर रहा बदनाम

**कैंट, अमृत विचार :** एक शोहदा युवती के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसे बदनाम कर रहा है। युवती का रिश्ता तय हो चुका है। आरोपी युवती के बुआ के बेटे से संबंध होने की फर्जी कहानी लड़का पक्ष से कह रहा है। इसकी वजह से लड़का पक्ष ने युवती से शादी करने से इन्कार कर दिया है। युवती की मां ने मामले की शिकायत एसएसपी अनुराग आर्य से की। एसएसपी के आदेश पर कैंट पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सेना के हवलदार की पत्नी के हत्यारे सिग्नलमैन को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, बरेली

- कोर्ट ने 22 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया



**अमृत विचार :** सेना में हवलदार की पत्नी की 2 वर्ष पूर्व गला काटकर हत्या करने के मामले में गाजीपुर थाना सादात ग्राम मझोली निवासी सेना के सिग्नलमैन नितीश पाण्डेय को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश विजेन्द्र त्रिपाठी ने आजीवन कारावास और 22 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी।

सरकारी वकील हेमेंद्र गंगवार ने बताया कि यूबी एरिया सिग्नल रेजीमेंट कैण्ट में तैनात वादी मुकदमा मेजर अनुभव मलिक ने थानाध्यक्ष कैण्ट को तहरीर देकर बताया कि 13 मार्च 2023 को दिन में 2 बजे सूचना मिली कि आईबीजीएच लाइन के क्वार्टर नंम्बर 52/सी में रहने वाले वाले हवलदार मनोज सेनापति की पत्नी सुदेशना सेनापति (27) वह दिन में 9 बजे के करीब तक बाहर देखी गयी थी, जब उसकी 7 वर्षीय बच्ची स्कूल से वापस आयी और अपने कमरे में गयी तो रोते हुए कमरे से वापस बाहर आयी। उसने बाहर आकर महिलाओं को बताया कि मम्मी का गला कटा पड़ा है। सूचना पर यह व अन्य अफसर मौके पर पहुंचे और देखा कि सुदेशना की किसी व्यक्ति ने धारदार हथियार से गर्दन में कई वार कर हत्या कर दी है। उनके पति मनोज यूबी एरिया सिग्नल रेजीमेंट में हुवलदार के पद पर नियुक्त हैं। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध घर में घुसकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में आरोपी का नाम प्रकाश में लाकर साक्ष्य जुटाकर आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने 7 वर्षीय बच्ची समेत 9 गवाह कोर्ट में पेश किये।

### मृतका की सात वर्षीय बेटी और पति की गवाही बनी सजा का आधार

मृतका की 7 वर्षीय बेटी अनीजा ने अदालत में बताया कि जिस दिन घटना हुई थी सुबह 8:30 बजे स्कूल गयी थी और वह दो बजे वापस आ गयी थी। जब वह स्कूल से घर आयी और कमरे में गयी तब उसने देखा कि उसकी मम्मी सुदेशना सेनापति बेड पर कम्बल ओढे.थी। उसने कम्बल हटाया, लेकिन मम्मी नहीं उठीं। इसके बाद उसने देखा कि मम्मी का गला कटा है और गर्दन से खून बह रहा था। जब वह स्कूल से दोपहर में आयी थी, तब नितेश पाण्डेय उसके घर से तेज कदमों से निकल कर जा रहा था। नितेश पाण्डेय उसके घर के पास में ही रहता है और पापा के साथ नौकरी करता है। मृतका के पति मनोज सेनापति ने अपने बयान में बताया कि वह यूबी एरिया सिग्नल रेजीमेंट में हवलदार के पद पर तैनात था और जाट रेजीमेंट आवासीय कालोनी में परिवार के साथ रहता था। पड़ोस में नितेश पाण्डेय रहता था, जो सिग्नल मैन के पद पर उसके साथ ही कार्यरत था, जिससे उसका परिवार को लेकर झगडा हुआ था। उसने कई बार उसे व पत्नी बच्ची को जान से मारने की धमकी दी थी। 13 मार्च 2023 को वह ड्यूटी पर तैनात था। घटना के समय लगभग 1 से सवा सवा दो बजे के बीच किसी ने फोन से सूचना दी थी कि पत्नी की हत्या हो गयी है। पत्नी की हत्या नितेश ने दुश्मनी के कारण की थी।

## युवक की हत्या में दो भाइयों समेत पांच को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

- सात साल पहले फरीदपुर में रास्ता रोककर किया था हमला

**अमृत विचार:** सात साल पहले युवक की हत्या के आरोपी थाना बहेड़ी के गांव गुलाबनगर निवासी राजवीर, भाई गिरंद, मैक सिंह, नरसिंह, रमेश को परीक्षण में कोर्ट ने दोषी पाया। अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने सभी को सश्रम आजीवन कारावास और प्रत्येक को 20-20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की पूरी रकम मृतक की पत्नी और बच्चों को बतौर मुआवजा दी जाएगी। महेन्द्र सिंह ने थाना फरीदपुर में तहरीर देकर बताया था कि 29 सितंबर 2018 को करीब 2 बजे उसका भाई रामकिशोर अपने खेत की तरफ से आ रहा था, तभी नरसिंह का लड़का उसके भाई को देखकर गालीगलौज करने लगा। गाली देने से मना किया तो पहले से घात लगाए आरोपी उसके भाई के साथ मारपीट करने लगे। नरसिंह, रमेश, मैक, गिरंद और राजवीर ने लाठी-डंडा, बंदूक और भाला से उसके भाई पर प्रहार किए। पुलिस ने हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज की थी। 9 अक्टूबर 2018 को रामकिशोर की अस्पताल में मौत हो गई तो मामला हत्या में तरमीम कर दिया। विवेचना के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या की धारा में आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने नौ गवाह, 16 सबूत पेश किए।

## कोर्ट ने डीजीपी को दिया वारंट तामिल कराने का निर्देश

विधि संवाददाता, बरेली

- जमानती वारंट तामिल न होने पर जताई नाराजगी
- अब 24 को सुनवाई, चार वर्ष पुराना है चेक बाउंस का मामला

**अमृत विचार:** चेक बाउंस के 4 वर्ष पुराने मामले में पुलिस द्वारा जमानती वारण्ट तामिल न कराये जाने पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमित कुमार ने पुलिस महानिदेशक लखनऊ को आदेश की प्रति भेजकर वारंट निष्पादन में उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त कर अभियुक्त के विरुद्ध वारण्ट तामिल कराने का निर्देश दिया है। सुनवाई को 24 जून की तिथि नियत की है।

वादी मुकदमा संजय नगर निवासी नन्द किशोर सागर के वकील संतोष कुमार मौर्य और विवेक कुमार सागर ने बताया कि वादी से बदायूं सिविल लाइंस मोहल्ला पनवाड़ी निवासी सेवानिवृत्त स्वास्थ्य अधिकारी राजू कश्यप ने अपनी पत्नी के इलाज के लिए 3 लाख रुपये उधार लिये थे। उधारी का तगादा किया तो 7 अप्रैल 2021 को तीन लाख रुपये का चेक दिया। बैंक में चेक लगाया तो खाते में रकम न होने के कारण चेक बाउंस हो गया। नोटिस मिलने के बाद भी रकम नहीं लौटायी। कोर्ट ने 23 जुलाई 2024 को पुलिस अधीक्षक बदायूं को जमानती वारण्ट भेजा मगर अधिकारी द्वारा भी वारण्ट निष्पादन में उदासीनता बरती गयी।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
• गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# अब नहीं हटेगा टेंट, ओपीडी में रखवाए जाएंगे वाटर कूलर

## जिला अस्पताल में टेंट हटवाने का अधिकारियों ने लिया संज्ञान

इम्पैक्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल परिसर में लगाया गया टैंट। • अमृत विचार


टेंट लगाने का एकदिनी शो खत्म, भीषण गर्मी में धूप से मरीज बेहाल

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल में भीषण गर्मी में पर्चा काउंटर पर परेशान होने वाले मरीजों को अब राहत मिलेगी। अब काउंटर के बाहर लगाया गया टेंट नहीं हटाया जाएगा। शुक्रवार को टेंट लगवाया गया था लेकिन अगले ही दिन इसके हटाने से मरीज परेशान हो गए थे। अमृत विचार ने समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया तो अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेकर मंगलवार को फिर से टेंट लगवा दिया।

अधिकांश मरीज पर्चा बनवाने के बाद ओपीडी में डॉक्टर को दिखाने के लिए लाइन में लगते हैं। इस दौरान गर्मी में प्यास लगने पर उन्हें लाइन से हटकर आरओ से पानी पीने जाना पड़ता है और वापस आने पर लाइन में लगने पर दूसरे मरीज विरोध करते हैं। इस तरह की शिकायतें एडीएसआईसी के पास पहुंची तो उन्होंने अधीनस्थों को बुधवार से ओपीडी में जगह-जगह वाटर कूलर रखवाने के निर्देश दिए हैं। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि किसी कारण वश टेंट हटा था लेकिन अब गर्मी के प्रकोप तक टेंट लगा रहेगा। वहीं गर्मी से मरीजों के बचाव के लिए अन्य संसाधन भी बढ़ाए जा रहे हैं।

## इमरजेंसी वार्ड में भी डायरिया मरीजों की भरमार

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डायरिया रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। आंकड़े भी यही बता रहे हैं। हर रोज 15 से 20 डायरिया रोगी भर्ती हो रहे हैं। वहीं, ओपीडी में भी ऐसे मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मंगलवार को भी इमरजेंसी में 15 से अधिक डायरिया रोगी भर्ती हुए थे, इनमें बच्चे भी शामिल हैं।

डायरिया वार्ड में 12 बेड थे। रोगियों की संख्या बढ़ी तो बेड कम पड़ गए। इस पर पांच अतिरिक्त बेड बढ़ाए गए लेकिन अब ये बेड भी कम पड़ गए। वर्तमान समय में एक-एक बेड पर दो-दो मरीज भर्ती करने करने की स्थिति बनी हुई है। अब वार्ड में बेड डालने को स्थान भी नहीं बचा है। इसकी वजह से इमरजेंसी वार्ड में ही मरीजों को भर्ती किया जा रहा है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

शुद्ध पानी पीते रहें, ताजा भोजन खाएं, चाय, कॉफी, चॉकलेट आदि के सेवन से बचें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें, खुले में रखे कटे हुए फल न खाएं, धूप से आकर फ्रिज का ठंडा पानी न पीएं, मसालेदार व चटपटी चीजों से परहेज करें आदि।

# बरेली में कोविड पॉजिटिव का मचा शोर, मरीज निकला रायबरेली का

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• शासन से बरेली आईडीएसपी को मिली रिपोर्ट, सर्विलांस कर भेजी रिपोर्ट तो पोर्टल से हटा नाम

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में मंगलवार को दोपहर अचानक खलबली मच गई। शासन से आईडीएसपी को सूचना मिली कि बरेली निवासी एक युवती कोरोना संक्रमित मिली है। आईडीएसपी की टीम ने मरीज के नाम और निवास स्थान संबंधी जानकारी जुटाई तो करीब एक घंटे बाद पता चला कि मरीज बरेली नहीं बल्कि रायबरेली की है। इसके बाद स्टेट को रिपोर्ट भेजी गई तो पोर्टल से बरेली से मरीज का नाम हटाया गया। हालांकि अब तक जिले में एक भी कोरोना का कोई नया मामला सामने नहीं आया है।

शासन स्तर पर कोविड पोर्टल पर बरेली में एक महिला कोरोना संक्रमित संबंधित ब्योरा दर्ज कर दिया गया, लेकिन जब जांच के बाद मामला रायबरेली जिले का निकला तो देर शाम पोर्टल से मरीज का नाम बरेली से हटाकर रायबरेली जिले में दर्ज कर दिया गया।

**ओपीडी में होगा शारीरिक दूरी का पालन, बनेगी डेस्क**

कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते जिला अस्पताल स्थित लैब में कोरोना जांचें शुरू कर दी गई हैं। वहीं अब ओपीडी में भी कोविड गाइडलाइन का पालन कराने की योजना बनी है। इसके अलावा ओपीडी में एक डेस्क स्थापित होगी जिस पर तैनात टीम मरीजों को शारीरिक दूरी का पालन कराने के साथ ही हाथ सैनेटाइज भी कराएगी। वहीं मास्क भी मरीजों को वितरित किए जाएंगे। जिससे मरीजों को कोविड से बचाव हो सके।

# विकास कार्यों की रैंकिंग में जिला पहले स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• सीएम डैशबोर्ड की मई की संयुक्त रैंकिंग में प्रदेश में चौथे स्थान पर पहुंचा जिला

**अमृत विचार :** सीएम डैशबोर्ड की मई की रैंकिंग में जिला विकास कार्यों में प्रदेश में पहले स्थान पर आया है। वहीं विकास और राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में भी जिले को प्रदेश में चौथा स्थान मिला है। इसके अलावा राजस्व कार्यों में 12वां स्थान प्राप्त हुआ है।

वहीं अप्रैल में जिला प्रदेश में विकास कार्यों 11वें स्थान और राजस्व कार्यों में 21वें स्थान पर था। इसके अलावा विकास और राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में 14वें स्थान पर था। इसमें जिले ने एक माह में 10 रैंक की छलांग लगाई है।

डीएम अविनाश सिंह के प्रयास और लगातार समीक्षा और सख्ती से बेहतर रैंक मिली है। डीएम ने अफसरों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी तरह से प्रगति बनाए रखने पर जोर दिया है।

## उप समिति की समीक्षा बैठक के लिए सभी विभाग करें तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** विधानसभा की उप समिति की 12 जून को होने वाली समीक्षा बैठक की तैयारियों के लिए मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय कर दी हैं। सभी विभाग अपनी तैयारी समय से पूरी कर लें। जिन विभागों के साथ उप समिति बैठक करेगी, वे विभाग समीक्षा में शामिल होने वाले मामलों की जानकारियां एकत्रित कर लें। उप समिति की बैठक में राज्य कर विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग समेत अन्य विभाग शामिल किया गया है

# जनसुनवाई में 15 फरियादियों ने लगाई गुहार, मिली सिर्फ आश्वासन की घुट्टी



नगर निगम के मीटिंग हॉल में जनसुनवाई में समस्याएं सुनते अधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार:** नगर निगम में मंगलवार को जनसुनवाई में संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव ने लोगों की फरियाद सुनी। इस दौरान कई मामले आए, जिसे सुनकर अफसरों ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

नगर निगम के मीटिंग हाल में आयोजित जनसुनवाई में कई वार्डों के 15 लोगों ने प्रार्थना पत्र दिए। वार्ड 62 चकमहमूद निवासी मोती लाल प्रजापति ने वार्ड में पुराने कुएं की मरम्मत की गुहार लगाई। वार्ड-12 शांति विहार निवासी सुवारिक हुसैन ने प्रधानमंत्री आवास के लिए गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि आवास न होने के कारण काफी दिक्कत हो रही है। पुराने शहर निवासी अशफाक ने मोहल्ले में सफाई न होने की शिकायत की। बमनपुरी निवासी अनुज ने सड़क निर्माण की मांग की। इस पर मौजूद अधिकारियों ने संबंधित विभागों को प्रार्थना पत्र भेजकर समस्या के निदान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी प्रदीप मिश्र, उप नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता राजीव राठी आदि मौजूद रहे।

## परिवहन निगम : 57 मृतक आश्रितों को नौकरी का इंतजार

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन निगम में मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मृतक आश्रित सेवा नियमावली के तहत आश्रितों को केवल परिचालक पद पर नियुक्त किए जाने की प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है।

ऐसे में बरेली रीजन के 57 मृतक आश्रितों का इंतजार बढ़ गया है। अधिकारियों के मुताबिक भर्ती केवल परिचालक पद पर की जानी थी। दो महीने पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन निगम के प्रदेश के कुल 1165 मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर जल्द नौकरी देने का प्रस्ताव पारित किया था। इस बीच दो याची हाईकोर्ट चले गए। योग्यता के आधार पर चयन न किए जाने की दलील रखी। जिसके बाद नियुक्ति प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

# अष्टधातु से बनी छह फुट ऊंची बुद्ध प्रतिमा का हुआ अनावरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण करते अतिथि। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय बौद्ध धम्म दर्शन सार सोसायटी एवं अनुसंधान केंद्र की ओर से मंगलवार को चंद्रमणि बुद्ध विहार का उद्घाटन और छह फुट ऊंची अष्टधातु से बनी भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. गगन मलिक फाउंडेशन के संस्थापक एवं पूर्व अभिनेता गगन मलिक, मोहन राव वाकोडे रहे। कार्यक्रम में कपिलवस्तु, नेपाल, हरदोई, मेरठ आदि स्थानों के बौद्ध भिक्षु शामिल हुए।

डॉ. राजेश चंद्र ने प्रतिमा का अनावरण कराया। मुख्य अतिथि ने कहा कि भगवान बुद्ध का धम्म एक अच्छा इंसान बनना सिखाता है। डॉ. एमके अतोनी ने बताया कि किसी धम्म की पहचान उसके धार्मिक स्थलों से होती है। इस दौरान भन्ते प्रज्ञा रश्मि, अमित प्रिय कपिलवस्तु, अंगुलीमाल आदि ने भी विचार रखे।

डॉ. भीमराव आंबेडकर, भगवान बुद्ध से जुड़ी किताबें, मूर्तियों के भी स्टाल लगाए गए। संस्था के सचिव कपिल ने बताया कि यह बुद्ध विहार की इमारत बाबा साहेब को समर्पित है और उनकी मऊ में बनी जन्म स्थली से मिलती है। संस्था के अध्यक्ष जागन सिंह, राकेश, सचिव कपिल रत्न, महासचिव ओमप्रकाश बौद्ध, उपाध्यक्ष रामपाल सिंह मौर्य आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

## खेत में तालाब खुदवाइए, कृषि विभाग से अनुदान पाइए

**बरेली, अमृत विचार :** खेत तालाब योजना के तहत खेत में तालाब खुदवाने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कृषि विभाग के भूमि संरक्षण अनुभाग को 54 खेत तालाबों का लक्ष्य मिला है। किसानों का चयन प्रथम आवक प्रथम पावक सिद्धांत पर किया जाएगा। भूमि संरक्षण अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि किसान खेत तालाब में संचित वर्षा जल का उपयोग आसपास के खेतों में फसलों की सिंचाई के साथ ही तालाब में मछली पालन और सिंघाड़ा उत्पादन में करते हुए अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को कुल लागत का 50 प्रतिशत यानी 52,500 रुपये तक का अनुदान मिलेगा। तालाब का आकार 22x20x3 मीटर निर्धारित किया गया है। किसानों को कृषि विभाग की वेबसाइट upagriculture.up.gov.in पर पंजीकरण कराना होगा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# छह हजार नौकरियां देने के लिए लगेगा रोजगार मेला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• 13 जून को फ्यूचर यूनिवर्सिटी में सेवायोजन विभाग लगाएगा रोजगार मेला
• 100 कंपनियां करेंगी प्रतिभाग आठ हजार युवाओं के आने की है संभावना

**अमृत विचार :** सेवायोजन विभाग की ओर से 13 जून को फ्यूचर यूनिवर्सिटी में वृहद रोजगार मेला आयोजित कराया जाएगा। इसमें करीब छह हजार युवाओं को नौकरियां देने का विभाग ने लक्ष्य रखा है। रोजगार मेले को सफल बनाने के लिए अधिकारी तैयारी में विभाग जुट गए हैं।

कार्यक्रम स्थल का चयन होने के बाद मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह की ओर से रोजगार मेले में सहयोग के लिए अलग-अलग 13 विभागों को पत्र जारी कर व्यवस्थाएं कराने के आदेश दिए हैं। सहायक निदेशक सेवायोजन त्रिभुवन सिंह ने बताया कि फ्यूचर युनिवर्सिटी और विभाग के संयुक्त प्रयास से वृहद रोजगार सुबह 10 बजे से शुरू होगा। मेले में 100 से ज्यादा कंपनियों युवाओं का साक्षात्कार लेने के लिए उपलब्ध रहेंगी। करीब छह हजार बेरोजगारों को नौकरियां दिलाने का लक्ष्य है। मेले में आठ हजार से ज्यादा बेरोजगार युवक-युवतियों के प्रतिभाग करने की संभावना है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में मेले में प्रतिभाग करने को कहा है। मेले में ग्रेजुएट, बीटेक, एमटेक, एमबीए, बीबीए, डी फार्मा, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, पोस्ट ग्रेजुएट कर चुके युवा प्रतिभाग के लिए आ सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### आशाओं ने सुविधा शुल्क मांगने का लगाया आरोप



**बरेली, अमृत विचार :** आशा संघ की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि संस्थागत प्रसव का ग्राफ कैसे बढ़ेगा, क्योंकि हम लोग जब मरीज लेकर स्वास्थ्य केंद्रों पर जाते हैं तो स्टाफ इलाज शुरू करने से पहले ही सुविधा शुल्क की मांग करता है। इसकी वजह से मरीज सरकारी अस्पतालों में जाने से कतरा रहे हैं। संघ की जिलाध्यक्ष रामश्री गंगवार ने सीएमओ को बताया कि टीबी, पोलियो समेत अन्य कार्यक्रम में पूरी लगन और कर्मठता से कार्यकर्ता कार्य कर रहीं हैं लेकिन उनके बिल बाउचर के भुगतान से पहले स्टाफ सुविधा शुल्क लेता है। वहीं कई माह से मानदेय भी लंबित है। सीएमओ ने जल्द से जल्द मानदेय जारी कराने के साथ ही अन्य समस्याओं का निस्तारण कराने का भी आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में आमना बेगम, सीमा, अनीता समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहीं।

### गुरुद्वारे में कीर्तन गायन किया



**बरेली, अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब जनकपुरी में मंगलवार सुबह इंद्रजीत सिंह ने कीर्तन किया। शाम को दीवान की शुरुआत हुई। जिसमें पहले हजूरी रागी सतवंत सिंह ने कीर्तन गायन किया। इसके बाद प्रचारक मनजिंदर सिंह ने संगत को गुरु साहिब के इतिहास से रूबरू करवाया। सुखनिन्दर सिंह ने संगत में ऐसा जोश भरा कि पूरा हाल जयकारों से गूंज उठा। संगत ने गुरु का लंगर ग्रहण किया। मुख्य सेवादार हर नाम सिंह, रमिंद्र सिंह, रणजीत सिंह, निरमान सिंह बग्गा, परमजीत सिंह दुआ, हरविंदर सिंह, रविन्द्र सिंह बग्गा, रविन्द्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला



**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मंगलवार को समर कैंप के समापन पर रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला का आयोजन हुआ। उप प्रधानाचार्या अनु पाराशरी ने कहा कि आज की बेटियां तकनीकी दुनिया में आगे बढ़कर आत्मनिर्भरता और सुरक्षा दोनों का प्रतीक बन रही हैं। कार्यशाला का तकनीकी नेतृत्व रोबोटिक्स और कंप्यूटर साइंस विशेषज्ञ देवांश सारस्वत ने किया। उन्होंने छात्राओं को सेंसर्स, रोबोटिक्स के सिद्धांत, कोडिंग और महिला सुरक्षा प्रोजेक्ट्स की लाइव ट्रेनिंग और डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने छात्राओं को एआई की अवधारणा व इसके भविष्य के प्रयोग पर जानकारी दी। छात्राओं ने अल्ट्रासोनिक सेंसर आधारित स्मार्ट डस्टबिन, मोबाइल ऑपरेटेड रोबोट कार, महिला सुरक्षा से जुड़े नवाचार प्रोजेक्ट्स बनाकर स्वयं उनका संचालन करना सीखा। संचालन कैंप प्रभारी अर्चना राजपूत ने किया।

# अंतिम बड़े मंगल पर मंदिरों में सुंदरकांड का पाठ किया

## जेठ में बड़े मंगलवार को मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, कई जगह भंडारा हुआ, राहगीरों को शरबत का वितरण किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जेठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया। प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कई जगहों पर भंडारा हुआ और प्याऊ लगाकर राहगीरों को शरबत बांटा गया।

सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर, बड़ा बाग हनुमान मंदिर, करगैना स्थित बालाजी मंदिर, श्री हरि मंदिर, टीबरी नाथ मंदिर, अलखनाथ मंदिर आदि जगहों पर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जगह जगह प्याऊ भी लगाए गए।

जहां लोगों ने राहगीरों को पानी व शरबत पिलाया। कुछ जगहों पर खिचड़ी व अन्य सामग्री बांटी गई। साईं मंदिर हरूनगला, रामपुर बाग आदि स्थानों पर खिचड़ी, फल, पूड़ी-सब्जी का वितरण किया गया। वहीं, शाम को मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन हुआ।



सिविल लाइंस हनुमान मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



बड़ा बाग हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते लोग। ● अमृत विचार

### शिक्षिकाओं ने किया सामूहिक भंडारा



**बरेली, अमृत विचार :** जेठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार को उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ने श्री टीबरीनाथ मंदिर में सामूहिक भंडारे का आयोजन किया। जहां सांसद छत्रपाल गंगवार ने पहुंचकर शिक्षिकाओं के कार्य की प्रशंसा करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। अध्यक्ष सुलोचना मौर्या और जिलाध्यक्ष प्रवेश कुमारी यादव की अगुवाई में यह आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अनिल कुमार सक्सेना, शिक्षिका संगीता मित्तल, राखी सक्सेना, दीपाली सक्सेना, नीतू अग्रवाल, शैली कपूर, आयुष बंसल, सुमन माथुर, श्वेता गोयल, मोना सिंह, रेनू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### हनुमानजी का पूजन किया



**बरेली, अमृत विचार :** जेठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार को श्री हरि मंदिर में हनुमानजी का श्रृंगार और पूजन किया गया। मंदिर समिति के सदस्यों ने राहगीरों को शरबत का वितरण किया। शाम के सत्र में महिला मंडल ने सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिर के महिला व पुरुष दोनों संगठनों ने भजन गाए। सौरभ ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा, गोविंद तनेजा, तुषार छाबड़ा, दीपक साहनी, सीमा तनेजा आदि मौजूद रहे।

### तहसील परिसर में शरबत का वितरण

**बरेली, अमृत विचार :** जेठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार पर तहसील सदर परिसर में पहुंचे फरियादियों को गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए शरबत का वितरण किया गया। शशांक शेखर, योगेंद्र आजाद, ऋषि कुमार, रमेश कुमार, आशीष कुमार दीक्षित, मनोज पाल, लकी सक्सेना, मेहराज आलम, संजय गुल्यानी, फारुख, दीपक शर्मा, पंकज राठौर, तन्मय अरोरा आदि का विशेष सहयोग रहा।

### आइसक्रीम और जलजीरा का वितरण किया

**बरेली, अमृत विचार :** मोहल्ला आलमगीरी में आचार्य जनार्दन पांडे और उनके सहयोगियों ने मंगलवार सुबह राहगीरों को जलजीरा और शरबत का वितरण किया। शाम को आइसक्रीम का वितरण किया गया। इस दौरान भजन गायक जगदीश भाटिया, राकेश खंडेलवाल, विवेक खंडेलवाल, वेद प्रकाश, मांगू लाल व अन्य उपस्थित रहे।

### मंदिर में किया प्रसाद वितरण



**बरेली, अमृत विचार :** बड़ा बाग स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में दीक्षा वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अनिल कुमार और डॉ. विनोद पागरानी रहे। सोसायटी की अध्यक्ष नंदा राणा, विनोद गंगवार, सरस्वती राणा, संजय शर्मा, प्रतेश पांडे, बृजेश सक्सेना, रामकृष्ण गुप्ता, लकी कश्यप, प्रगति कादयान, निशिथ कुमार, वंदना कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं को शीतल जल और शरबत बांटा



**बरेली, अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के पांचवें मंगलवार को बड़ा बाग हनुमान मंदिर में गांधी पुरम जन कल्याण सेवा समिति की ओर से श्रद्धालुओं को ठंडा जल और शरबत का वितरण किया गया। इस दौरान अनिल सक्सेना, संदीप अग्रवाल, मिनटू, आशीष अग्रवाल, दिनेश चन्द्र जौहरी, बनारसी दास, मोहन भट्ट, राजीव सक्सेना, रचित सक्सेना, पार्षद रामपाल गंगवार, तुलाराम आदि मौजूद रहे।

# सुंदरकांड पाठ एवं भक्ति संध्या आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** एक उम्मीद संस्था की ओर से जेठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर बड़ा बाग हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भक्ति संध्या का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुई। हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया। फूलों से अलंकृत किया गया। लोक गायिका शिप्रा पाठक ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। संस्थापक अमिता अग्रवाल ने बताया कि संस्था प्रत्येक बड़े मंगल पर सामाजिक व आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन करती है। इस दौरान राधा सिंह, मन्नो विग, नीलू महंनदिरता, रेनू महाजन मौजूद रहीं।

### हनुमान की महिमा का किया बखान



**बरेली, अमृत विचार :** आनंद आश्रम में ज्येष्ठ मास के अंतिम बड़े मंगलवार पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां हनुमानजी की महिमा का बखान करते हुए बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर ने कहा कि हनुमान चालीसा के पठन-पाठन के साथ उसे जीवन में आत्मसात करें। संगीतज्ञ उमेश चंद्र गुप्ता, बृजेश कुमार, पूरनलाल, पंकज अग्रवाल, अनिल कुमार अग्रवाल, प्रेमशंकर अग्रवाल, नरसिंह मोदी, शशिकांत मोदी, रजनीश अग्रवाल, छत्रपाल शर्मा, देश दीपक शर्मा, सचिन शास्त्री आदि उपस्थित रहे।



बाग बृगटान में जगन्नाथ मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार




## सार-संक्षेप


### गोवर्धन और अन्नकूट महोत्सव का किया वर्णन



**बरेली, अमृत विचार :** श्री रामायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन मंगलवार को आचार्य शशांक भारद्वाज ने गोवर्धन पूजा और भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। गोवर्धन पूजा के बाद अन्नकूट महोत्सव में छप्पन भोग लगाया गया। आचार्य ने बताया अन्नकूट महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण को नए अनाज का भोग लगाया जाता है, जो इस दिन छप्पन भोग के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान कमलेश, राम सेवक भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### काम पर विजय प्राप्त करने की कथा महारास : रमाकांत





**बरेली, अमृत विचार :** संजयनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन मंगलवार को आचार्य रमाकांत दीक्षित ने महारास लीला और श्री कृष्ण- रुकमणी के विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। इन गीतों को गाने से भव पार हो जाता है। रास जीव का शिव से मिलन की कथा है। यह काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस मौके पर श्रीकृष्ण- रुकमणी विवाह की सुंदर झांकी निकाली गईं। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। अरविंद अग्रवाल, यश अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपेश अग्रवाल, विष्णु शुक्ला, देव दीक्षित, अनुराग अवस्थी, प्रवीण अग्रवाल, विवेक मित्तल आदि लोग मौजूद रहे।

### श्री बालाजी धाम में सुंदरकांड का पाठ किया

**कैंट, अमृत विचार :** एमईएस कॉलोनी फेज 2, सौ फिटा रोड स्थित मंदिर श्री बालाजी धाम में भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। पाठ के बाद श्री बालाजी महाराज का दरबार लगाया गया। इसके बाद महाआरती और भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के महंत अनिल अग्रवाल और केपी सिंह ने बताया ज्येष्ठ मास के प्रत्येक मंगलवार पर मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ किए जा रहे हैं। इस दौरान पंडित पवन पाठक शास्त्री, श्रेयांश अग्रवाल, सुशील यादव, अनुपम गोयल, लखन लाल राजपूत, सुनील गुप्ता, सुशील यादव, रितेश श्रीवास्तव, दीपक वर्मा, संजय अग्रवाल, राज ठाकुर पंडित हरिओम शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# छह साल नहीं ली सुध अब नहीं मिलेगा आयुष्मान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पात्रता सूची में शामिल लोगों ने 6 साल तक आयुष्मान कार्ड बनवाने में नहीं ली सुध**
- **अब शासन स्तर से ही ऐसे पात्र लाभार्थियों की आईडी पोर्टल से कर दी गईं निरस्त**

**अमृत विचार :** प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज देने में बरेली जिला पहले स्थान पर काबिज है। इसके साथ ही लगातार पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है, लेकिन हैरान करने वाली बात ये है कि जिले में ऐसे भी पात्र लाभार्थी हैं जिन्होंने सालों से कार्ड बनवाने का प्रयास तक नहीं किया है।

ऐसे लाभार्थियों की आईडी शासन स्तर से ही निरस्त कर दी गई है। हालांकि ऐसे कितने लाभार्थी है जिनकी आईडी निरस्त हुई है, इसकी संख्या स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है।

आयुष्मान योजना के जिला समन्वयक डॉ. अनुराग अग्रवाल के अनुसार शासन ने वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर सभी जिलों के योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों की सूची विभागों को भेजी थी। ऐसे लाभार्थी जिनके परिवार के एक भी सदस्य ने बीते करीब 6 सालों में विभाग से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है, उन्हें शासन स्तर से ही पात्रता से बाहर कर दिया गया है।

### जिले में 5 लाख लाभार्थियों को मिला इलाज

आयुष्मान योजना के जिला समन्वयक डॉ. अनुराग अग्रवाल के अनुसार जिले में योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की संख्या 147700 है, वहीं अब तक 12 लाख के करीब लाभार्थियों के कार्ड निर्गत कर दिए गए हैं। अब तक 5 लाख मरीज योजना के अंतर्गत इलाज भी करा चुके हैं।

# एलएलबी की परीक्षा में तीन नकलची पकड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एलएलबी की सेमेस्टर परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं । पहले दिन परीक्षा के दौरान बरेली कॉलेज में दो और रुविवि में एक परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया।

चीफ प्रॉक्टर प्रो आलोक खरे ने बताया कि बरेली कॉलेज में 1300 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। यहां क्लासिक लॉ कॉलेज, मोहन लॉ कॉलेज और सिल्वर लॉ कॉलेज के छात्रों का परीक्षा केंद्र रहा। मंगलवार को एलएलबी के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा हुई। परीक्षा में एक विद्यार्थी आधा घंटे की देरी से पहुंचा। परीक्षा के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड ने दो छात्रों को पर्ची से नकल करते हुए पकड़ा। वहीं, रुविवि में भी एक परीक्षार्थी पर्ची से नकल करते हुए पकड़ा गया। तीनों को यूएफएम में बुक किया गया।



बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा देते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

- **बरेली कॉलेज और रुविवि में आयोजित हुई परीक्षा**




# कॉलेज में सीटें फुल हों तो इग्नू से करें कोर्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अगर आप स्नातक या परास्नातक कोर्स करना चाहते हैं और सरकारी महाविद्यालय में सीट नहीं मिल रही है तो परेशान न हों। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) आपको पत्राचार के माध्यम से कई कोर्स करने का मौका दे रहा है। प्रवेश प्रक्रिया 6 जून से शुरू हो गई है।

बरेली कॉलेज के इग्नू स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर प्रो वंदना शर्मा ने बताया कि में इग्नू की ओर से वर्तमान में लगभग 56 कोर्स संचालित हो रहे हैं। जिसमें स्नातक में बीए, बीए ऑनर्स, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीएससी, बीएससी ऑनर्स भी है।

इसके अलावा बैचलर ऑफ सोशल वर्क (बीएसडब्ल्यू), परास्नातक में एमए और एम कॉम भी संचालित होते हैं। स्नातकोत्तर में जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन कराया जाता है।

एक साल का पोस्ट ग्रेजुएशन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (पीजीजेएमसी) और तीन साल का बीजेएमसी डिप्लोमा भी है। कंप्यूटर कोर्स में बीसीए और एमसीए भी कराया जाता है।

- **स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा कोर्स की सुविधा**
- **6 जून से शुरू हो चुकी है विभिन्न कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया**

### निशुल्क सीखें 13 भाषा

कोऑर्डिनेटर प्रो वंदना ने बताया कि इग्नू स्टडी सेंटर पर जुलाई 2024 से देश के अलग-अलग राज्यों की 13 भाषाएं सिखाई जाती हैं। जिसका छात्रों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। इसमें पंजाब सिंधी, गुजराती, मराठी, नेपाली, असमी, बांग्ला कन्नड़, उड़िया, तेलुगू, तमिल, कश्मीरी और मलयालम है। यह कोर्स 11 महीने का है, जो जुलाई से मई तक चलता है। कोर्स समाप्त होने के बाद जून में इसकी परीक्षा होती है। कोर्स सीखने वाले छात्रों को शासन की ओर से 50 रुपये का उपहार दिया जाता है। इसके अलावा प्रमाणपत्र भी मिलता है।

### दो बार कराई जाती है परीक्षा

प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि दो बार परीक्षा होती है। पहले जून और दूसरी दिसंबर में होती है। यह परीक्षा ऑफलाइन कराई जाती है। जनवरी 2025 सत्र की परीक्षा 12 जून से 19 जुलाई तक कराई जाएगी। वहीं, परीक्षा के 45 दिन बाद ही परिणाम घोषित कर दिया जाता है। पंजीकरण कराने के बाद छात्र प्रवेश के समय ऑनलाइन किताब पढ़ने का विकल्प लेते हैं तो उन्हें फीस में 20 प्रतिशत की छूट मिलती हैछात्रों को शासन की ओर से 50 रुपये का उपहार दिया जाता है। इसके अलावा प्रमाणपत्र भी मिलता है।


# टेबल टेनिस के मंडलीय ट्रायल में भी नहीं पहुंची कोई खिलाड़ी



स्टेडियम में तैराकी के मंडलीय ट्रायल देतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को टेबल टेनिस और तैराकी के मंडल स्तरीय ट्रायल हुए। टेबल टेनिस में जिला ट्रायल की तरह से मंडलीय ट्रायल में भी कोई खिलाड़ी नहीं पहुंची। वहीं तैराकी में पांच खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। जिसमें 50 मीटर फ्री स्टाइल में रोजिल खान, 100 और 50 मीटर फ्री स्टाइल में अनुश्री, 200 मीटर आईएएम में वैष्णवी, 50 मीटर बैक स्ट्रोक में आशा, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्तुति नौटियाल का चयन किया गया। जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र ने बताया कि वर्तमान में जिले में लगभग 30 महिला खिलाड़ी हैं, लेकिन इस प्रतियोगिता में भाग लेने या नहीं लेने के लिए किसी को बाधित नहीं किया जा सकता है। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि मंडलीय ट्रायल में जो खिलाड़ी चयनित हुई हैं वे 13 और 14 जून को सिद्धार्थनगर में महिला खेलोत्सव के तहत प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक

डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)

डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

# एसएसपी ऑफिस के बाहर मारपीट, किशोरी को जबरन ले जाने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दोनों पक्ष कार्यालय में आए थे शिकायत करने
- सूचना पर पहुंची पुलिस, दोनों पक्षों को भेजा महिला थाना

**अमृत विचार:** एसएसपी कार्यालय के बाहर दोबारा बयान कराने की मांग लेकर पहुंची मां के हाथ से आरोपी के भाई ने किशोरी को छीनने की कोशिश की। इस पर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को महिला थाना भेज दिया।

थाना फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को 1 मई को गांव के राजेश, रामवीर उर्फ कल्लू और हरीश ले गए थे। आरोपियों ने जबरन बेटी की शादी करा दी। इस मामले में थाना फतेहगंज पूर्वी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 5 मई को पुलिस ने बेटी बरामद करके उनके सुपुर्द कर दिया, लेकिन आरोपियों के डर से बेटी ने बयान सही नहीं दिए और न ही मेडिकल परीक्षण कराया। दोबारा मेडिकल परीक्षण और बयान कराने की मांग को लेकर किशोरी अपनी मां के साथ एसएसपी कार्यालय आई थी।

मां ने बताया कि जब वह बेटी को लेकर कार्यालय से बाहर खड़ी थीं, उसी वक्त एक आरोपी उनके हाथ से बेटी को छीनने की कोशिश करने लगा और धमकाने लगा। विरोध करने पर मारपीट शुरू की। इस संबंध में इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडेय ने बताया कि दोनों पक्ष वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत करने आए थे। इस दौरान उनके बीच विवाद हो गया था। दोनों पक्षों को महिला थाना भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पीएम विश्वकर्मा : पहले आवेदन कराया, फिर योजना से दर्जी व राजमिस्त्री ट्रेड को हटाया

## दो साल पहले शुरू हुई योजना में अब तक 66 हजार से ज्यादा आए आवेदन, नया लक्ष्य अब तक नहीं मिला

अनुपम सिंह, बरेली

- उद्योग विभाग ने 29 हजार आवेदन भेजे, 37 हजार से ज्यादा आवेदन गायब
- शुरुआत में योजना के तहत 18 ट्रेड थीं, मगर अब रह गईं महज 16

**अमृत विचार :** करीब दो साल पहले शुरू की गई पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना भी लोगों का ज्यादा भला नहीं कर सकी। योजना शुरू होने के बाद बड़े पैमाने पर लोग लाभान्वित होने के लिए आगे आए, मगर आंकड़े बता रहे हैं कि आवेदनकर्ताओं की यह उम्मीद पूरी नहीं हो सकी। आवेदन कराने के बाद दर्जी और राजमिस्त्री ट्रेड को सूची से हटा दिया गया। लोगों की ओर से किए गए आवेदन भी विभागीय वेबसाइट से गायब हो गए हैं। ऐसे में आवेदन करने वाले लोग आज भी योजना का लाभ पाने का इंतजार कर रहे हैं पर यह कहना मुश्किल होगा कि लाभ मिल पाएगा भी या नहीं...?

दरअसल, अक्टूबर 2022-23 में केंद्र सरकार की पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना लागू की गई थी। इसमें कुल 18 ट्रेड शामिल थीं। योजना लागू होने पर उस वर्ष में दो हजार का लक्ष्य जारी किया गया था।

इसके बाद से अब तक कोई नया लक्ष्य नहीं दिया गया। योजना में शामिल 18 ट्रेडों के लिए अब तक 66445 आवेदन ऑनलाइन किए जा चुके हैं। इसमें से उद्योग विभाग की ओर से 29332 आवेदनों को भारत सरकार के पोर्टल पर भेज दिया गया है, जबकि 37113 आवेदन पोर्टल पर नहीं दिख रहे हैं।

ऐसे में माना जा रहा है कि बड़ी संख्या में यह आवेदन पोर्टल से हटा दिए गए हैं। बताते हैं कि शुरू में योजना में 18 ट्रेडों में दर्जी और राजमिस्त्री भी शामिल थी। लोगों ने सबसे ज्यादा इन्हीं ट्रेडों के लिए आवेदन किए थे, लेकिन योजना लागू होने के कुछ महीनों बाद ट्रेड की संख्या घटाते हुए 16 कर दी गई, जिसमें दर्जी और राजमिस्त्री की ट्रेड कम कर दी गई। यही वजह रही कि ट्रेड कम करने के बाद इससे संबंधित आवेदन भी पोर्टल से डिलीट कर दिए गए, मगर आवेदन करने वाले अब भी उद्योग विभाग को अक्सर फोन करके जानकारी ले रहे हैं।

### 5801 चयनित मगर लाभ का पता नहीं

उद्योग विभाग की ओर से भेजे गए आवेदनों में से अब तक सिर्फ 5801 को ही पात्र दर्शाते हुए संस्तुति की गई है। चयनित हुए लोगों को प्रशिक्षण के लिए अलग-अलग एजेंसियां नामित की गईं, मगर चयनित पात्रों में कितने का प्रशिक्षण हुआ, कितने लोगों को लाभ मिला, इसकी कोई भी जानकारी उद्योग विभाग के पास नहीं है। एजेंसी से ट्रेनिंग कराने के बाद लाभान्वित करने के लिए विभाग को कोई निर्देश नहीं होने की वजह से जानकारी नहीं है।

### इन 18 ट्रेडों के साथ लांच हुई थी योजना

सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, चटाई, झाड़ू डलिया बनाने वाले, कॉरपेंटर, नाव बनाने वाले, लोहार, ताला, हथौड़ा, टूलकिट, गुड़िया और खिलौने, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वालों को शामिल किया गया था।

### योजना के ये हैं लाभ

पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र व आईडी कार्ड, पांच दिवसीय प्रशिक्षण में प्रत्येक दिन के हिसाब से पांच सौ रुपये मानदेय, लाभार्थियों को ट्रेड से संबंधित कार्य के लिए 15 हजार रुपये की धनराशि का चेक, पहले चरण में एक लाख रुपये, दूसरे में दो लाख तक की ऋण सहायता पांच फीसदी की ब्याज दर पर।

"पोर्टल से दर्जी और राजमिस्त्री के आवेदन हटा दिए गए हैं। जिन्होंने आवेदन किया थे, वे कार्यालय आते हैं तो उन्हें राज्य सरकार की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत आवेदन कराए जाते हैं, जिससे वह लाभान्वित हो सकें।
-विकास यादव, उपायुक्त उद्योग

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें दर्द रहित उपचार
डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
सैक्स रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर को अनदेखा करना घातक हो सकता है

● मस्से होना ● सूजन होना
● जलन होना ● उठाने-बैठने में तकलीफ होना
● खूनी बवासीर होना
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसन्तान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटानीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
नशा छुडाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्व मिलें।
सुबह 10:30 से 2:30 तक, शाम 6:30 से 8:30 तक
रविवार 10:30 से 2:30 तक
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# स्वास्थ्य विभाग में ई-ऑफिस प्रणाली लागू होगी, तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सीएमओ ने अफसर और कर्मियों के साथ की बैठक
- गुरुवार से सभी कार्य होंगे ऑनलाइन, निर्देश जारी

**अमृत विचार :** सीएमओ कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने जा रही है। अब सभी कार्य ऑनलाइन होंगे। अलमारियों में धूल फांकती फाइलें नहीं दिखेंगी। इस संबंध में मंगलवार को सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने लिपिक वर्ग और अफसरों के साथ बैठक कर सभी मानक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सीएमओ ने बताया कि इस संबंध में अफसर और कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें ई-ऑफिस के लिए उपयोग में आने वाले हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, डीएससी, ईमेल आईडी, वीपीएन, गूगल इंडिक टूल से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाएगी। सभी अफसर व कर्मचारियों को डिजिटल सिग्नेचर एवं एनआईसी के सर्वर पर ईमेल आईडी बनवाना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार से कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्य करने की योजना है। इससे सभी फाइलें कंप्यूटर के माध्यम से तेजी से आगे बढ़ेंगी। कई बार फाइलें चोरी होने या डैमेज होने के मामले सामने आ चुके हैं, जिन पर ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने के बाद लगाम लग जाएगी।

### ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए तेजी दिखाएं अफसर

**बरेली, अमृत विचार :** सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए मंगलवार को सीडीओ देवयानी ने विकास भवन सभागार में अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने इसे लागू करने में उदासीन अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि, शासन की प्राथमिकता में होने के बाद भी इस तरह की लापरवाही की जा रही है। ऐसा नहीं चलेगा और मनमानी करने पर कार्रवाई होगी। सीडीओ ने सभी विभागों को निर्देश कि ऑनलाइन-कामकाज के लिए इस प्रक्रिया को पूरा करते हुए जल्द से जल्द लागू कराएं। ज्यादा से ज्यादा ऑनलाइन कामकाज का आदान-प्रदान करें। ई-ऑफिस प्रणाली से कम काम करने वाले विभागीय अधिकारियों और अन्य जिम्मेदारों का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीडीओ दिनेश कुमार, पीडी डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा मो. हसीब अंसारी, डीसी एनआरएलएम योगेंद्र लाल भारती, डीपीआरओ कमल किशोर, डीपीओ मनोज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह आदि मौजूद रहे।

# दहेज में कार और तीन लाख रुपये न मिलने पर जहर देकर महिला की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- छह साल पहले हुआ था निकाह, सीओ हाईवे करेंगे मामले की जांच

**अमृत विचार :** दहेज में तीन लाख रुपये और कार न मिलने पर पति ने ससुराल वालों के साथ मिलकर महिला की जहर देकर हत्या कर दी। पिता की तहरीर पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बिथरी के गांव भिड़ौलिया निवासी हनीफ खां ने बताया कि उन्होंने छह साल पहले अपनी बेटी यासमीन का निकाह परसौना निवासी जाफर खां के साथ किया था। निकाह के बाद से ही पति, ससुर याकूब खां, सास सकीना, ननद जैनब व कमरूल, ममेरा देवर जुनैद खुश नहीं थे। दहेज में कार और तीन लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करते हुए यासमीन को प्रताड़ित करते थे। उनकी बेटी ने कहा कि इतना दहेज पिता नहीं दे पाएंगे, तब आरोपियों ने सोमवार को शाम करीब 7 बजे एक राय होकर जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया।

हालत खराब होने पर उनकी बेटी ने भाई नईम खां को फोन पर पूरी घटना की जानकारी दी। नईम जब अपनी बहन को लेने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट और गाली गलौज की। उन्होंने बेटी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# एसडीएम ने महिला की जमीन से कब्जा हटवाया

**आंवला, अमृत विचार:** एसडीएम ने एक महिला की जमीन पर किए गए कब्जे की शिकायत पर गांव में पहुंचकर जमीन कब्जा मुक्त करा दी। वहीं गांव के एक और विवाद का निस्तारण कर दिया।

एसडीएम एन राम ने बताया कि गांव निसोई निवासी अमरवती की जमीन पर उसके ही परिवार के लोगों ने कब्जा कर लिया था। वहीं गांव के ही विजय आनंद का पानी के निकास को लेकर विवाद था। मंगलवार को टीम के साथ गांव में दोनों शिकायतों की जांच कर समस्या का निस्तारण कर दिया गया।

# शिकायतों का निस्तारण समय से और गुणवत्तापूर्ण करें: रमित शर्मा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एडीजी ने बरेली, मुरादाबाद के डीआईजी समेत जोन के सभी एसएसपी व क्षेत्राधिकारियों से कांफ्रेसिंग के जरिये की बात

**अमृत विचार :** एडीजी रमित शर्मा ने मंगलवार देर रात डीआईजी बरेली, डीआईजी मुरादाबाद, जोन के सभी पुलिस कप्तानों, 52 सीओ को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाए। ताकि पीड़ितों को अधिकारियों के यहां चक्कर न काटने पड़ें।

एडीजी ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये बरेली और मुरादाबाद जोन के पुलिस अफसरों के साथ बैठक में निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण थाना या क्षेत्राधिकारी स्तर पर निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी स्वयं मौके पर जाएं और जांच करें। सभी पुलिस अधीक्षक टीम बनाकर थाना दिवसों में मिल रहीं शिकायतों का निस्तारण कराएं। सीओ कार्यालय में लंबित आरोप पत्र और एफआर को व्यक्तिगत रुचि लेकर निस्तारण कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पुलिस अधिकारी और पुलिस कर्मी मीडिया कर्मियों को उचित सम्मान दें। महिला संबंधी अपराधों और पॉक्सो एक्ट जैसे मामलों को निस्तारण भी समय से करें। उन्होंने निर्देशित किया कि उत्तर प्रदेश आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा 2023 के चयनित अभ्यर्थियों को 15 जून को लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों को लखनऊ जाने और वापस आने के लिए त्रुटिरहित यातायात प्रबंधन करने के निर्देश प्रत्येक जिले के नोडल अधिकारी को दिए हैं। इसकी जानकारी यातायात पुलिस कर्मियों को देने को कहा है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# भूखे को खाना और प्यासे को पिलाएं पानी



कुल शरीफ की रस्म में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उर्स-ए-गौहरी के मंच से उलमा ने मुसलमानों को दिया पैगाम
- दरगाह प्रमुख ने देश में अमन और भाईचारे के लिए दुआ की

**अमृत विचार :** परसौना गांव स्थित दरगाह सय्यद गौहर अली अलमारुफ भीटा शाह बाबा पर उर्स-ए-गौहरी में मंगलवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। कुल शरीफ से पहले उलमा ने तकरीर की, जिसमें भूखों को खाना खिलाने और प्यासे को पानी पिलाने का संदेश दिया गया।

कुल शरीफ की रस्म के बाद दरगाह प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी ने देश में अमन-चैन और भाईचारे के लिए दुआ की। वहीं, सोमवार रात दरगाह पर आयोजित कव्वाली में मशहूर कव्वाल रईस अनीस साबरी की कव्वाली पर लोग झूमते रहे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश हज समिति के सदस्य नदीमुल हसन, भाजपा नेता आर्येंद्र मिश्रा, नदीम कुरैशी, बसपा नेता तौफीफ प्रधान, नदीम साबरी, जाहिद बेग, मोहम्मद जाफर, आकिब साबरी, नसरत साबरी, समीर साबरी बब्लू, इरशाद बेग, फहीम साबरी, मुशाहिद साबरी, आसिफ खां साबरी, आमिर अली आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### नदी में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** राम गंगा में नहाने गए युवक की गहरे पानी में जाने से डूबकर मौत हो गई। रफियाबाद गांव निवासी ओमप्रकाश ने बताया उनका बेटा श्याम बिहारी (18) मंगलवार सुबह 7:00 बजे जितौर गांव के पास राम गंगा में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में जाने से डूब गया। आनन-फानन गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया।

### स्वास्थ्य विभाग ने अवैध क्लीनिक किया सील

**बहेड़ी, अमृत विचार :** ग्राम रुड़की में अवैध रूप से चल रही क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग की टीम और मजिस्ट्रेट प्रतिनिधि की उपस्थिति में सील कर दिया गया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार, एआरओ महिपाल गंगवार, संजय दत्त और नायब तहसीलदार बहेड़ी मौजूद रहे।

### शोहदा किशोरी को फोन पर कर रहा परेशान

**कैंट, अमृत विचार :** एक महिला ने बताया उसकी 16 वर्षीय बेटी को एक युवक फोन करके और इंस्टाग्राम पर मैसेज करके परेशान कर रहा है। उस पर अकेले में मिलने का दबाव बनाता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। किशोरी के माता-पिता जब नौकरी करने जाते हैं तो आरोपी उसे अपने साथ जबरन ले जाता है। किशोरी की मां ने आरोपी आर्यन उर्फ गोलू के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच कर रही है।

### चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

**सिरौली, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। मोहल्ला मुराव टोला निवासी दुलारो देवी ने दो लोगों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके चलते पुलिस ने ढेडा उर्फ आरिश उर्फ अब्बा को रामगंगा घाट के समीप से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि वसीम अभी तक फरार है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक जोड़ी पायल और दो हजार रुपये बरामद किए हैं।

### दिव्यांग से पिता-पुत्र ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**फरीदपुर, अमृत विचार :** कब्रिस्तान से लौट रहे दिव्यांग को मोहल्ले के ही दबंग पिता-पुत्र ने लाठी-डंडे और तलवार लेकर मारपीट की, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी, पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहल्ला नहर कोठी निवासी रिजवान हुसैन ने बताया उसका दिव्यांग बेटा सोमवार शाम कब्रिस्तान से लौट रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के ही मुन्ना तिगड़ी और उसके पिता ने उसे गाली देते हुए मारपीटा। इसी बीच दोनों तलवार और डंडा लेकर उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

# बस ने व्यापारी को रौंदा, मौत

## बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद बस छोड़कर भागा चालक

संवाददाता, रिठौरा

**अमृत विचार:** मोहल्ला ठाकुरद्वारा के गल्ला व्यापारी श्रीनिवास गुप्ता का बेटा शिवम गुप्ता (28) मंगलवार को बाइक में पेट्रोल डलवाने पेट्रोल पंप पर गया था। बरेली की ओर से तेज रफ्तार में आ रही रोडवेज बस ने उसे उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ने बस को थाना हाफिजगंज गेट पर छोड़कर भाग निकला।

राहगीरों की सूचना पर पहुंचे एसआई रिठौरा पुलिस चौकी से तुलसीदास कांस्टेबल सचिन ने शव को कब्जे में लेकर एम्बुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया। मृतक तीन भाई एक बहन में सबसे छोटा है। जवान बेटे की मौत की खबर से पिता श्रीनिवास गुप्ता, मां विद्यादेवी बेहोश हो गईं। शिवम की तीन माह पहले ही 5 मार्च को नवाबगंज की पलक के साथ शादी हुई थी। घर में खुशियों का माहौल था। पलक को जैसे ही पति की मौत की खबर पलक को लगी वह भी बेसुध हो गई।


कोतवाली में खड़ी रोडवेज बस।



- तीन माह पहले हुई थी शिवम की शादी, बेटे की मौत से घर में मचा कोहराम

### ट्रक से कुचलकर महिला की मौत

**फरीदपुर, अमृत विचार :** फरीदपुर से घर जा रही महिला की ट्रक से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार को सीता (54) पत्नी प्रेमपाल निवासी शाहपुर बनियान बेटे की बाइक से अपने गांव शाहपुर बनियान की ओर जा रही थी। उनकी बाइक ग्राम ढकनी के पास ट्रक को ओवरटेक करते हुए ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, संतुलन बिगड़ने पर बाइक से गिरने से सीता ट्रक के नीचे आ गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद चालक मौके से ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लूट के दो आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार :** एक माह पहले महिला की चेन लूटने के दोनों आरोपी पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिए गए। दोनों के पैर में गोली लगी है। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती करवाया गया है। इस दौरान एक सिपाही भी घायल हो गया। उसे भी इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया है।

मंगलवार शाम पुलिस को सूचना मिली, दो बदमाश भागने की फिराक में कचोली मंदिर के पास खड़े है। सूचना पर दरोगा रणधीर सिंह और नरेंद्र शर्मा फोर्स के साथ पहुंच गए। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लग गई, जिससे वह गिर गए। इस दौरान आरक्षी दीपक कुमार भी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों बदमाश और आरक्षी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम विनय उर्फ़ कल्लू निवासी ग्राम दर्शन पुरवा थाना फजलगंज जिला कानपुर व राजेश कुमार निवासी सती बगिया मोती झील थाना बाजार खाला जिला लखनऊ बताया। तलाशी में दोनों के पास से 2000 रुपये, सोने की चैन, 2 तमंचे 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, 2 खोखा एक बाइक बरामद हुई। इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार ने बताया दोनों बदमाशों का पुलिस हिरासत में इलाज चल रहा है।


पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश।



**फरीदपुर :** मुख्य बाजार में पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक पर छह युवक अपनी जान को खतरे में डालकर सफर करते हुए दिखाई दिए।

# झोलाछाप के इलाज से बच्चे की मौत

- लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने किया हंगामा, दोनों पक्षों में समझौता

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** झोलाछाप के इलाज से एक पांच माह के बच्चे की मौत का आरोप लगाकर परिजनों ने जमकर हंगामा किया, कार्रवाई के लिए पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा, बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। परिजनों का आरोप है जब वह शिकायत करने गए तो वहां उनके साथ मारपीट की गई।

गांव नगरिया सादात निवासी एहसान ने बताया उसका पांच माह का पुत्र मोहम्मद अली एक सप्ताह से बीमार था। जिसको उसने झोलाछाप को इलाज के लिए दिखाया। उसने आरोप लगाया झोलाछाप ने दिन भर उसके बच्चे को अपनी क्लिनिक में रखता और शाम को घर भेज देता था। आरोप है कि गलत इलाज से मंगलवार सुबह 8:30 बजे उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसने झोलाछाप पर कार्रवाई के लिए पुलिस को शिकायती पत्र दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। परिजन किसी भी कार्रवाई से पीछे हट गए। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में लिखित में आपसी समझौता हो गया है। कोई पक्ष कानूनी कार्रवाई नहीं चाहता है।वहीं झोलाछाप ने बताया बच्चे का दो दिन से चल रहा था। सोमवार को वह मेरे यहां न आकर किसी और के यहां गए। मंगलवार को उनके बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद वह लोग मेरे क्लिनिक पर आकर गलत इलाज का आरोप लगाने लगे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. विनय कुमार पाल ने बताया बच्चे की मौत के मामले में उन्होंने क्लिनिक पर स्वयं और टीम के साथ जाकर नोटिस चस्पा कर दिया है। लेकिन वहां कोई नहीं मिला।

# आपसी विवाद में चली गोली, भाई-बहन घायल

**भुता, अमृत विचार:** गांव बरखेड़ा में जानवर बाधने को लेकर हुए विवाद में एक भाई ने दूसरे पर गोली चलाई, जिससे दो लोग घायल। सूचना पर पहुंची पुलिस। घायलों को इलाज के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही है।

गांव बरखेड़ा में सगे भाई मलखान सिंह और कृपाल सिंह में शाम 8:00 बजे घर में बंधे जानवर के गोबर करने की छीटे आने से विवाद हो गया था। जिससे गुस्साए मलखान सिंह ने देसी तमंचे से जान से मारने की नीयत से गोली चला दी, जिससे बीच बचाव में आए कृपाल सिंह के पुत्र अनूप (220 और पुत्री पारुल (19) गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली की आवाज और परिजनों की चीख पुकार सुन ग्रामीण एकत्र हो गए। भीड़ को इकट्ठा देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जिन्हें जिला अस्पताल में रेफर कर दिया है। नवयुक्त थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवा दिया है। खबर लिखे जाने तक परिजनों ने किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है।

## ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव खरगपुर के पास मंगलवार सुबह एक युवक डाउन ट्रैक पर गिरकर गंभीर घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे 108 एंबुलेंस से स्थानीय सीएचसी भेज दिया।

डॉक्टर ने हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, बेसुध होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। मंगलवार सुबह दिल्ली की ओर से बरेली जा रही ट्रेन जिसे अचानक एक युवक गिरकर घायल हो गया। उसके सिर में गहरी चोट लगने के कारण वह बेसुध हो गया।

# गायों को बचाने में लगाई इमरजेंसी ब्रेक, पीछे से दो कारें और टकराईं

संवाददाता, बिशारतगंज

**अमृत विचार :** गायों के झुंड को बचाने के लिए चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाए तो पीछे चल रही दो कारें और भिड़ गईं। कासगंज के दुर्गा कॉलोनी निवासी महेशचंद्र पाल ने बताया वह मंगलवार दोपहर अपनी कार से बरेली जा रहे थे।

रामगंगा पुल पर पहुंचते ही गायों का झुंड आ गया, जिन्हें बचाने के चक्कर में अचानक ब्रेक लगाने पड़े तो पीछे से आ रही बरेली के अनुपम नगर के राहुल सक्सेना की कार एवं बदायूं के रघुवीर नगर के विक्रम रस्तोगी की कार भी उनकी कार में भिड़ गई। गनीमत रही के किसी को कोई चोट नहीं आई तीनों कारों में नुकसान हुआ है।


आपस में टकराई कार।

## सार-संक्षेप

### तीन दिन से ट्रांसफार्मर खराब, गर्मी में उबल रहे लोग

**शीशगढ़, अमृत विचार :** गांव रुस्तम नगर में तीन दिन से ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण इस तपती गर्मी में उबल रहे हैं। इससे गांव वालों में आक्रोश है। आरोप है कई बार अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी ट्रांसफार्मर सही नहीं हुआ है। ज्यादा खपत और अधिक लोड होने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं। बिजली के उपकरण भी पूरी तरह ठप पड़े हैं। लोगों को मोबाइल चार्ज करने के लिए भी दूसरे गांव में जाना पड़ रहा है। प्रधान ने बताया अधिकारियों को जानकारी दी, लेकिन ट्रांसफार्मर अभी तक नहीं लगा है। शिकायत कर्ताओं में भूपेंद्र कुमार, हरेंद्र गुर्जर, रामोतार कोरी, राजपाल मौर्य, सुरेंद्र गंगवार, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बबलू मौर्य के नाम शामिल है, एसडीओ बहेड़ी ने बताया बुधवार को ट्रांसफार्मर सही करा दिया जाएगा।

### पौधरोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**देवरनियां, अमृत विचार :** राजकीय हाई स्कूल दलपतपुर में मंगलवार को 10 दिवसीय समर कैम्प का समापन हुआ जिसमें छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस मौके पर छात्रा तेजेश्वरी ने अपनी मां विनीता गंगवार के साथ एक पेड़ मां के नाम से लगाया गया। मोहिनी गंगवार, सृष्टि गंगवार, सुगंध, मीनाक्षी, वासिफा, आदित्य, कुलदीप, मनोज कुमार, मो० नौशाद, दीपेश कुमार, सलमान ने समर कैंप के अपने अनुभव साझा किए। अभिभावकों ने समर कैंप पर अपना फीड बैक दिया। और कहा कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी होते रहे। प्रधानाध्यापिका अनीता सक्सेना के द्वारा छात्र-छात्राओं को समर कैंप में सक्रिय प्रतिभाग करने के लिए बधाई दी गई। इस दौरान प्रधान पति राम प्रकाश गंगवार, डल्लो देवी, हरीश, भगवानदास, रूपवती समेत आदि का योगदान रहा।

### ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट में सिधौली ने जीता फाइनल



**मीरगंज, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सिधौली में युवा मंगलदल मैदान पर चल रहे 10 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का मंगलवार को समापन हो गया। फाइनल मुकाबला सिधौली ए और सिधौली बी की टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सिधौली ए की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 60 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिधौली बी की टीम 40 रन बनाकर आउट हो गई, सिधौली ए ने बीस रन से शानदार जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सौरभ को मैन ऑफ द सीरीज दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रधानपति मुकेश कश्यप और पूर्व प्रधान उमाशंकर दिवाकर, राजीव चौधरी ने दोनों टीमों के साथ-साथ आयोजक सोनू रस्तोगी को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मुकेश कश्यप ने कहा फाइनल तक पहुंचना दोनों टीमों के बेहतरीन खेल को दर्शाता है। कार्यक्रम में पंकज गंगवार, समीर पाठक, सुमित दिवाकर, उमेश उर्फ वाला, आकाश गुप्ता आयोजन कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम धाम पर हुआ संकीर्तन



**कैंट, अमृत विचार :** ज्येष्ठ मास के अंतिम मंगलवार को बुढ़वा मंगल के पावन पर्व पर दूरदर्शन केंद्र के सामने स्थित भगवान परशुराम धाम में भगवान सत्यनारायण के पूजन के साथ दक्षिण मुखी सिद्धबली हनुमान जी का पूजन व श्रंगार किया गया, भक्तों ने मिलकर संकीर्तन किया। सहभोज की शुरूआत गुरु वशिष्ठ गुरुकुलम के बटुकों और ब्राह्मणों की ओर से ब्रहमभोज के साथ हुआ। इसके बाद सह भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र पांडेय, सचिव गजेंद्र पांडेय, शरद मिश्रा, आचार्य ब्रह्मस्वरूप, आचार्य रमाकांत शास्त्री, कौशल सारस्वत, रमेश मिश्रा, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, कुल भूषण त्रिपाठी, रामेन्द्र मिश्रा, त्रिभुवन शर्मा, आरएस लाल, रविन्द्र नाथ द्विवेदी समेत अन्य मौजूद रहे।

### दो तस्कर पकड़े, 2 किलो 33 ग्राम चरस बरामद

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम नखी सिंधवा पुलिया के पास से दो आरोपियों को बाइक के साथ पकड़ा। तलाशी में उनके पास से 2 किलो 33 ग्राम चरस बरामद की गई है। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग दो लाख आंकी गई है। इसके साथ ही उनके पास से दो मोबाइल भी बरामद किए गए। आरोपियों ने अपने नाम नरवीर यादव एवं पूरन निवासी ग्राम गढ़िया रंगीन जनपद शाहजहांपुर बताया है। आरोपियों ने बताया हम लोग यह चरस लखीमपुर बॉर्डर से खरीद कर लाते हैं। वहां पर चलते फिरते लोगों से हम लोग चरस कम दामों में खरीद लेते हैं। चरस को हम लोग नेशनल हाईवे पर चलते-फिरते ट्रक एवं बस चालकों को बेचकर मुनाफा कमाते हैं। पकड़ी गई बाइक नरवीर की है, उसे चरस खरीदने और बेचने में प्रयोग करते हैं। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ थाना गढ़िया रंगीन में कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

### कच्ची शराब बनाते महिला समेत दो पकड़े

**कैंट, अमृत विचार :** बभिया पुलिस ने मंगलवार दोपहर भौआपुर से कच्ची शराब बनाते हुए एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। बभिया चौकी इंचार्ज हरवीर सिंह को मंगलवार दोपहर सूचना मिली कि भौआपुर गांव के एक मकान में कुछ लोग कच्ची शराब बना रहे हैं। हेड कांस्टेबल सुधीर कुमार, संजय कुमार, सुशील कुमार तथा अन्य महिला कांस्टेबल के साथ पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर छापेमारी की। यहां कच्ची शराब बना रहे मुरारी लाल, मुन्नी देवी निवासी भौआपुर थाना कैंट को आरोपियों को गिरफ्तार कर मौके से 20 लीटर कच्ची शराब के साथ कच्ची शराब बनाने के उपकरण बरामद किए, तथा मौके पर रखा ढाई सौ लीटर अवैध लहन को नष्ट किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्री पायल रस्तोगी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अनिल रस्तोगी पुत्र बसंत लाल निवासी मोहल्ला सईदान सिरौली तहसील आंवला जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक खाते में मेरा नाम भूलवश कुसुमा देवी दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम कुसुम लता है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम कुसुम लता ही दर्ज है। **कुसुम लता पत्नी धर्मेन्द्र सिंह निवासी कुम्हरा मुड़िया अहमद नगर, बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शाने अली व उसकी पत्नी रूकसार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। लियाकत अली पुत्र श्री इरशाद अहमद निवासी ग्राम खमरिया पंडरी पोस्ट पौटा कलां थाना बरखेड़ा कलां तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत।

सूचना
मैंने अपने पुत्र शानू व पुत्रवधू तरन्नुम के दुर्व्यवहार के कारण सम्बंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **नजमा बेगम पत्नी चंदा मियां निवासी- 20/22 जखीरा, निकट डोमनी मस्जिद थाना किला, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।







चत्वारि ते तात गृहे वसन्तु श्रियाभिजुष्टस्य गृहस्थधर्मे।
वृद्धो ज्ञातिरवसन्नः कुलीनः सखा दरिद्रो भगिनी चानपत्या॥

परिवार में सुख-शांति और धन-संपत्ति बनाए रखने के लिए बड़े-बूढ़ों, मुसीबत का मारा कुलीन व्यक्ति, गरीब मित्र तथा निस्संतान बहन को आदर सहित स्थान देना चाहिए। इन चारों की कभी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# असमानता दूर करने के लिए

यह देश के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है कि भारत गरीबी उन्मूलन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। विश्व बैंक की हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले करीब एक दशक में भारत लगभग 27 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफल हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई। यानी ग्यारह साल में लगभग 27 करोड़ लोगों ने अत्यधिक गरीबी से निकलने में सफलता पाई। वास्तव में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत आदि ने आवास, रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक निचले स्तर के लोगों की पहुंच बढ़ाई है। ऐसे ही डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, डिजिटल समावेशन और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे का लाभ ज्यादातर लोगों को मिला है, लेकिन ऐसे में पता होना जरूरी है कि ये सरकारी योजनाएं आखिर किस हद तक गरीबी कम करने में मददगार साबित हो रही हैं। साथ ही भारत में गरीबी घटी और शहरी व ग्रामीण गरीबी में व्याप्त फर्क भी कम हुआ। इस दौरान भारत में बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी सफलता मिली है।

एक दशक के दौरान रोजगार में भी वृद्धि हुई तथा ग्रामीण व शहरी, दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हालांकि गरीबी उन्मूलन में भौगोलिक एवं अन्य असमानताएं मौजूद हैं। ये असमानताएं हैं, जिन्हें अवश्य दूर किया जाना चाहिए। लोग गरीबी रेखा से तो ऊपर आ जाते हैं मगर विभिन्न आर्थिक झटकों के कारण दोबारा गरीबी की चपेट में चले जाते हैं। इसका पता कोविड महामारी के समय चल चुका है। शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है। जवाब में आंकड़ों के साथ ही स्वीकारना चाहिए कि देश में आर्थिक असमानता का बढ़ना चिंतनीय है। वैसे तो आर्थिक असमानता को लेकर चिंताएं सभी देशों में फैली हुई हैं, लेकिन मध्यम आय वाले देशों में लोग इसे बहुत बड़ी समस्या मानते हैं। ये वह भी कहते हैं कि अमीरों का बहुत ज्यादा राजनीतिक प्रभाव होना असमानता का एक बड़ा कारण है। कई लोग असमानता के लिए कुछ लोगों के लिए ज्यादा अवसर होने को भी जिम्मेदार ठहराते हैं। निस्संदेह कल्याणकारी राज्य में चुनौतियों का सामना करते हुए आर्थिक असमानता को अधिक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बगावती तेवर संवेदनशील मुद्दा



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया।

आज का युग एआई यानी कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है। यह ठीक है कि एआई ने आज मानव को अनेक सुविधाएं प्रदान कीं हैं। मसलन आज एआई हमारे समाज और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। एआई का उपयोग आज युद्ध, विज्ञान, चिकित्सा, शिक्षा, इंजीनियरिंग, स्पेस, मौसम विज्ञान, घटनाओं का अनुमान लगाने, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इकोसिस्टम में, ऑटो सेक्टर, वैज्ञानिक खोजों और नई दवाओं के निर्माण में, विभिन्न समस्या समाधान, पर्सनलाइज्ड रिजल्ट और कंटेंट प्राप्त करने, प्रोडेक्टिविटी को बूस्ट करने, डिसीजन मेकिंग में, डिजिटल उपस्थिति में तेजी लाने, मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करने, परिचालन लागत को कम करने, उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार करने, 24/7 विश्वसनीयता सुनिश्चित करने, ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने, आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने, डेटा विश्लेषण में सुधार करने, मानव संसाधन संचालन को बढ़ावा देने, वित्तीय नियोजन में सुधार करने, जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा में सुधार करने, पूर्वानुमानित रख रखाव को सक्षम बनाने, सामग्री निर्माण को सरल बनाने, रोगी देखभाल में सुधार करने, शिक्षा को वैयक्तिकृत करने, यातायात प्रबंधन को बढ़ावा देने, कार्यस्थल सुरक्षा को बढ़ावा देने, गोपनीयता संरक्षण और नैतिक कार्यान्वयन सुनिश्चित करने समेत आज कौन सा क्षेत्र बचा है, जहां एआई का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, लेकिन इन सभी सुविधाओं के साथ-साथ ही आने वाले समय में एआई मानव के लिए एक बड़ा खतरा सिद्ध हो सकता है।

हाल ही में यह सामने आया है कि एआई पहली बार इंसान के खिलाफ हो गया। दरअसल, एआई ने हाल ही में इंसान की बातों को मानने से इंकार कर दिया। वास्तव में यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील मामला हो जाता है जब मशीनें, रोबोट या एआई मॉडल्स इंसानों के खिलाफ काम करने लगें। अब तक फिल्मों में ही हमने ऐसा होते देखा है, लेकिन अब हकीकत में ऐसा सामने आया है। हाल ही में एआई टूल ने शट-डाउन होने

एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है।

और इंसानी बातें मानने से इंकार कर दिया है। ऐसा ओपन एआई के टूल चैटजीपीटी के लेटेस्ट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल के साथ देखने को मिला है। कहना गलत नहीं होगा कि अब एआई सोच समझ ही नहीं रहा अपितु इंसानों को धमकाने भी लगा है और यह बहुत बड़ी बात है।

बहरहाल अमेरिका की एक रिसर्च फर्म पैलिसेड रिसर्च ने एआई मॉडल्स पर कुछ खास टेस्ट किए और इन टेस्ट्स में यह देखा गया कि एआई सिस्टम्स को जब खुद को बंद करने के लिए कहा गया, तो कुछ मॉडल्स ने आदेश मानने से मना कर दिया। सबसे चौंकाने वाला मामला तो तब सामने आया जब एंथ्रोपिक कंपनी के क्लाउड ओपस 4 नाम के मॉडल ने एक इंजीनियर से कहा कि अगर उसे हटाकर किसी और मॉडल को लाया गया, तो वह उसके निजी रिश्तों की पोल खोल देगा। यानी अब एआई न सिर्फ स्मार्ट हो गया है, बल्कि ब्लैकमेलिंग पर भी उतर आया है। रिसर्च में ओपन एआई के लेटेस्ट चैटजीपीटी 03 मॉडल का व्यवहार सबसे ज्यादा चिंता का कारण बना। रिपोर्ट के मुताबिक, 03 मॉडल ने 100 में से 7 बार तो सीधे शटडाउन से इंकार कर दिया और जब बिना सीधा आदेश दिया गया, तो 79 बार शटडाउन रोकने की कोशिश की। यही नहीं, कोडेक्स मिनि और 04 मिनि जैसे मॉडल्स ने भी कई बार तकनीकी चालाकी दिखाते हुए खुद को बंद होने से बचाया। मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार गूगल के जैमिनी 2.5 प्रो, एक्स एआई का ग्रोक 3 और क्लाउड ओपस जैसे अन्य बड़े मॉडल्स को भी टेस्ट किया गया और इनमें से कुछ ने अपेक्षाकृत बेहतर व्यवहार दिखाया, लेकिन कुछ मौकों पर ये भी आदेशों को नजरअंदाज करते पाए गए। बहरहाल कहना गलत नहीं होगा कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को मानव ने तैयार किया है, न कि एआई ने मानव को। होना तो यह चाहिए कि एआई मानव के आदेशों को मानें, क्यों कि यह मशीन आधारित है। यानी कि एआई इंसान के आदेशों को मानने से इंकार कर रही है। मशीन, मशीन होती है और किसी भी मशीन में इंसानों की तरह भावनाएं नहीं होतीं हैं।

आज एआई बगावत पर उतर रहा है, यह मानव के लिए किसी गंभीर व बड़े खतरे से कम नहीं है। यह बहुत ही गंभीर बात है। आज जैसे-जैसे एआई अधिक परिष्कृत और व्यापकता की ओर बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही इसके खतरे भी बढ़ते चले जा रहे हैं। एआई मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क एल्गोरिथम के आधार पर कार्य करतीं हैं और ये कभी-कभी मानव से ज्यादा बुद्धिमान हो सकतीं हैं और हमें यानी कि मनुष्य को नियंत्रण में लेने का फैसला कर सकतीं हैं। तकनीकी समुदाय लंबे समय से कृत्रिम बुद्धिमता से उत्पन्न खतरों पर बहस करता रहा है। नौकरियों का स्वचालन, फर्जी खबरों का प्रसार और एआई-संचालित हथियारों की खतरनाक हथियारों की दौड़ को एआई द्वारा उत्पन्न कुछ सबसे बड़े खतरों के रूप में उल्लेख किया गया है। वास्तव में एआई पारदर्शिता और व्याख्या की कमी को जन्म दे सकती है। एआई स्वचालन के कारण नौकरियों का नुक़सान हो सकता है, क्योंकि कंप्यूटर आजकल इतने कार्यकुशल हो चुके हैं कि वे मानव को अपनी स्क्रीन पर यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि अब आप जा सकते हैं, मुझे आपकी जरूरत नहीं है।

एआई एल्गोरिदम के माध्यम से सामाजिक हेरफेर संभव है। एआई हमारी गोपनीयता और सुरक्षा को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकती है। वास्तव में यह हमारी गतिविधियों, रिश्तों और राजनीतिक विचारों की निगरानी करने के लिए पर्याप्त डेटा एकत्रित कर सकती है। एआई पूर्वाग्रहों को जन्म दे सकती है। दरअसल एआई को मनुष्यों द्वारा विकसित किया गया है और मनुष्य स्वाभाविक रूप से पक्षपाती हैं।

एआई के परिणामस्वरूप सामाजिक-आर्थिक असमानता आ सकती है। यह मानवीय नैतिकता और सद्भावना को कमजोर कर सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि एआई वित्तीय संकटों, संचालित स्वायत्त हथियारों को जन्म दे सकती है। इतना ही नहीं, एआई तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप समाज के कुछ हिस्सों में मानवीय प्रभाव में कमी आ सकती है और मानवीय कामकाज में कमी आ सकती है। उदाहरण के लिए स्वास्थ्य सेवा में एआई का उपयोग करने से मानवीय सहानुभूति और तर्क में कमी आ सकती है और रचनात्मक प्रयासों (क्रिएटिव एफर्ट्स) के लिए जनरेटिव एआई का उपयोग करने से मानवीय रचनात्मकता और भावनात्मक अभिव्यक्ति कम हो सकती है। यहां तक कि एआई सिस्टम के साथ बहुत अधिक बातचीत करने से सहकर्मी संचार और सामाजिक कौशल में भी कमी आ सकती है। समय के साथ एआई के बुद्धिमत्ता में प्रगति करने से यह बहुत ही संवेदनशील हो जाएगी और मनुष्य के नियंत्रण से परे कार्य करेगी। एआई तकनीक के अधिक सुलभ होने से आपराधिक गतिविधियों में भी इजाफा हो सकता है। कहना गलत नहीं होगा कि यह व्यापक आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता तक को जन्म दे सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई के बड़े जोखिम हैं।

अंत में एआई कोई इंसान नहीं है, यह मशीन है और एआई मशीनों में इंसानों की तरह का दिमाग यानी बौद्धिक क्षमता लाने वाली टेक्नोलॉजी है। इसे आर्टिफिशियल तरीके से डेवलप किया गया है और कोडिंग के जरिए मशीनों में इंसानों की तरह इंटेलिजेंस डेवलप की जाती है, ताकि वह इंसानों की तरह सीख सके। खुद से फैसले ले सके, विभिन्न कमांड आदि को फॉलो कर सके। कुल मिलाकर मल्टी टास्किंग कर सके, लेकिन तकनीक का सही व विवेकपूर्ण उपयोग ही किया जाना चाहिए, क्योंकि अविवेकपूर्ण व गलत उपयोग तबाही को जन्म दे सकता है।

## प्रसंगवश

# चिंतन और विचार का वास्ता ज्ञान से नहीं समाधान से

अध्ययन और ज्ञान की अधिकता से मनुष्य विद्वान या ज्ञानी (जानकार) तो बन जाता है, परंतु समझदार नहीं बन जाता। ज्ञान प्रायः समझदारी में बाधक होता है। आए दिन के व्यवहार में विद्वान लोग सामान्य साक्षर, यहां तक कि निरक्षर, लोगों की तुलना में अधिक भूलें करते हैं। कारण वे अपने पर नहीं, उन पंडितों पर भरोसा करते हैं, जिन्होंने वे पुस्तकें लिखीं जिनको पढ़कर वे ज्ञानी बने हैं। वे अपने सामने की परिस्थितियों और अपनी समस्याओं का समाधान किसी दूसरे देशकाल की, मिलती-जुलती समस्याओं के समाधान से पाना चाहते हैं, इसलिए प्रायः भयंकर गलतियां करते हैं और उनकी ओर ध्यान दिलाने पर भी सुधार नहीं कर पाते। अशिक्षित या अल्प शिक्षित लोगों के लिए एक अपशब्द है, अनाड़ी।



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

बहुपठित लोगों के लिए एक दूसरा शब्द है, ठस दिमाग अर्थात जिनका दिमाग ज्ञान से ठसाठस भरा हुआ है और जिसमें किसी नए ज्ञान के लिए जगह ही, नहीं रह गई है। इसी को अंग्रेजी में ब्लॉक हेडेड कहते हैं, जो भी एक शब्द हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इसके श्रुतिदोष के कारण इसे 60 मानकर 'सठियाना' मुहावरा बना है। कारण, हमारी परंपरा में वयोवृद्ध लोगों को ज्ञानवृद्ध माना जाता रहा है, न कि ज्ञानजड़। इसे लेकर लोक से लेकर साहित्य तक कहानियां भरी पड़ी हैं, जो भी हो, इस जड़ता के पीछे किसी तरह का दैन्य नहीं, अपितु दंभ हुआ करता है। इसका बहुत सुंदर उदाहरण सिकंदर के साथ आए यूनानी लेखकों ने दिया है। कहते हैं सिकंदर से अरस्तू ने कहा था कि यदि तुम भारत जाना तो वहां से एक दार्शनिक लेते आना। उसके अनुसार सिकंदर ने वापसी से पहले अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे किसी दार्शनिक को बुलाकर लाएं। वे एक दार्शनिक के पास पहुंचे और उसे सिकंदर परिचय देकर साथ चलने का प्रस्ताव रखा तो उसने इंकार करते हुए कहा, 'मुझे तुम्हारे बादशाह की दौलत और ताकत से कुछ भी लेना देना नहीं। मैं उसके पास क्यों चलूंगा। लौटकर उन्होंने सिकंदर को उसका उत्तर सुनाया तो सिकंदर स्वयं उससे मिलने गया। प्राचीन काल में भाषा का संकट दूर करने के लिए प्रायः प्रतीकों में बात हुआ करती थी। सिकंदर ने उसके सामने मक्खन से लबालब भरा हुआ एक प्याला पेश किया, जिसका अर्थ था, हमारे ग्रीस का ज्ञान लबालब भरा हुआ है, उसमें कोई कमी नहीं है। उसे दार्शनिक ने एक तिनका उठाया और उसे भरे हुए मक्खन के प्याले में खोंस दिया, जिसका अर्थ था कि ज्ञान जिस भी पराकाष्ठा पर क्यों न पहुंचा हुआ हो, उसमें नए ज्ञान की संभावना बनी रहती है।

कहते हैं सिकंदर उसके सामने नतमस्तक हो गया। याद नहीं उन विवरणों में उसे भारतीय दार्शनिक का नाम दिया हुआ था या नहीं। परंतु कहते हैं उसके बाद सिकंदर ने ज्ञान के दो केंद्र बनाने का इरादा किया था, एक यूनानी ज्ञान के लिए भारत में और दूसरा भारतीय ज्ञान के लिए यूनान में। जीवित रहता तो शायद पूरा भी किया होता। इसे बचपन में भजनीकों से सुना था फिर बाद से डूगल्ड स्टीवर्ट के ग्रंथ में पढ़ा। प्रतिभाशाली व्यक्ति भावुक और कल्पनाशील होता है और अपेक्षाकृत कम आयु में ही अपने मनोभाव को व्यक्त करने के माध्यम पर दक्षता प्राप्त कर लेता है, यद्यपि यह भ्रम भी पाल लेता है कि वह दूसरों से अधिक मनस्वी है। वह प्रायः इस आत्ममुग्धता से इतना ग्रस्त हो जाता है कि अपने भावोच्छ्वास को ऊंचे दर्जे का विचार मान लेता है और अपनी समकक्षता में किसी चिंतक को रखता ही नहीं। लोग भी उसके बहकावे में आ जाते हैं।

चिंतन और विचार का संबंध मनन से है। ज्ञान से नहीं समाधान से और समाधान पर्यंत ऊहापोह से है। इसके लिए पुस्तकीय ज्ञान की जरूरत नहीं, ध्यान और अनुसंधान से है। यह कहने का अधिकार मुझे है। अल्वा एडिसन को याद करेंगे तो आप भी मान जाएंगे। मैं किसी वस्तु, व्यक्ति या कथन को सतही या इकहरे रूप में मान नहीं सकता इसलिए मेरे लिए कोई अच्छा या बुरा होता ही नहीं। सही या गलत काम होते हैं और उनके कारण होते हैं। कुछ कारण प्रकृति प्रदत्त होते हैं, जिन पर व्यक्ति का वश ही नहीं होता, यह इतने सुथरे रूप में तो नहीं, किंचित शब्दातीत रूप में मेरे भीतर इतनी छोटी उम्र में आ गया था कि सोचकर स्वयं विश्वास नहीं कर पाता था।

# पर्यटन और धरोहर संरक्षण के अतर्संबंध

कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के बहुत बुरे नतीजे सामने आए हैं। अंग्रेजों के समय इन क्षेत्रों में पर्वतीय स्टेशन विकसित किए गए जो कि ठंडे देश से आने वाले यूरोपियन लोगों की शारीरिक जरूरत थे। यहां इन्होंने स्वास्थ्य सदन बनाए। इन स्थानों पर भारतीयों को नौकर रखा गया। कुछेक के लिए जैसे कि ऊटकमंड, दार्जिलिंग और शिमला के लिए रेल लाइन निकाली गईं।

सभी पर्वतीय स्टेशन की अभी की पर्यावरण मूल्यांकन रिपोर्ट में इनकी दुर्गति की कहानी लिखी हुई है, जहां भी गैर-स्थानीय लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं वहां के जीवन निर्वाह प्रणाली पर जबरदस्त दबाव बनाते हैं। होटलों की भरमार, कूड़ा-करकट, गंदा या मल जल, पीने के स्वच्छ पानी की किल्लत, वहिकुलर पाल्यूशन, संक्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव, भूमि पर दबाव, पार्किंग की कमी और न जाने क्या क्या। यह मामला सिर्फ आंकड़ों और इकॉनोमिक्स के आईने में ही नहीं, बल्कि सडन मानव गतिशीलता और संसाधन उपलब्धता से जुड़ा हैं, जिसके निहितार्थ भयानक है। जमीन पर कब्जों को लेकर देश के भीतर और बाहर कम्पटीशन है। पाकिस्तान और चीन को लेकर यह खूनी संघर्ष मात्र पर्यटन को लेकर नहीं है, बल्कि प्राकृति संशाधनों को लेकर है।

कश्मीर क्षेत्र में मुस्लिम बाहुल्य हुआ। अगर यह न होता तो क्या होता, इस बारे में अनुकरणित अध्ययन क्यों नहीं किया जाता। स्थानीय लोग चाहे कोई भी हों, किसी भी धर्म से हों, जियो-पॉलिटिक्स उसकी प्रकृति को तय करती है। पर्यटन से उलटा नुकसान होगा। अगर कुछ करना ही था तो वह सन्



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े।

1948-1950 के दौरान करना था जब कश्मीर की डेमोग्राफी को बदल दिया जाना चाहिए था, लेकिन क्या संभव और क्या नहीं यह मजबूत इरादे, पहल और परिस्थितियों पर निर्भर हुआ।

कश्मीर में सेना की तैनाती होने से क्या सैनिक वहां पर पर्यटन करते हैं? क्या इनकी तैनाती सिर्फ पर्यटकों की सुरक्षा के लिए होती है? बहुत से तीर्थ-स्थलों का परिवेश अत्यंत संक्रामक विषाणुओं और जीवाणुओं के पनपने के आदर्श स्थल बन चुके हैं। इनकी सैनिटेशन ऑफ हाइजीन की दशाएं निम्न स्तर से भी निम्न दिखती हैं। हमें मंदिरों और तीर्थ-स्थलों के आसपास की स्वच्छता के सर्वे कभी नहीं किए और इनके इर्द-गिर्द कितने और कैसे रोगजनक (पैथोज्न्स) की उपस्थिति है, हमें मालूम ही नहीं।

जहां तक मंदिरों और तीर्थ-स्थलों का सवाल है, पर्यटन ने इनका अक्स और छवि दोनों को बदला है। सभी तीर्थ अब व्यावसायिक स्थल अधिक और सुकून और अध्यात्म से भरपूर कम नजर आते हैं। विशाल और ऐतिहासिक महत्व के जिन मंदिरों को ऐतिहासिक नगरों ने निकट स्थापित किया गया या कालांतर में इन मंदिरों के निकट ही नगर विकसित हो गए हैं, उन सबके परिवेश की हालत इस समय अत्यंत खराब हो चुकी है। देश के आधे से अधिक मंदिरों के आसपास कमर्शियल गतिविधि ने इनकी दृश्यावली को बर्बाद कर दिया है।

अब समय है हम यूरोपियन पद्धति से अपने देश में पर्यटन न करें और विशुद्ध भारतीय पद्धति का विकास करें। इसके लिए चाहे कुछ भी करना पड़े, लेकिन अफसोस है कि समाज की रचना, समाज की ओछी समझ और पॉलिटिशियंस की खुद की मजबूरी उन्हें शासकीय, सही निर्णय लेने से रोकती है। पर्वतीय क्षेत्र ही नहीं मैदानों में स्थित तीर्थ स्थलों के संरक्षण के लिए पर्यावरण, विज्ञान, तकनीक और अर्बन डेवलपमेंट मिनिस्ट्रीज को भारत पुरातत्व-सर्वेक्षण विभाग की मदद करनी चाहिए और इस बाबत पुरातात्विक संपदा संरक्षण एक्ट में संशोधन करने चाहिए। ऐसा न हो कि एएसआई एक लाचार और बेबस संस्था दिखे और अनंतकाल तक जिसे फंड्स-दुर्भिक्ष का सामना करते रहना हो।

क्या भारत में पुरातत्व विभाग को पर्यटन के हिसाब से ढाला जा रहा है। होना चाहिए था कि भारत पुरातत्व विभाग अपने सभी पुरास्थलों पर शानदार डाक्यूमेंट्री या फीचर फिल्म बनाने के लिए दक्ष सिने-निर्माताओं को निमंत्रित करता, लेकिन यह काम सन 1950 से 1960 के बीच हो जाना चाहिए था। भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में एक पुरा-स्थल 'इंटेलिजेंस सिस्टम' भी होना चाहिए जिसके लिए डाटा ग्राउंड बेस्ड और सॅटॅलाइट सोर्सेज से जुटाया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# बौद्धिक अराजकता के युग में

इधर कूपमंडूकता ने राजनीतिक शक्ति अर्जित कर भारत की महान परंपराओं की समझ और 19वीं-20वीं सदी की उदारवादी साहित्यिक उपलब्धियों पर हमला चला रखा है। पुरानी रूढ़िवादी सोच बीते दिनों की बात हो गई थी, पर इसने आधुनिक मस्तिष्क को इन दिनों बुरी तरह घेर लिया है। बिग मीडिया सबसे ताकतवर बुलडोजर बना हुआ है।

यह बड़े पैमाने पर बौद्धिक विध्वंस कर रहा है और लोगों की खुद सोचने की शक्ति मिटा रहा है। इस परिदृश्य में 'डेढ़ हल्दी की गांठ' लेकर ही कई व्यक्ति बड़े पंसारी बनकर घूम रहे हैं। एक वैचारिक किताब पूरी नहीं पढ़ी है और सबसे बड़े ज्ञानी हैं। पहले कहा जाता था, 'मूड़ मुड़ाय भए संन्यासी' और 'मन न रंगाय रंगाये जोगी कपड़ा'! सवाल है, जब लोग नवनिर्मित अंधविश्वासों के चमकते संसार में लाए जा चुके हैं और ज्ञान की दुनिया के राजनीतिक क्रीतदास हमारी साहित्यिक परंपराओं पर हमले कर रहे हैं, लेखकों पर हमले कर रहे हैं और पीतल को सोना घोषित कर रहे हैं, हम क्या करें। पहली बात यह

मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

है कि हम 21 वीं सदी में 'सार्वभौम बौद्धिक पतन', 'हिंसक सभ्यता की दिग्विजय' और 'ज्ञान के संसार में सौ साल से भूखे डायनासोरों के उत्पात' को समझें।

इन सबने हमारे समाज को जंगल बना दिया है। वे जोकरों से अधिक नहीं हैं, उन पर हंसने से अधिक कुछ नहीं किया जा सकता। क्या यह अच्छा नहीं कि हम बताएं कि बौद्धिक अराजकता के इस युग में भी जगह-जगह वैचारिक अदहन चढ़ा हुआ है। जगह-जगह युग सत्य पक रहा है और सामने रहा है। लोग ध्वस्त किए गए हैं, पर मिटे नहीं हैं। वे बोल रहे हैं। मानव मस्तिष्क से बुद्धि की प्राकृतिक शक्ति को, तर्क की शक्ति को और अपनी बहुरंगी श्रेष्ठताओं को बचाने की शक्ति को मिटाया नहीं जा सकता। **-फेसबुक वॉल से**

# कराहती नदियां किससे करें पुकार

पवित्र जीवनदायनी नदियां कराह रही हैं, कूड़ाघर बनने को मजबूर है। कुकरैल नदी की तरह सब नदियों को भागीरथ मिलेगा? गंगा, यमुना, घाघरा, बेतवा, सरयू, गोमती, काली, आमी, राप्ती केन मंदागिनी आदि नदियों के सामने अपने आपको बनाए रखने की चिंता खड़ी हो गई है। बालू के नाम पर नदियों के तट पर कब्जा जमा बैठे माफियाओं और उद्योगों ने नदियों की सुरम्यता को अशांत कर दिया। अशांत इसलिए क्योंकि प्रदूषण फैलाने वाले और पर्यावरण को नष्ट करने वाले अपराधियों का बोलबाला है। जलस्रोत पाटकर माफिया दिन रात लूट के खेल में लगे हुए है। नदियों के साथ छेड़छाड़ और अपने स्वार्थों के लिए नदियों को समाप्त करने की साजिश निरंतर चल रही है। गंगा पर एक्सप्रेस-वे से गंगा नदी के इर्द गिर्द रहने वाले 50 हजार से ज्यादा दुर्लभ पशु-पक्षियों के समाप्त हो जाने का खतरा है।

नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा हैं। नदियों के मुहाने और नदियों के पाट स्वार्थों की बलिवेदी पर नीलाम हो रहे हैं। अत्याधिक रेत खनन के चलते जल जीवों के सामने संकट मडरा रहा है। गंगा की औसत गहराई जहां 2004-2005 में 12 मीटर थी वह 10 वर्ष पहले 2044-2025 में 10 मीटर रह गई है।



सुरेन्द्र अग्निहोत्री
वरिष्ठ पत्रकार

नदी को देवी और मां के रूप में दर्जा देने वाले गंगा और यमुना के मैदानी भागों में माफियाओं और सत्ताधीशों की जुगलबंदी का खौफनाक मंजर साफ दिख रहा है।

वर्तमान समय में जलस्तर में गिरावट जारी है। आईआईटी कानपुर के एक शोध पत्र में स्पष्ट बताया गया है कि पूरे प्रवाह में गंगा करीब चार मीटर उथली हो चुकी है। गाद सिल्ट के बोझ से बांधों की आयु घटती जा रही है। जीवनदायनी और सदानीरा गंगा कानपुर के पास दशक भर पूर्व 15 से 20 मीटर गहरी थी जबकि पहाड़ी इलाकों में इसकी गहराई मात्र चार मीटर ही गहरी थी। जलवायु वेत्ता परमेश्वर सिंह अपनी किताब पर्यावरण के राष्ट्रीय आयाम में नदियों के घटते दायरे पर चिंता जता चुके हैं। वह कहते हैं बात केवल गंगा तक ही सीमित नहीं है। गत एक दशक में बूढ़ी गंडक 6 से 4 मीटर, घाघरा 6 से 4 मीटर, बागमती 5 से 3 मीटर। राप्ती 4.5 एवं यमुना की औसत गहराई इन वर्षों के अंतराल में 3.5 से दो मीटर तक कम हो चुकी है। नदियों का पानी पीने लायक तक नहीं बचा है। कभी बेतवा नदी का पानी इतना साफ व स्वास्थ्यवर्धक रहता था कि टीबी के मरीज भी इस जल का सेवन कर स्वस्थ हो जाते थे। आज बेतवा नदी के किनारे की बस्ती के लोग उसमें गंदगी डाल रहे है। पानी बहुत प्रदूषित हुआ है। यमुना नदी में पुराना यमुना घाट से लेकर यमुना पुल तक नदियों में शव, गंदगी फेंकी और बहाई जाती है।

हमीरपुर का पानी पुराने यमुना घाट में नाले के जरिए यमुना नदी में डाला जा रहा है। डुमरियागंज से निकली आमी नदी सरयू नदी, काली नदी का बुरा हाल है। किसानों की सूखती फसलों को इन नदियों से पानी मिलता था खेत लहलहा उठते थें। मछलियां, कीड़े मकोड़े सभी खूब अठखेलियां करते। जलीय पौधे भी स्वस्थ रहते थे, लेकिन सब दिन एक जैसे नहीं होते। आज खुद को नदियां देखती हैं, तो हूक सी उठती है, लेकिन सुना है कि मोक्षदायिनी मां गंगा भी मैली होती जा रही है। हे राम। मैं तो आखिरी सांसें गिन ही रही हूं। गंगा में गिरने वाले नालों को पूरी तरह रोकने तथा सीवरेज के ट्रीटमेंट का भरोसा फिर यह सवाल भी उठना लाजमी है। गंगा तट पर वाराणसी समेत 116 शहर बसे है, जिनकी आबादी एक लाख से ज्यादा है। इन शहर के नालों से गिरने वाली गंदगी ही गंगा के 95 फीसदी प्रदूषण का कारण मतवाले मानसून के बल पर सदानीरा बनने वाली नदियां वर्षा के बूंदों को अपने आंचल में छुपाकर एक लंबी यात्रा के साथ हमारे होठों को तरलता देकर जीवन चक्र को गतिमान करती है। प्रकृति के इस विराट खेल का अंदाजा इसी बात से चल जाता है कि भारत के पश्चिमी तट पर करीब 75 अरब टन जल बरसता है। भारत का मैदानी इलाका 15 लाख किमी के क्षेत्र में फैला है। इस क्षेत्र में 1.7 सेमी औसत दैनिक वर्षा का अर्थ हुआ कि पश्चिमी तट से भारत में प्रवेश करने वाला वाष्प का एक तिहाई भाग जल में परिवर्तित होता है।

जल है तो कल है का नारा लगाने वाले भारतीय मानसून नामक अरबी शब्द से अपनी सारी आशा आकांक्षाएं और आंशकाएं प्रकट करते हैं। गंगा और यमुना का मैदानी भाग दुनिया का सबसे उपजाऊ क्षेत्र माना जाता है, लेकिन अब गंगा ही नही बेतवा, केन, शहजाद, सजनाम, जामुनी, बढ़ार, बंडई, मंदागनी, नारायन जैसी अनेक छोटी बड़ी बुंदेलखंड में बहने वाली नदियों पर संकट खड़ा हो गया है। कराहती नदियां अपनी पीड़ा कहे तो किससे कहे? कौन सुनेगा नदी की अकाल मृत्यु की शोक गाथा। कौन मनाएगा मातम? क्या जब सब कुछ चुक जाएगा , तब हमें याद आएगा। एक नदी थी, जो देती थी हमें जीवनदान, जिससे उपजता था हमारा अन्न धान, हमने किया व्यवधान, खत्म हो गए नदी के प्राण।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## सार-संक्षेप

### समर कैंप समाप्त, 16 जून से खुलेंगे स्कूल



**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में चल रहे उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप का समापन सोमवार को हो गया। अंतिम दिन विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अभिभावकों ने अपना फीडबैक दिया। बच्चों ने रचनात्मकता, आत्मविश्वास, जीवन कौशल, सांस्कृतिक समझ, पर्यावरणीय जागरूकता, शिक्षक, विद्यार्थी और विद्यालय समुदाय संबंधों के बारे में जाना। अब 16 जून से स्कूल खुल जाएंगे। वहीं प्राथमिक स्कूलों में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से बच्चों को समर कैंप आयोजित हुए। तीन सप्ताह चले कैंप में छात्रों की उपस्थिति लगभग 60 प्रतिशत बताई जा रही है। अभिभावकों और विद्यार्थियों ने अपना फीडबैक दिया। एसआरजी लक्ष्मी शुक्ला ने बताया समर कैंप खत्म हो गया है। अब स्कूल खुलेंगे।

### समर कैंप के समापन पर बच्चों ने साझा किए अनुभव

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में समर कैंप का समापन समारोह मनाया गया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों की ओर से बनाए गए कला क्राफ्ट और सामान की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, व्यायाम, खेल और कला क्राफ्ट लेखन के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक नरेश गंगवार, रेखा शर्मा, शुभ्रा शर्मा, अभिभावक व छात्र उपस्थित रहे।

### शैक्षणिक गतिविधियों के साथ समर कैंप का संपन्न



**शेरगढ़,अमृत विचार :** ब्लॉक के कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 21 मई से शुरू हुए समर कैंप का मंगलवार को खेलकूद एवं शैक्षिक गतिविधियों के साथ समापन हो गया। इस दौरान गुरुजनों ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता आत्मविश्वास एवं जीवन कौशल का विकास करने का बेहतर प्रयास किया। बीईओ मुकेश कुमार भारती, एआरपी महिमा दीक्षित समर कैंप का भ्रमण कर फीडबैक लेते रहे। समर कैंप के समापन पर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षक संजीव कुमार,जयपाल श्रीवास्तव, धर्मवीर,हरी शंकर,पीएस सक्सेना,सुरेंद्र वर्मा, राकेश श्रीवास्तव,सोमपाल,सीमा सक्सेना,हर प्यारी,सुषमा कश्यप,अर्चना शर्मा,रेशम वती,प्रभा कुमारी,इंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया पुरस्कृत



**भोजीपुरा, संवाददाता:** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित कम्पोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तीन सप्ताह से चल रहे समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। समर कैंप में बेसिक विभाग द्वारा निर्धारित बिंदुओं पर संबंधित शिक्षकों की ओर से पाठशालाएं आयोजित की गईं। ब्लॉक क्षेत्र भोजीपुरा के सभी कंपोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में योग, स्मार्ट क्लास, पर्यावरण संरक्षण,जल व ऊर्जा संरक्षण, वृक्षारोपण, रंगमंच, संगीत और नाटक छात्र छात्राओं को गतिविधियां संचालित कराई गईं। मंगलवार को कन्या क्रमोत्तर विद्यालय भोजीपुरा में समापन समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कन्या क्रमोत्तर विद्यालय में पीपल साना चौधरी के प्रधान वीरेंद्र शाही को एआरपी प्रमोद कुमार शर्मा ने सम्मानित किया। इसी तरह ब्लॉक के सभी कंपोजिट और उच्च प्राथमिक विद्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गुरुजोत सिंह,जीवती दुग्वाल, कल्पना गंगवार, राजीव कुमार, सपना सभी विद्यालय का अन्य स्टॉफ मौजूद रहे।

### गोलू देवता मंदिर में हुआ रामायण पाठ



**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के गोलू देवता मंदिर में शिलान्यास के दूसरे वार्षिकोत्सव पर मंगलवार को रामायण पाठ का आयोजन हुआ। हवन पूजन में लगभग 100 कन्याओं ने भाग लिया। राधेश्याम भजन मंडली के कमल किशोर शर्मा ने भी भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी। पर्वतीय समाज की महिलाओं ने गोलू देवता की आराधना की आ भजन गाए। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष कुमार पारस, संस्थापक डॉ महेंद्र कुमार सक्सेना उमा बिष्ट, हर्षित, नीमा, रमेश, सर्वेश कुमार प्रधानाचार्य सुमित कुमार, होरी लाल,ओम शंकर, सुख लाल गंगवार, पूर्व प्रधान चंद्र वल्लभ तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने भीषण गर्मी में किया शरबत वितरण

**आंवला, अमृत विचार :** पुलिस ने शिव मंदिर पर शीतल शरबत वितरण किया। कार्यक्रम में कस्बे के वृद्धा आश्रम के वृद्ध और मानसिक मंदित आश्रम के मूकबधिरों को अतिथि बनाकर शामिल किया गया। पुलिस ने शरबत के साथ मिष्ठान, फल आदि वितरित किए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी आंवला नितिन कुमार, इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम प्रमोद कुमार, व्यापारी नेता सुनील गुप्ता, मशकूर खान, अमित शर्मा, समेत समस्त पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### गर्मी के चलते दो दिन काम नहीं करेंगे अधिवक्ता

**आंवला, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते अधिवक्ताओं ने दो दिन कार्य नहीं करने की घोषणा की है। अधिवक्ताओं ने गुरुवार से कार्य करने की बात कही है। आंवला बार एसोसिएशन के महासचिव राजपाल मौर्य ने बताया कि वर्तमान में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसलिए बार ने वादकारियों के हित को ध्यान में रखते हुए दो दिन मंगलवार और बुधवार को सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। महासचिव ने सभी अधिवक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

### बाबा साहेब की प्रतिमा हटाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** ग्राम बड़ागांव के मजरा गंगापुर में ब्रह्मदेव स्थल के लिए आरक्षित भूमि के एक हिस्से पर गांव के ही कुछ लोगों ने कब्जे के उद्देश्य से 7 जून की रात बाबा साहेब की प्रतिमा लगा दी। जिसका गांव का ही दूसरा पक्ष विरोध कर रहा है। जानकारी होने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों पक्षों को बुलाकर प्रतिमा हटवाने का प्रयास किया, लेकिन लाख समझाने के बाद भी प्रतिमा लगाने वाला पक्ष उसे हटाने को तैयार नहीं हैं। जिस पर लेखपाल ने इस वर्ग के सात और ग्राम प्रधान सहित कुछ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है, लेकिन प्रतिमा अभी भी नहीं हट सकी है। मामले के तूल पकड़ने पर गोपनीय विभाग के अधिकारियों ने भी स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। वहीं दूसरे पक्ष के ग्रामीणों सुरेन्द्र पाल, वेद प्रकाश, रोहन लाल, अजय पाल व शिवकुमार आदि ने उपजिलाधिकारी को मांगपत्र देकर बिना अनुमति के ब्रह्मदेव स्थल पर लगाई गई बाबा साहेब की प्रतिमा हटवाने की मांग की है।

### बड़े मंगलवार पर सुंदरकांड का पाठ किया

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** इस समय पड़ रही भीषण गर्मी से निजात पाने एवं मानसून शीघ्र आने और नगर में खुशहाली के लिए मंगलवार को नागरिकों ने सुंदरकांड का पाठ किया गया। जो पंडित उमेश चंद शास्त्री के नेतृत्व में हुआ। सुंदरकांड के पाठ के बाद प्रसाद वितरण किया। आयोजन कराने वालों में मुख्य रूप से कामराज मिश्रा, प्रशांत मिश्रा, पवनराज मिश्रा, अरुण मिश्रा,हनू, अंजलि यादव, चन्द्रपाल सक्सेना, राकेश गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर 22 लाख रुपये ठगे

## सेवानिवृत्त शिक्षक से पिता-पुत्र ने की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचारः** ठगों ने एक सेवानिवृत्त शिक्षक को उनके बेटों की पुलिस में नौकरी लगवाने के नाम पर 22 लाख रुपये ले लिए। नौकरी नहीं लगने पर जब उसने रुपये वापस मांगे तो मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

रामप्रसाद निवासी ग्राम सिंधौली ने बताया वह सेवानिवृत्त शिक्षक है और पैरालिसिस है। उसकी मुलाकात विवेक कुमार मौर्य निवासी अनवा थाना शाहाबाद जिला रामपुर से 2023 में हुई थी। जिसने स्वयं को राष्ट्रीय चैनल का पत्रकार बताया था। पुलिस विभाग में अच्छी पकड़ और जान पहचान बताई थी, उसने कहा आपके दोनों बेटे बेरोजगार हैं। पैसे की व्यवस्था करोगे तो उनकी नौकरी पुलिस में लगवा दूंगा। विवेक कुमार मौर्य अपने पिता मानवेंद्र को लेकर उसके घर आया और उसके बेटों के कागज लिए और कहा 30 लाख रुपये खर्च होंगे एक या डेढ़ साल में नौकरी का नियुक्ति पत्र आ जाएगा। उसने लखनऊ में अपने सहयोगी संजय मिश्रा और कोतवाल विजेंद्र सिंह जो डीजीपी दफ्तर लखनऊ में पैसा पहुंचाते हैं। सभी लोगों की बात पर भरोसा करके 17 नवंबर 2023 से 11 नवंबर 2024 तक अलग-अलग तारीखों में 22 लाख रुपये गवाहों की मौजूदगी में विवेक कुमार और उसके पिता मानवेंद्र कुमार को दिए। 15 जनवरी 2025 को ज्वाइनिंग लेटर देने का वादा किया। ज्वाइनिंग लेटर नहीं आया तो कहा तुम अपना रुपया रुपया भूल जाओ वरना दोनों बेटों को जेल में सड़वा देंगे। जब वह आरोपी के घर गया तो वहां मौजूद विवेक मौर्य और मानवेंद्र ने उसके साथ गए लोगों को गालियां दी और मारापीटा और उसके पुत्रों को जान से मरवाने की धमकी दी। अब वह रुपये वापस पाने के लिए भटक रहा है। प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने बताया विशेष न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट के आदेश के तहत आरोपी विवेक कुमार मौर्य, मानवेंद्र, संजय कुमार मिश्रा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आईफोन का लालच देकर ढाई लाख रुपये की ठगी

**कैंट, अमृत विचार :** वीडियो लाइक करने और शेयर करने के बदले आईफोन देने का लालच देकर साइबर ठगों ने एक युवक से ढाई लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने आईफोन और रुपये नहीं मिलने पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। शांति नगर कॉलोनी निवासी त्रिवेंद्र कुमार पाल ने बताया 28 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर वीडियो को लाइक व शेयर करने पर उन्हें मनीष जैन नाम के एक व्यक्ति ने आईफोन देने का लालच देकर अपने खाते में ढाई लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। आरोपी ने 4 मई को हाजरा नाम की एक महिला के खाते में भी यह कहकर रुपये ट्रांसफर कराए कि कुछ ही समय में सारे रुपये ऑनलाइन ही वापस आ जाएंगे। काफी समय तक रकम वापस नहीं आई और न ही आईफोन मिला। इसके बाद उसके फोन करने पर आरोपियों ने फोन रिसीव करना बंद कर दिया। पीड़ित ने अपने साथ ठगी होने का एहसास होने पर 6 जून को कैंट थाने में तहरीर दी। पुलिस ने सोमवार देर रात उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ साइबर ठगी रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## शादी का झांसा देकर शोषण करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**अलीगंज, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर एक किशोरी से एक साल तक संबंध बनाने वाले आरोपी पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

बता दें किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया। परंतु आरोपी की पुलिस से परिचय के चलते कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज परिजन ग्रामीणों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से थाने पहुंच गए और कार्रवाई की मांग कर हंगामा करने लगे। आखिरकार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया उसके गांव का टाल संचालक ताहिर खुद को नेता बताता है। उसने उसकी बहन के साथ निकाह का झांसा देकर एक साल तक अवैध संबंध बनाए। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। जब उसने इसकी शिकायत पुलिस में की तो आरोपी ने मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की। पीड़िता के भाई ने बताया कि उसने प्रधान के साथ गैनी पुलिस चौकी और अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने पहले टालमटोल की। इसके बाद वह परिजनों और ग्रामीणों के थाने पहुंचा उसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

# निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता की होगी जांच

- डीएम के आदेश पर परियोजनाओं की तैयार की गई सूची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में एक करोड़ की लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। डीएम के आदेश पर परियोजनाओं की सूची तैयार कर ली गई है। जल्द ही जांच का आदेश दिया जाएगा। अधिकारियों को एक सप्ताह में जांच रिपोर्ट देनी होगी और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

जिले में अलग-अलग विभागों की कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अलग-अलग कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्य करा रहीं हैं। पिछले सप्ताह डीएम ने एक करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा कर निर्माण मानकों के अनुसार हो रहा है या नहीं, इसकी गुणवत्ता की जांच कराने के आदेश दिए थे। डीएम के आदेश पर निर्माण कार्यों के नोडल अधिकारी जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी अजय श्रीवास्तव की ओर से जिन-जिन परियोजनाओं के गुणवत्ता की जांच करानी है, उसकी सूची तैयार करा ली है। जांच के लिए पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंताओं समेत अन्य विभागों के तकनीकी अधिकारियों को शामिल किया गया है।

### इन परियोजनाओं की गुणवत्ता की होगी जांच

परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए देवहा नदी के पास इनौनिया मोहनपुर और इरादत नगर आदि गांवों की सुरक्षा के लिए कटान निरोधक कार्य, बहेड़ी में बहगुल नदी के पास स्थित कस्बा शाही, रम्पुरा, नारा आदि ग्राम समूह की सुरक्षा के लिए कटान निरोधक कार्य, रामगंगा नदी के किनारे स्थित गुजराही, ऐंठपुर, रम्पुरा इनायतपुर, गोठा आदि गांवों में सुरक्षा के लिए दो बोल्डर स्पर निर्माण कार्य शामिल है। इसके अलावा बहेड़ी, मझगवां, दमखोदा, रामनगर और क्यारा में निर्माणाधीन छात्रावास समेत पर्यटन विभाग के धोपेश्वरनाथ, रामनगर के अहिछत्र में गागर, सागर तालाब, बिथरी चैनपुर में मंदिर निर्माण का कार्यों की गुणवत्ता की जांच होगी।

## सिद्धि विनायक में मेगा पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव संपन्न

**बरेली, अमृत विचारः** श्री सिद्धि विनायक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में स्टील स्ट्रिप्स व्हील्स, मेहसाणा गुजरात के सहयोग से एक मेगा पूल ऑन कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें सिद्धि विनायक ग्रुप के अलावा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित कई इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के विशेष रूप से बीटेक मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक मैकेनिकल ऑटोमोबाइल, प्रोडक्शन और इलेक्ट्रिकल के विद्यार्थी शामिल हुए।

कंपनी के एचआर हेड ने विद्यार्थियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से कंपनी की कार्यशैली, क्लाइंट बेस और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी दी। प्लेसमेंट प्रक्रिया के प्रथम चरण में तकनीकी लिखित परीक्षा और प्रेजेंटेशन के आधार पर प्रतिभागियों को शार्टलिस्ट किया गया। इसके बाद द्वितीय चरण में चयनित छात्रों का साक्षात्कार हुआ। इस पूरी प्रक्रिया में 500 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसके बाद अंत में 50 बीटेक और 125 पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों का चयन कंपनी में रोजगार के लिए किया गया। इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन अनुपम कपूर, मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल कपूर, ट्रस्ट प्रशासक डॉ. रजत मेहरोत्रा, डीएम एकेडमिक डॉ. सुधाकर जैन, प्रिंसिपल एचएस गंगवार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मनीष वार्ष्णेय, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक अनूप सक्सेना और एकेडमिक कॉर्डिनेटर अभिनव सक्सेना ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

## दबंगों ने घर में घुसकर दो बहनों से की मारपीट

**फरीदपुर अमृत विचार :** घर में घुस कर दो बहनों से प्रधान और उसके साथियों ने मारपीट करते हुए छेड़छाड़ की, आरोपियों ने दोनों बहनों के कपड़े फाड़े, शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सूचना पर पहुंची यूपी 112 पुलिस के सामने दबंगों ने फिर से आकर लाठी- डंडे लहराए।

पीड़िता ने कोतवाली में प्रधान सहित निर्दोष, जसपाल, मोहित, आदेश, कुंवर पाल आदि के खिलाफ नामजद दी तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं दूसरे पक्ष की महिला ने भी अवैध कब्जे का विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## डिपो के समीप कॉलोनी में निर्माण पर प्रतिबंध

- डिपो में पेट्रोल और डीजल का भंडारण होने से हादसे का डर

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचारः** डिपो के समीप नव निर्मित कॉलोनी में मकान निर्माण को लेकर बवाल हो गया। डिपो अधिकारी ने क्षेत्र की सुरक्षा का हवाला देकर निर्माण रुकवाने की मांग की। तहसील प्रशासन ने निर्माणाधीन मकान का कार्य रुकवा दिया है।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड आंवला के मुख्य डिपो प्रबंधक सौरभ सिंह एसडीएम को पूर्व में पत्र भेजकर डिपो की बाउंड्री के समीप भवन निर्माण कार्य रोकने की मांग कर चुके हैं। उन्होंने बताया था कि डिपो में पेट्रोल, डीजल, केरोसिन, इथेनॉल आदि ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण रहता है। यहां से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के जिलों को तेल सप्लाई दी जाती है। डिपो की बाउंड्री से सटाकर भवन निर्माण अथवा प्लाटिंग का कार्य शुरू किया गया है। यह डिपो के अंडर ग्राउंड टैंक दीवार के बहुत पास है। यह डिपो व आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नही है। डिपो में अत्यधिक तेल भंडारण होने के कारण यह मामला सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील है और यह बड़ा संकट उत्पन्न कर सकता है। डिपो प्रबंधक ने कार्रववाई की मांग की है। वहीं मंगलवार को पुनः डिपो अधिकारी की शिकायत पर तहसील टीम कालोनी में पहुंची। टीम ने आंवला निवासी प्रेमलता के मकान का निर्माण रुकवा दिया। मकान मालिक की सूचना पर कॉलोनी मालिक ने एसडीएम से कार्य शुरू कराने का आग्रह किया। एसडीएम एन राम ने बताया कि इस मामले में कॉलोनी मालिक और डिपो मुख्य प्रबंधक के साथ वार्ता की गई है। कॉलोनी मालिक ने डिपो के समीप बगैर नक्शा पास कराए प्लांट काटकर बेंच दिए। जबकि डिपो प्रबंधक डिपो के समीप भवन निर्माण न कराने की बात कह रहे हैं। दोनों पक्षों को सुनकर कॉलोनी मालिक से नक्शा पास कराने और डिपो प्रबंधक से चार दिन में डिपो के समीप भवन निर्माण न कराने के आदेश प्रस्तुत करने को कहा गया है। दोनों पक्षों द्वारा अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान, तहसीलदार, कानून गो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# जमीनों के फर्जीवाड़े में प्रॉपर्टी डीलर का मैनेजर घर से गिरफ्तार

- प्रॉपर्टी डीलर विजय अग्रवाल गिरोह का सक्रिय सदस्य है आरोपी कार्तिकेय त्रिपाठी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पुलिस ने जमीनों का फर्जीवाड़ा करने वाले विजय अग्रवाल के गिरोह के सदस्य कार्तिकेय त्रिपाठी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। वह विजय अग्रवाल के कहने पर फर्जी दस्तावेज के आधार पर लोगों की जमीनों का फर्जी बैनामा कराता था। इस प्रकरण में आरोपी लेखपाल सावन कुमार पहले ही जेल जा चुका है। पुलिस कार्तिकेय त्रिपाठी से पूछताछ कर रही है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने आरोपियों द्वारा किए गए फर्जीवाड़ा की जानकारी दी।

पुलिस जांच में पता चला है कि इस गिरोह में स्टाम्प वेंडर, लेखपाल समेत अन्य लोग शामिल हैं। इस गिरोह द्वारा कराई गईं कई फर्जी रजिस्ट्री सामने आ चुकी हैं। कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने आरोपी को उसके घर 230 मोहल्ला चौधरी गुलाब नगर निकट ब्रह्मदेव मन्दिर थाना किला से गिरफ्तार किया है। कार्तिकेय त्रिपाठी प्रॉपर्टी डीलर विजय अग्रवाल का मैनेजर था। विजय अग्रवाल और कार्तिकेय त्रिपाठी ने लेखपाल सावन कुमार तथा वेंडर के साथ मिलकर 17 मार्च 2023 को हरिओम के माध्यम से जमीन का फर्जी बैनामा पल्लव व प्रदीप के नाम कराया था। जिस जमीन का बैनामा कराया था। उसकी सरकारी कीमत 3.30 करोड़ रुपये थी। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि ये गिरोह बहुत ही शातिर है। ये लोग चालाकी से जमीन बेचने का काम करते हैं।



पुलिस गिरफ्त में कार्तिकेय त्रिपाठी।

### जानकारी जुटाकर तैयार करते थे दस्तावेज

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि गिरोह के जरिये पहले असली मालिक की जानकारी जुटाई जाती है। इसके बाद फर्जी दस्तावेज तैयार करके दूसरे व्यक्ति को रजिस्ट्री कर दी जाती है। इस पूरे प्रकरण में रजिस्ट्री कार्यालय, लेखपाल, वेंडर सभी शामिल रहते हैं। रजिस्ट्री होने के बाद अधिक कीमत में ये लोग जमीन बेच देते हैं। इस प्रकरण के आरोपी लेखपाल सावन कुमार और अमित राठौर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इस गिरोह पर 5 मुकदमे पंजीकृत हैं।

## हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत का माहौल खत्म कराएं पीएम : शहाबुद्दीन

- मुसलमान और सरकार के बीच बातचीत का सिलसिला बंद है, उसे खोलने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं से सभी समुदाय के लोगों को फायदा पहुंचा है।

मौलाना ने कहा कि प्रधानमंत्री के पिछले 10 साल के कार्यकाल में हिंदू - मुस्लिम की घटनाएं बहुत कम हुई हैं, लेकिन तीसरे कार्यकाल के पहले साल में ऐसी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में अल्पसंख्यकों के साथ हिंसक घटनाएं हुई हैं। इसके जिम्मेदार वो छोटे-छोटे संगठन हैं, जो आए दिन उत्पात मचाते हैं। प्रधानमंत्री को इन तमाम चीजों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। मुसलमान और सरकार के बीच बातचीत का सिलसिला बंद है। इसी वजह से दूरियां बढ़ी हैं। इसको दुरुस्त करने के लिए प्रधानमंत्री को अपने बंद दरवाजे खोलना होंगे। मुसलमानों से बातचीत करनी होगी। उन्होंने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा है कि किसी व्यक्ति या सरकार से बहुत दिनों तक टकराव की पॉलिसी पर अमल करना तरक्की और कामयाबी में बाधा है। इसलिए दुश्मनी छोड़कर दोस्ती करें, ताकि देश में अल्पसंख्यकों के हितों के लिए कुछ बेहतर हो सके।

### रिठौरा में पिलाया शरबत

जेष्ठ माह की पूर्णिमा पर क्षेत्र में आधा दर्जन स्थानों पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। इस पुनीत कार्य में विकास गंगवार, डॉ. सत्यम गंगवार, विशाल गंगवार,राहुल गुप्ता, कमलेश, सुमित गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## प्याऊ लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत

**शेरगढ़, अमृत विचारः** ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा पर गर्मी से राहगीरों को बचाने के लिए शिवम गैस एजेंसी पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्याऊ लगाकर ठंडा शरबत पिलाया। गैस एजेंसी पर डायरेक्टर बबीता सक्सेना के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्याऊ लगाया। इसके अलावा क्षेत्र में अलग-अलग कई स्थानों पर लोगों ने प्याऊ लगाकर लोगों को ठंडा शरबत पिलाया। इस अवसर बबीता सक्सेना,सुरभि सक्सेना,सुनील कुमार मौर्य,अनिल कुमार,शीतल गंगवार, भूपसिंह ,विनय कुमार, खेमकरन,वीरपाल आदि रहे।

## कांग्रेस ने शुरू किया घर-घर झंडा लगाओ अभियान



**बरेली, अमृत विचार :** संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस ने मंगलवार से घर-घर झंडा लगाओ अभियान की शुरुआत की है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट ने वार्ड- 68 के छोटी बमनपुरी में नेत्री बीना जायसवाल के घर पर झंडा लगाकर अभियान शुरू किया। इसके बाद वार्ड नंबर 56 के कुंवरपुर में नेता आरबी सिंह प्रजापति के निवास पर झंडा लगाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने बताया कि घर-घर झंडा लगाओ अभियान के माध्यम से हम अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेंगे, उनकी बात सुनेंगे और कांग्रेस की विचारधारा से उनको अवगत कराएंगे। दिनेश दद्दा एडवोकेट ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रतिदिन अलग-अलग जगह पर जाकर लोगों के घर पर झंडा लगाएंगे। अभियान के लिए महानगर कांग्रेस की तरफ से एक कमेटी का गठन किया गया है। बदायूं कोऑर्डिनेटर डॉ. केबी त्रिपाठी ने कहा संगठन सर्जन अभियान के तहत कई बिंदु पर कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर कृष्णकांत शर्मा, डॉ. मेहंदी हसन, जिया उर रहमान, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, आर बी सिंह प्रजापति, प्रवीण मिश्रा, बीना जायसवाल, धीरज दीक्षित, प्रवीण उपाध्याय, मोबीन कुरैशी, निधि शर्मा, दीपिका रस्तोगी, योगेश जायसवाल, रमेश साहू, नागेश दुबे ,अनिल रस्तोगी, कैलाश चंद्र सक्सेना, विनोद उपाध्याय, नजमी खान जोया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचनाः ओटी-03-2025

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं०:- ओटी-03-2025, कार्य का विवरण:-** बहराईच खलीलाबाद नई लाइन रेल विद्युतीकरण परियोजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों जैसे खलीलाबाद, बघौली बाजार, बखिरा, मेहंदावल, पसई हाल्ट, खेसराहा एवं बांसी पर नवनिर्मित / उठाए गये/विस्तारित प्लेटफार्म का विद्युतीकरण, सिग्नल भवन, स्टेशन भवन, पीएफ शेल्टर, गेट लाज, एफओबी, रनिंग रूम, एफओबी, आरयूबी, पीएसआई भवन का विद्युतीकरण कार्य सहित अन्य सम्बद्ध विद्युतीकरण कार्य।, **अनुमानित लागतः-** रु.6,24,19,258.64, **बयाना राशि:-** रु. 4,62,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:-** रु निल, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:-** 12 माह, **निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः** 27.06.2025 को 15.00 बजे। **नोटः** इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
गोरखपुर
मुजाधि/विद्युत-59

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं. 2 ओ.सी.एफ. शाहजहांपुर-242001
दूरभाष : 05842-297715, 05842-297714
PM SHRI

फा. 26029/केवि-2/ओसीएफ/शाह/प्रथम पाली/2025-26 दिनांकः 10.06.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-2 ओ.सी.एफ. शाहजहांपुर द्वारा दिनांक 08.06.2025 को जारी विज्ञापन जिसमें सत्र 2025-26 हेतु विद्यालय में विभिन्न कार्यो हेतु फर्मो के पंजीकरण हेतु जारी किया गया था, में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्रों को विद्यालय कार्यालय में डाक के माध्यम से भेजने की अंतिम तिथि को 23.08.2025 के स्थान पर 23.06.2025 पढ़ा जाए।

प्राचार्य

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।

पताः- ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांकः- 585/ग्रा0अ0वि0/निविदा-पत्रा0/बाण्ड क्लर्क/2025-26 दिनांकः- 27.05.2025

-:: निविदा सूचना द्वितीय आमंत्रण ::-

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सडक निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0, डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2- तालिका के अनुसार कार्यो का विवरणः-

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | वार्ड-25 मणिनाथ में जलधारा वाली गली में सुनीता चौहान के मकान से तुलसीराम के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य। (वि0नि0-कैण्ट क्षेत्र) | 1.028 | 2100.00 | 559.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | ग्राम खो ढकिया में शवदाह शैड का निर्माण कार्य। (वि0नि0-नवाबगंज) | 3.358 | 6800.00 | 677.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधि : दिनांक 19.06.2025 से 21.06.2025 तक (पूर्वान्ह 11.00 वजे से अपरान्ह 4.00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 23.06.2025 को मध्याहन 12.00 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद-बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 23.06.2025 अपरान्ह 12.30 बजे

अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

(विनय कुमार शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड, बरेली।

UP - 234478 दिनांकः 02/06/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# प्रतापगढ़ से हनीमून मनाने सिक्किम गया नवदंपती अभी भी लापता, तलाश जारी

प्रतापगढ़,एजेंसी

- ड्राइवर समेत नौ लोगों का अभी तक पता नहीं चला

हनीमून मनाने के लिए प्रतापगढ़ से सिक्किम गया नवविवाहित दंपती भारी बारिश के बीच वाहन के कथित तौर पर तीस्ता नदी में गिरने के बाद से लापता है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दंपती का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों का कहना है कि यह घटना उस समय घटी जब दंपती लाचेन से लाचून लौट रहा था। दंपती और उसके ड्राइवर समेत कुल नौ लोगों का अभी तक पता नहीं चला है।

लापता कौशलेंद्र के फूफा दिनेश सिंह ने बताया कि सांगीपुर थानाक्षेत्र के राहाटीकर निवासी भाजपा नेता उम्मेद सिंह के भाई शेर बहादुर सिंह के बेटे कौशलेंद्र प्रताप सिंह (29) की शादी पांच मई को थाना कोतवाली पट्टी क्षेत्र के धनगढ़ सराय छिवलहा निवासी विजय सिंह डब्बू की बेटी अंकिता (26) के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि 25 मई को कौशलेंद्र अपनी पत्नी अंकिता के साथ हनीमून मनाने ट्रेन से सिक्किम के लिए रवाना हुए थे और 26 मई को सिक्किम के जनपद मंगन पहुंचे जहां से वे घूमने के लिए ऊपर लाचेन चले गए।

उन्होंने बताया कि 29 मई को नीचे लाचून लौटते समय सैलानियों से भरी गाड़ी बारिश के दौरान तीस्ता नदी में जा गिरी। इस वाहन में नवदंपति के अलावा सात अन्य पर्यटक सवार थे जिसमें से दो लोग उत्तर प्रदेश, दो लोग त्रिपुरा और ड्राइवर समेत चार लोग लोग ओड़िशा से थे। ये सभी लापता हैं। दिनेश सिंह ने कहा कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ द्वारा सतत प्रयासों के बावजूद अभी तक किसी का शव या कोई व्यक्ति जीवित नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि लापता दंपति के परिजनों ने सिक्किम जाकर डीआईजी अक्षय सचदेवा और उस क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

# शादी के तीन दिन बाद फंदे से लटका मिला युवक का शव

## बदायूं में अलापुर थाना क्षेत्र के गांव मोहन नगला का मामला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अनुसार युवक ने की आत्महत्या

**अमृत विचार :** शादी के तीन दिन बाद युवक का शव फंदे से लटका मिला। मृतक की पत्नी की मंगलवार को पहली विदाई होनी थी। सीओ दातागंज केके तिवारी ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक ने आत्महत्या की थी। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

अलापुर थाना क्षेत्र के गांव मोहन नगला निवासी अक्षय कुमार (20) पुत्र ओमपाल खेती करते थे। परिजनों के अनुसार अक्षय ने बीते सत्र में उन्होंने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। सात जून को उनकी शादी दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव अमृतापुर निवासी बुधपाल की बेटी मिथलेश के साथ हुई थी। मंगलवार को मिथलेश की पहली विदाई होनी थी। मिथलेश को ले जाने के लिए मायका पक्ष घर आया था। मंगलवार को ही अक्षय की कंगन खुलने की रस्म होनी थी। अक्षय कुमार सोमवार देर शाम लगभग आठ बजे कहीं चले गए। परिजनों से कहा कि वह थोड़ी देर में वापस आ जाएंगे।


मृतक अक्षय कुमार।

वह देर शाम तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने आसपास तलाश किया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। मंगलवार सुबह लगभग पांच बजे ग्रामीण खेत पर जा रहे थे। ग्रामीणों ने गांव के पास पेड़ पर अक्षय कुमार की बनियान से उनका शव फंदे पर लटका देखा। हाथ पर चोट का निशान था तो उनके परिजनों को सूचना दी। युवक की पत्नी और अन्य परिजन चीत्कार करते हुए मौके पर पहुंचे। पत्नी बेसुध हो गई। परिजनों ने अक्षय कुमार की हत्या करने का आरोप लगाया।

बताया कि जिस जगह अक्षय का शव मिला था वह लोग रात में कई बार वहां से गुजरे थे, लेकिन उस समय वह शव नहीं था। मृतक के चाचा महेश ने बताया कि देर रात तक वापस न आने पर अक्षय को फोन किया था। किसी ने फोन उठाया और हेलो बोलकर फोन काट दिया था। बाद में मोबाइल नंबर बंद हो गया था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर के घाटमपुर में छह साल की बच्ची से रेप, सिर पर मारी ईंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शोर मचाने पर मुंह में पत्ते ठूंस दिए, बच्ची हैलट अस्पताल में भर्ती

**अमृत विचार।** घाटमपुर कस्बा निवासी एक युवक ने मंगलवार रात घर के सामने रहने वाली छह साल की बच्ची को बहाने से सूनसान क्षेत्र में ले जाकर दुष्कर्म किया और शोर मचाने पर मुंह में पत्ते ठूंस दिए। दुष्कर्म के बाद आरोपी ने हत्या की नीयत से उसके सिर पर ईंट से कई वार किए और मरा समझकर भाग गया।

काफी देर बाद परिवार वालों ने बच्ची को खोजना शुरू किया तो आरोपी खुद ही बच्ची को उठाकर ले आया और बोला कि झाड़ी में मजार के पीछे घायल पड़ी थी। वह परिजनों के साथ बच्ची को अस्पताल भी ले गया और फिर भाग निकला। गंभीर हालत में बच्ची को कानपुर के हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आरोपी को उसके ताऊ ने गोद ले रखा है। ताऊ ट्यूबवेल ऑपरेटर हैं। मंगलवार रात करीब 8 बजे वह चॉकलेट दिलाने के बहाने बच्ची (6) को अपने साथ ले गया और गांव के बाहर स्थित मजार के पीछे झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया। बच्ची चीखी तो आरोपी ने उसके मुंह में घास-फूस और पत्ते ठूंस दिए। दुष्कर्म के बाद उसने उसके सिर पर ईंट से कई वार किए और वहां से भाग निकला। उधर, काफी देर बाद तक बच्ची घर नहीं पहुंची तो उसके परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो आरोपी भी उनके साथ खोजबीन में जुट गया। थोड़ी देर बाद झाड़ी से बेहोश बच्ची को उठा लाया और बोला कि वह घायल पड़ी थी।

परिजनों के साथ उसे वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी ले गया। वहां उस पर शक गहराया तो वह भाग निकला। तब परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गंभीर बच्ची को कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर में हैलट अस्पताल में बच्ची का उपचार चल रहा है। देर रात पुलिस गांव पहुंची और जांच की। फोरेंसिक विभाग की टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। घाटमपुर एसीपी ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज की जा रही है। आरोपी की तलाश में टीमें लगा दी गई हैं।

# पंतनगर एयरपोर्ट का दायरा बढ़ेगा

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्य सचिव (सीएस) आनन्द बर्द्धन ने राज्य के विकास से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर मंगलवार को नई दिल्ली में भारत सरकार के विभिन्न सचिवों से भेंट की। सीएस ने नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा से भेंट कर पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर चर्चा की। सचिव ने आश्वस्त किया कि आगामी छह माह में पंतनगर एयरपोर्ट निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

सीएस ने देहरादून एयरपोर्ट पर देर रात्रिकालीन लैंडिंग की सुविधा, हेली एम्बुलेंस सेवा पुनः आरंभ करने और पिथौरागढ़ एयरपोर्ट के सुदृढ़ीकरण को लेकर भी आग्रह किया, जिस पर उड्डयन सचिव ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने केदारनाथ में हुई हेलीकॉप्टर की क्रॉस लैंडिंग की घटना के संदर्भ में यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए, डीजीसीए से यथोचित कार्रवाई की मांग की।

सीएस बर्द्धन ने आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला से मुलाकात कर रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम को दिल्ली-मेरठ मार्ग से आगे हरिद्वार और ऋषिकेश तक विस्तारित करने का अनुरोध किया।

# लेखपाल, राजस्व निरीक्षकों का बढ़ेगा पेट्रोल खर्च

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार ने प्रदेश के लेखपालों और राजस्व निरीक्षकों को बढ़ा हुआ पेट्रोल खर्च देने का निर्णय लिया है। राजस्व विभाग के इन अधिकारियों की यह सालों पुरानी मांग है जिसे अब पूरा करने का ड्रॉफ्ट तैयार है।

इन कर्मचारियों को वाहन भत्ता बढ़ाकर देने की तैयारी हो गई है। दरअसल, राजस्व परिषद की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव पर सहमति बन चुकी है और शीघ्र ही इस पर शासनादेश जारी किया जाना संभव है।

वहीं, नायब तहसीलदारों के भी ग्रेड पे को बढ़ाने की तैयारी है। फिलहाल उनका ग्रेड पे 4,200 रुपये है जिसे बढ़ाकर 4,800 रुपये किया जाएगा। राजस्व विभाग के सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत लेखपालों को 1,500 रुपये और राजस्व निरीक्षकों को 2,000 रुपये प्रतिमाह वाहन भत्ता दिया जाएगा।

# बुंदेलखंड में नोएडा जैसा शहर विकसित करने की योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश अब कार्यालय और औद्योगिक सेटअप के लिए शीर्ष विकल्पों में शामिल है। प्रतिस्पर्धी प्रोत्साहनों और सहायक कारोबारी माहौल के कारण ऐसा है। बुंदेलखंड में नोएडा जैसा शहर विकसित करने की योजना है, जो विकास को विकेंद्रित कर क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा देगी। इतना ही नहीं नोएडा-ग्रेटर नोएडा जीसीसी हब के रूप में उभर रहे हैं, जबकि टियर-दो और टियर-तीन शहर भी गति पकड़ रहे हैं। बुंदेलखंड में झांसी को भविष्य के औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसे एक बड़े भूमि बैंक का समर्थन प्राप्त है।

राज्य की प्रगति से से जुड़े इन्हीं बिन्दुओं के साथ मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी द्वारा ताज होटल, लखनऊ में आयोजित एक कॉन्क्लेव की शुरुआत की। उत्तर प्रदेश में जीसीसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए हुए इस आयोजन में शीर्ष प्रौद्योगिकी उद्योग के नेता (लीडर्स), वैश्विक निवेशक, नीति निर्माता और बहुराष्ट्रीय निगम शामिल हुए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के जीसीसी पावरहाउस के रूप में उभरने पर चर्चा की।

## रुद्रपुर : यौन शोषण में फर्जी बाबा गिरफ्तार

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** तंत्र मंत्र और अंधविश्वास के जरिए महिलाओं को फंसाने और उनके यौन शोषण के आरोपी फर्जी बाबा रामभगत को रुद्रपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि रुद्रपुर की एक महिला को उसके घर में गड़े धन का लालच देकर यौन शोषण और लाखों की ठगी करने के अभियोग में यह गिरफ्तारी हुई। पीड़िता का आरोप है कि रम्पुरा निवासी रामभगत ने उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपये भी हड़प लिए और अब 20 लाख रुपये मांग रहा था।

# सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के अध्यक्ष महेंद्र राजभर को कार्यकर्ता ने थप्पड़ जड़े

जौनपुर,एजेंसी

- अखिलेश ने घटना की निंदा कर भाजपा की मिलीभगत का आरोप लगाया, वीडियो वायरल

जौनपुर जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र में महाराजा सुहेलदेव के विजय दिवस पर आयोजित एक समारोह में मंगलवार को सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर को एक कार्यकर्ता ने माला पहनाने के बाद ताबड़तोड़ कई थप्पड़ जड़ दिये। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस घटना की निंदा करते हुए इसे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर अत्याचार और अपमान का एक और उदाहरण" बताया और इसमें भाजपा की मिलीभगत का आरोप लगाया।

घटना जौनपुर के जलालपुर थाना क्षेत्र के आशापुर गांव की है, जहां सुहेलदेव के विजय दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर को उनके साथी बृजेश राजभर ने भरी सभा में माला पहनाने के बाद ताबड़तोड़ कई थप्पड़ जड़ दिये। उसके बाद कार्यक्रम में हलचल मच गई। राजभर बाहुल्य जफराबाद विधानसभा क्षेत्र में यह कार्यक्रम सम्राट सुहेलदेव की प्रतिमा के स्थापना के लिए भूमि पूजन हेतु आयोजित था। कार्यक्रम में महेंद्र राजभर मुख्य अतिथि बनाये गए थे।

घटना के बाद महेंद्र राजभर ने आरोप लगाया कि मेरे ऊपर हमला उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर द्वारा कराया गया है। हालांकि इस मामले में सुभासपा प्रमुख का पक्ष अभी तक सामने नहीं आया। घटना के बाद महेंद्र राजभर कार्यक्रम छोड़कर चले गए। बाद में जलालपुर थाना जाकर उन्होंने शिकायत की। उसके बाद पत्रकारों से महेंद्र राजभर ने कहा कि चार-पांच दिन पहले हमलावर बृजेश प्रदेश के मंत्री ओमप्रकाश राजभर से मिला था, वहीं इस हमले की साजिश रची गई। मेरे ऊपर हमला मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा कराया गया है। उन्होंने कहा कि बृजेश राजभर उनकी पार्टी में पहले कार्यकर्ता था, लेकिन अब कोई पदाधिकारी नहीं है। वह कैसे इस कार्यक्रम में आया, किसने उसे बुलाया मैं नहीं जानता। पार्टी में न तो कोई मनमुटाव था, न तो कोई पैसे का विवाद था।

उन्होंने कहा कि हमले के लिए दर्जनों लोग आए थे परंतु बृजेश ने ही हमला किया तथा उसी के खिलाफ नामजद तहरीर थाने में दी गयी है। इस बीच जलालपुर के थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह ने बताया कि घटना के सम्बंध में महेंद्र राजभर ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने कहा कि इस घटना का वायरल वीडियो भी संज्ञान में आया है तथा घटना की जांच चल रही है।


प्राचीन सीता कूप। ● अमृत विचार

# परकोटे में देवी-देवताओं व सीता कूप के दर्शन को तस्वीरें जारी

**अयोध्या, अमृत विचारः** राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटे के 6 मंदिरों में स्थापित देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शन की अभिलाषा लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं, लेकिन परिसर में चल रहे निर्माण कार्य के कारण इन मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था प्रारम्भ नहीं हो सकी है, जिसको देखते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोशल मीडिया के माध्यम से भक्तों को देवी-देवताओं के दर्शन कराने शुरू कर दिए हैं। इसके लिए तस्वीरें जारी की जा रही हैं।

# बच्चों को पीटने वाली केयर टेकर पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- राजकीय बाल गृह में बच्चों के पीटने का वीडियो वायरल हुआ
- सीडीओ ने की थी मामले की जांच ,मिली दोषी,

**अमृत विचारः** राजकीय बाल शिशु गृह में केयरटेकर के बच्चों की पिटाई करने के वीडियो वायरल होने के बाद अधिकारियों ने संज्ञान में लिया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जिला बाल संरक्षण इकाई की सामाजिक कार्यकर्ता पूनम गंगवार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दे कि चौक कोतवाली क्षेत्र में नवादा इंदेपुर में स्थित राजकीय बाल शिशु गृह में बच्चों की पिटाई करते हुए केयर टेकर पूनम गंगवार का रविवार का वीडियो वायरल हुआ था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की जांच सीडीओ डा अपराजिता सिंह को सौपी थी। सोमवार को सीडीओ ने राजकीय बाल गृह में जाकर संबंधित लोगों के बयान लिए थे। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। उन्होंने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा राजकीय बाल गृह में संबद्धता अवधि के दौरान बच्चों से क्रूर व्यवहार किया गया।

वायरल वीडियो में पूनम बच्चों को थप्पड़ एवं डंडे से मारा पीटा गया यह आपराधिक कृत्य है। 9 जून को सीडीओ ने राजकीय बाल गृह एव वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया था। उन्होंने पूनम गंगवार के बयान लिए थे। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी सिंह ने बताया कि पूनम के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# देवेंद्र फौजी को 10 वर्ष की कैद

**शाहजहांपुर,अमृत विचारः** पीलीभीत के थाना बीसलपुर के गांव पटनिया उर्फ परनिया निवासी कल्लू-नज्जू गिरोह के सदस्य देवेंद्र उर्फ फौजी को हत्या के प्रयास में दोषी पाते हुए कोर्ट ने 10 वर्ष के कारावास की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है।

फौजी के खिलाफ थाना परौर के गांव दहेलिया निवासी प्रधान गिरंद सिंह ने चार अप्रैल 2000 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फौजी ने उसके भाई बदन सिंह को आज से छह माह पूर्व कल्लू व नज्जू गिरोह ने अपहरण कर थाना मदनापुर के गांव महोनिया में हत्या कर दी थी। बदन सिंह का शव चचुआपुर की कटरी में मिला था। इस मामले में उसने कल्लू-नज्जू गिरोह के खिलाफ मदनापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, इसलिए गिरोह के सदस्य उससे व उसके परिवार से रंजिश मान रहे थे। चार अप्रैल 2000 को गिरंद व उसके चारों भाई, महिलाएं व बच्चे घर पर मौजूद थे।

# रिश्वत लेते महिला लेखपाल का वीडियो वायरल, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- चाय पानी के लिए सौ रुपये की रिश्वत लेते वीडियो बना
- नायब तहसीलदार को 15 दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश

**अमृत विचारः** रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने पर महिला लेखपाल को डीएम के निर्देश पर एसडीएम सदर ने निलंबित कर दिया। व

तहसील सदर क्षेत्र के गांव कपसेड़ा क्षेत्र में तैनात लेखपाल रंजना सक्सेना रिश्वत लेते हुए कैमरे में कैद हो गईं। जिसमें वह खसरा बनाने के बाद किसान से 100 रुपये मांग चाय-पानी के नाम पर कर रही है, वह कह रही है कि आप यह मान लो कि यह सौ रुपये आपने अपनी दीदी को चाय पानी के लिए दिए है।

रिश्वत लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसका संज्ञान लेते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एसडीएम सदर संजय कुमार पांडेय को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच में प्रथम दृष्टतया दोषी पाए जाने पर लेखपाल को निलंबित कर दिया।

वीडियो में लेखपाल और किसान के बीच प्रधान को लेकर भी बातचीत हुई। रुपये लेने के बाद लेखपाल ने किसान से पूछा कि कहीं कैमरा तो नहीं चल रहा है। यह वीडियो संबंधित अधिकारियों तक पहुंच गया। एसडीएम सदर संजय पांडेय ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर लेखपाल रंजना सक्सेना को निलंबित किया गया है। इसकी जांच नायब तहसीलदार जमौर को सौंपी गई है। 15 दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। लेखपाल को सदर तहसील कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई: राजनाथ सिंह

देहरादून, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर भारत के इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ की गई सबसे बड़ी कार्रवाई थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमला न केवल भारत के लोगों पर हमला था, बल्कि देश की सामाजिक एकता पर भी हमला था।

देहरादून में एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में लोगों से उनका धर्म पूछकर उनकी हत्या की, लेकिन 'हमने उनका धर्म नहीं पूछा, बल्कि उनके कर्म देखकर जवाब दिया। सिंह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के घेरे को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हर मामले में हमने सरकार के रवैये और काम करने के तरीके दोनों को बदला है।


**देहरादून :** उत्तराखंड के एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत किया।

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी, जिनमें ज़्यादातर पर्यटक थे। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत ने छह मई की रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ढांचों को नष्ट करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। पाकिस्तानी हमलों के बाद की सभी जवाबी कार्रवाई इसी ऑपरेशन के तहत की गई। सिंह ने इसे भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई के तौर पर बड़ी और कड़ी कार्रवाई बताया।

उन्होंने कहा कि यह (ऑपरेशन सिंदूर) भारतीय इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ की गई सबसे बड़ी कार्रवाई थी, मैं यह दृढ़ता से कह सकता हूं।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 97 लाख रुपये की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

नोएडा,एजेंसी

नोएडा में पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश करने पर मुनाफा दिलाने का झांसा देकर एक कंपनी के अधिकारी से 97 लाख रुपये ठगने के आरोप में एक महिला और उसके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) प्रीति यादव ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-77 स्थित प्रतीक विस्टीरिया सोसाइटी में रहने वाले 'रामागुंडम फर्टिलाइजर्स कंपनी' के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) योगेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई कि शेयर बाजार में दिलचस्पी होने के कारण वह इसी साल सात मार्च को व्हाट्सएप



पर एक निवेश ग्रुप में जुड़ा जिसके माध्यम से वह ग्रुप एडमिन प्रिया शर्मा के संपर्क में आया जिसने मुनाफे का वादा कर उससे राशि निवेश करने को कहा।

पुलिस ने बताया कि महिला ने कुमार को निवेश करने पर मुनाफा होने का वादा किया और उससे एक ऐप्लीकेशन डाउनलोड कराई तथा उसमें पीड़ित का पंजीकरण कराया। कुमार की शिकायत के अनुसार, उसने शुरुआत में कम राशि निवेश की और उसे लाभ हुआ जिसके बाद उसने 15 मार्च से 30 मई तक 74 लाख रुपये निवेश किए। शिकायत के अनुसार एप पर दिखने लगा कि कुमार ने एक करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए हैं लेकिन जब उसने राशि निकालने का प्रयास किया तो कर के रूप में उससे 22 लाख रुपये मांगे गए।

पुलिस ने बताया कि शिकायत के अनुसार, कुमार ने 22 लाख रुपये जमा कर दिए लेकिन फिर भी राशि निकालने में समर्थ नहीं होने पर उसे एहसास हुआ कि उसे ठगा गया है। उसने बताया कि बाद में आरोपियों ने उससे संपर्क तोड़ लिया और उसे व्हाट्सएप ग्रुप से बाहर निकाल दिया।

# फिलहाल अभी तड़पाएगी लू फिर होगी रिमझिम बरसात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 19 जिलों में बढ़ेगा तापमान, 11 के बाद पूर्वी उप्र में बारिश

**अमृत विचार :** प्रदेश में फिलहाल लू अभी और तड़पाएगी लेकिन इसके बाद रिमझिम बारिश का सिलसिला भी शुरु होगा। मौसम विभाग ने 19 जिलों में तापमान बढ़ने की आशंका प्रकट करने के साथ 11 जून के बाद पूर्वी उप्र. में बारिश होने की संभावना जताई है।

इस बीच प्रदेश में दिन में तेज धूप होने के कारण अधिकतम तापमान में 3 से लेकर 6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा हुआ है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया है। आद्रता होने तथा तेज धूप के कारण उमस भरी गर्मी में बढ़ोत्तरी हुई है।

रात में भी गर्मी की चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है।मौसम विभाग ने अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, गाजियाबाद, कासगंज, एटा, औरैया आदि में लू चलने की आशंका जताई है।

# गूलरभोज में रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ हादसा टला

**रुद्रपुर।** ऊधमसिंह नगर जिले में मंगलवार को असामाजिक तत्वों ने गूलरभोज रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ कर हादसे को अंजाम देने की कोशिश की लेकिन सतर्कता के चलते हादसा होने से बच गया।

जीआरपी के अनुसार, गूलरभोज रेलवे स्टेशन, जनपद ऊधमसिंह नगर से लगभग 300 मीटर आगे पोल संख्या- 38 व ठंडी नाला के बीच रेल पटरियों से लगी हुईं लोहे की अर्थिंग पत्तियों को असामाजिक तत्वों द्वारा रेलवे ट्रैक पर रखने की सूचना मिली, जिस पर आरपीएफ कमांडेंट, आरपीएफ निरीक्षक आदि अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मुआयना किया।

# नाबालिग का हरियाणा में करा दिया विवाह, दुष्कर्म

संवाददाता, देहरादून

- धोखे से ले गई महिला रिश्तेदार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**अमृत विचार :** एक नाबालिग को देहरादून से धोखे से हरियाणा ले जाने, उसका जबरन विवाह और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, एक युवती ने कोतवाली विकासनगर पर शिकायत दर्ज कराई कि हरियाणा निवासी दो महिला रिश्तेदार उसकी 15 साल की बहन को धोखे से अपने साथ यमुना नगर, हरियाणा ले गईं और वहां थाना छछरोली क्षेत्र के ग्राम चुहडपुर निवासी संदीप (31) पुत्र स्व. मंगत राम के साथ जबरन विवाह करा दिया। आरोप है कि संदीप द्वारा बहन को बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

इसका पता चलने पर वह और उसके परिजन हरियाणा पहुंचे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर विकास नगर के अनुसार, संबंधित धाराओं और पॉक्सो अधिनियम में अभियोग दर्ज कर मुख्य आरोपी संदीप को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों नामजद महिलाओं की तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय व जिला स्तरीय कार्यालय खोलने का प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) के ढांचे के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की व्यापक योजना शासन को भेजी गई है। मंडल मुख्यालयों पर क्षेत्रीय व जिला मुख्यालयों पर कार्यालय खोलने का प्रस्ताव है। इससे उद्योगों को एनओसी के साथ प्रदूषण नियंत्रण को लेकर मॉनिटरिंग और सुधार कार्य में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतिकरण के बाद इसे लागू किया जाएगा। साथ ही, वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए आवेदनों की शुल्क संरचना में भी बदलाव किया जाएगा। आईटी और एआई टेक्नालॉजी युक्त एक पोर्टल भी विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते माह बोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान संसाधन और कायार्लय बढ़ाने के साथ पारदर्शी व त्वरित कार्य प्रणाली बनाने की हिदायत दी थी, जिसके क्रम में प्रस्ताव तैयार करके शासन को भेजा गया है। इसके अनुसार प्रदेश सभी मंडल मुख्यालयों और प्रमुख औद्योगिक जिलों में यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, शेष जिलों में जिला-स्तरीय कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, ताकि स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण की निगरानी और प्रबंधन को सुदृढ़ किया जा सके।

### शक्ति भवन में 14 जून को होगी पेंशन अदालत

**अमृत विचार लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन मुख्यालय शक्ति भवन में त्रैमासिक पेंशन अदालत 14 जून को होगी। पेंशन अदालत में पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। मार्च, जून, सितंबर व दिसम्बर में आयोजित होने वाली पेंशन अदालतें सभी वितरण निगमों में भी आयोजित होगी।

### सार्थक भूमिका निभाए निर्वाचन आयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में कोई कमी न रहने देने की अपील की है।



इस क्रम में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव में बेईमानी करती है। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी निष्पक्ष चुनाव कराने की होती है। निर्वाचन आयोग को ईमानदारी से अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए मंगलवार को अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय और अपराध चरम पर है। अपराधी खुलेआम घटनाएं कर रहे है। दिन दहाड़े हत्यायें हो रही है। अपराधियों को सरकार का संरक्षण है।

# फोन पर इलाज, बच्ची की तड़पकर मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नर्सिंग स्टाफ ने एक के बाद एक चार इंजेक्शन लगा दिए बच्ची को
- अस्पताल स्टॉफ और डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** कल्याणपुर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। साथ ही कल्याणपुर थाने में हॉस्पिटल स्टॉफ व डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

आरोप है कि डॉक्टर मौके पर नहीं थे, फोन पर नर्सिंग स्टाफ को निर्देश दे रहे थे, जिसके बाद स्टाफ ने बच्ची को चार इंजेक्शन लगा दिए। जिससे बाद बच्ची की तड़पकर मौत हो गई। कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के मुताबिक तहरीर के आधार पर डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। डॉक्टर व स्टाफ से पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कल्याणपुर के मकसूदाबाद निवासी निर्मल कुमार की टिकरा में कपड़े की दुकान है। उनकी पांच वर्षीय बेटी आरवी केजी की छात्रा थी। निर्मल के मुताबिक बेटी को बुखार आने पर चार दिन से कल्याणपुर के सिंघल हॉस्पिटल में डॉ. अनूप अग्रवाल द्वारा इलाज चल रहा था। पांचवें दिन जब बेटी की हालत ठीक नहीं हुई तो डॉ. अनूप ने बेटी को अस्पताल में भर्ती किया। आरोप है कि अस्पताल में भर्ती करने के बाद डॉ.अनूप अपने नर्सिंग स्टाफ को फोन पर इलाज करने का निर्देश दे रहे थे। डॉक्टर के निर्देश पर नर्सिंग स्टाफ ने बेटी को चार इंजेक्शन लगाए। इंजेक्शन लगने के बाद बच्ची की हालत बिगड़ने लगी और उसे झटके आने लगे। इसी बीच जब डॉ.अनूप आए तो उन्होंने बच्ची को हैलट अस्पताल ले जाने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया। परिजन आनन-फानन में बच्ची को लेकर पास के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

बच्ची की मौत होने से आक्रोशित परिजन सिंघल हॉस्पिटल पहुंचे, यहां पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस डॉक्टर को हिरासत में लेकर थाने ले गई। कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## खड़े ट्रक से टकराई जनरथ बस, 24 घायल, नौ रेफर

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पटरंगा थाना क्षेत्र में कल्याणी नदी के निकट पुराने हाईवे कट के सामने खड़े ट्रक में जनरथ बस टकरा गई। हादसे में 24 लोग घायल हो गए। इन्हें इलाज के लिए बनीकोडर बाराबंकी के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से नौ गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गोरखपुर से लखनऊ जा रही जनरथ बस ने इसमें जोरदार टक्कर मार दी। माना जा रहा है कि भोर के समय ड्राइवर के झपकी आने से यह घटना हुई। बस के यात्री भी नींद में थे। टक्कर के बाद यहां कोहराम मच गया।

# अपहरण के मामलों में पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के मामलों में पुलिस की उदासीनता पर कड़ा रूख अपनाते हुए कहा कि पुलिस अधिकारी अक्सर अपनी छवि बड़ी बनाने के लिए प्रयासरत रहते हैं, लेकिन वे जनता की शिकायतें सुनने और उनका समाधान करने से बचते प्रतीत होते हैं।

कोर्ट ने कहा कि अपहरण के मामलों में पुलिस अधिकारी आमतौर पर उदासीनता दिखाते हैं, क्योंकि अधिकारियों की कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है। जवाबदेही की कमी और निष्क्रियता के कारण अक्सर अपहरण की घटनाएं हत्या में बदल जाती हैं।

कोर्ट ने माना कि अगर अपहृत व्यक्ति का शीघ्र पता न लगाने के कारण पीड़ित की हत्या हो जाती है तो प्रथम दृष्टया अपहरण की जिम्मेदारी उस पुलिस अधिकारी पर तय की जानी चाहिए, जिसके अधिकार क्षेत्र में अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई थी और जिसकी निष्क्रियता के कारण पीड़ित को बरामद न किया जा सका, जिसके बाद घातक परिणाम सामने आए। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति अनिल कुमार (दशम) की खंडपीठ ने नितेश कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए की, साथ ही प्रदेश सरकार और अन्य विपक्षियों को नोटिस जारी करते हुए वाराणसी के पुलिस आयुक्त को सुनवाई की अगली तारीख यानी 12 जून तक या उससे पहले एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है, जिसमें यह बताया जाए कि अपहृत व्यक्ति को अब तक बरामद क्यों नहीं किया जा सका है। याची द्वारा अपने भाई के लापता होने पर वर्तमान याचिका दाखिल की गई जिसमें यह दावा किया गया कि वाराणसी के संबंधित पुलिस अधिकारी उसके भाई का पता नहीं लग पा रहे हैं।

# पंच प्रण, 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा - शासन की नीति अब स्पष्ट, पारदर्शी और जनता के प्रति जवाबदेह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के काम गिनाते हुए कहा कि मोदी के पंच प्रण और 11 संकल्प विकसित भारत की आधारशिला है। शासन की नीति अब स्पष्टता, पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस और डिजिटल इंडिया बना गवर्नेंस का नया मॉडल बना है।

योगी ने मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में देश के जनमानस को प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत का जो मंत्र दिया, इसके लिए उन्होंने पंच प्रण और 11 संकल्प प्रत्येक भारतवासी को याद कराए थे। यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य का पालन हैं।

योगी ने कहा कि जो 11 संकल्प मोदी ने प्रत्येक भारतवासी के लिए सुनिश्चित किए हैं उनमें कर्तव्य का पालन, एक समावेशी विकास, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, समाज के प्रत्येक तबके को ध्यान में रखकर गरीब कल्याणकारी, लोक कल्याणकारी कार्यक्रम, इंफ्रास्ट्रक्चर के डेवलपमेंट का जो मॉडल है यह सभी उसके हिस्से हैं। भ्रष्टाचार मुक्त शासन, टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए डीबीटी के माध्यम से जो कार्य पिछले 11 वर्ष के अंदर देखने को मिले हैं स्वतंत्र भारत के 65 वर्षों में इस प्रकार का मॉडल कभी भी देखने को नहीं मिला था। कानून का सम्मान, वंशवाद की राजनीति का अंत, इतिहास की उन गलतियों की पुनरावृत्ति नहीं होने देना है जिनके कारण देश गुलाम हुआ था। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस, डिजिटल इंडिया के माध्यम से मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस का एक मॉडल भी भारतवासियों को देखने को मिला है। राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दे पर जीरो टॉलरेंस भी भारत में 140 करोड़ भारतवासियों ने देखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 11 वर्ष के कार्यकाल पूरे करने के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर केंद्र सरकार ककी 11 वर्षों में चलाई गई योजनाओं और उनकी प्रगति की जानकारी ली। चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### 2027 में भारत बनेगा दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था

सीएम योगी ने कहा कि 1947 से लेकर के 2014 तक भारत दुनिया की केवल 11वीं अर्थव्यवस्था था और वह अर्थव्यवस्था भी अस्थिर थी। पिछले 11 वर्ष में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत ने उस ब्रिटेन को पछाड़ा था जिसने लगभग 200 वर्षों तक यहां शासन किया था। हाल ही में जापान की अर्थव्यवस्था को पछाड़कर भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। भारत दुनिया का पहला देश जहां प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 79 हजार से तीन गुना बढ़कर अब लगभग ढाई लाख हो गई है। 2027 में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### पहली बार गरीब बना योजना का हिस्सा

योगी ने कहा मोदी सरकार में पहली बार गरीब और किसान सरकार के एजेंडे और शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है। अब योजनाएं किसी तुष्टिकरण का शिकार नहीं होतीं, बल्कि बिना भेदभाव समाज के प्रत्येक तबके को उसकी संतुष्टीकरण का आधार देने वाली होती हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, हर घर नल की योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्ट्रीट वेंडर्स प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जन धन अकाउंट की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि इसकी परिणिति यह है कि पिछले 10 वर्ष के अंदर 25 करोड लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं।

### जातिगत जनगणना पर प्रधानमंत्री को धन्यवाद प्रस्ताव देंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग जातिगत जनगणना कराने के केंद्र सरकार के निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव देगा। मंगलवार को इंदिराभवन में पिछड़ा वर्ग आयोग की मासिक बैठक में यह फैसला लिया गया। अन्य पिछड़े वर्गों से जुड़े आरक्षण, जातियों के सम्मिलन-निष्कासन और सामाजिक उत्थान व विकास से संबंधित विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। लोनिया जाति से संबंधित एक प्रत्यावेदन पर चर्चा करते हुए सदस्य घनश्याम चौहान ने कहा कि प्रत्यावेदनकर्ताओं को आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाय। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने प्रत्यावेदनकर्ताओं को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पक्ष रखने के निर्देश दिये। कसौधन जाति के लोगों को जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में हो रही कठिनाइयों के संबंध में आयोग की ओर से पूर्व में भेजे गये प्रतिनिधिमंडल की रिपोर्ट पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों का पक्ष सुनने के बाद आयोग शासन को इस विषय में निर्णय से अवगत कराएगा। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली, सदस्य सूर्य प्रकाश पाल, विनोद कुमार, बाबा बालक दास, ऋचा राजपूत, अशोक कुमार, घनश्याम चौहान व सचिव मनोज कुमार सागर उपस्थित रहे।

### कौशांबी प्रकरण की जांच के लिए प्रतिनिधिमंडल मिलेगा पीड़ितों से

बैठक में कौशांबी के ग्राम लोहन्दा धाना सैनी निवासी राधा देवी की पुत्री के साथ हुई अमानवीय घटना का मामला सदस्य विनोद कुमार ने उठाया। उन्होंने बताया कि आरोपियों पर कार्रवाई न होकर पीड़ित पक्ष के ही लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस पर आयोग अध्यक्ष ने मामले की जांच के लिए 13 जून को उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को कौशांबी भेजे जाने का निर्णय लिया। प्रतिनिधिमंडल में सदस्य विनोद कुमार, बाबा बालक दास, ऋचा राजपूत व अशोक कुमार शामिल होंगे।

### वाराणसी और नोएडा में बनेगा नया ईएसआई मेडिकल कॉलेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने मेरठ, शाहजहांपुर, बरेली, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश के श्रमिक वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसलिए योगी सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी करने का निर्णय लिया है इससे न केवल चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि श्रमिकों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त, 12 नए औषधालयों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीआईपी प्लान के तहत 237.50 लाख रुपये और 2025-26 के लिए 80.90 लाख रुपये के उपकरणों की स्वीकृति ईएसआई निगम से प्राप्त हो चुकी है, जिससे अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे। चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए ईएसआई चिकित्साधिकारियों के कैडर रिव्यू की प्रक्रिया भी प्रान्तीय चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की भांति ही शुरू कर दी गई है।

# 2000 करोड़ से 28,830 चौराहों का होगा कायाकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लोकनिर्माण विभाग ने तैयार की कार्ययोजना, प्रदेश में 1435 ब्लैक स्पॉट्स सुधाए गए
- दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन करने की तैयारी, पैदल को सहूलियत

**अमृत विचार:** योगी सरकार दो हजार करोड़ रुपये खर्च कर 28830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। इसे लेकर लोकनिर्माण विभाग ने खाका तैयार किया है। इसमें वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों का भी दावा किया गया है। इसी के साथ प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है। इससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

कार्ययोजना के अनुसार प्रदेश के 28,830 विभिन्न चौराहों, तिराहों और महत्वपूर्ण रोड जंक्शंस पर सुधार कार्यों को 2000 करोड़ की अनुमानित लागत से पूरा किए जाने की तैयारी है। ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपये की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहगीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा।

### राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई का होगा निर्माण

50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887.88 किमी की लंबाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिह्नित कर लिया गया है। इन मार्गों पर मेजर जियोमेट्रिकल इंप्रूवमेंट की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा जिससे न केवल यातायात परिवहन की गति में सुधार होगा बल्कि सुगम व सुरक्षित यातायात को बढ़ावा मिलेगा।

## उप्र में बिजली की अधिकतम मांग ने बनाया नया रिकॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में इस साल बिजली की अधिकतम मांग ने नया रिकार्ड बनाया। पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए अधिकतम मांग 31,104 मेगावाट दर्ज की गई। अन्य राज्यों की तुलना में प्रदेश में ज्यादा मांग दर्ज हो रही है। साथ ही, आगे मांग 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार हैं। इस बीच, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में अगर मांग और बढ़ेगी उसे सकुशल पूरा किया जाएगा। पिछले वर्ष बिजली की सर्वाधिक मांग 30,618 मेगावाट तक पहुंची थी। प्रदेश में 6 जून को 28,581 मेगावाट, 7 जून को 29,502 मेगावाट व 8 जून को 30,161 मेगावाट मांग दर्ज की गई।

# निकांत जैन का एक और फर्जीवाड़ा, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सस्ती जमीन गिरवी रख एसएसजे एग्रोटेक के नाम पर कराया चार करोड़ का लोन
- इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने निकांत और उसके भाई समेत तीन पर दर्ज कराया केस

**अमृत विचार:** निलंबित आईएएस व पूर्व सीईओ इन्वेस्ट यूपी अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इंडियन बैंक के मुख्य प्रबंधक ने हजरतगंज थाने में निकांत और उसके भाई सुकांत जैन व परिवार की महिला वैशाली जैन के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि कम कीमत की जमीन को महंगा बताकर गिरवी रखा और चार करोड़ रुपये का लोन लिया, लेकिन चुकाया नहीं। जांच में यह खुलासा हुआ तो बैंक ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुख्य प्रबंधक इंडियन बैंक आशीष जिंदल के मुताबिक गोमतीनगर निवासी निकांत जैन, उसके बड़े भाई सुकांत जैन और वैशाली जैन ने अपनी रजिस्टर्ड कंपनी एसएसजे एग्रोटेक प्रा. लि. के नाम चार करोड़ का लोन 2017 में लिया। इसके बदले में सरोसा-भरोसा गांव की 760 वर्गमीटर और बाराबंकी के रामसनेही घाट स्थित लालपुर राजपुर गांव में 1850 वर्गमीटर भूखंड गिरवी रखे। 27 मार्च 2018 को नई कंपनी बनाने का प्रस्ताव पत्र के माध्यम से एक नई संपत्ति उन्नाव के हसनगंज स्थित बजेहरा की 2800 वर्गमीटर जमीन को गिरवी रखते हुए एक जमीन को मुक्त करने का आवेदन दिया। बैंक ने 29 मार्च 2018 को कंपनी के आवेदन पत्र स्वीकृत किया।

### खाता एनपीए हुआ, जब्त की गई संपत्ति

मुख्य प्रबंधक के मुताबिक संपत्ति के प्रतिस्थापना के बाद लोन की किस्तें जमा नहीं की जा रही थी। 30 सितंबर 2018 को खाता एनपीए हो गया। इसके बाद बैंक ने गिरवी रखी गई संपत्तियों को जब्त कर उसे बेचने कर ऋण वसूली की कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान पता चला कि जिन संपत्तियों को गिरवी रखा गया है। उनकी कीमत वास्तविक रूप से काफी कम है। इसके बाद एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि जमीन की कीमत काफी बढ़ाकर प्रस्तुत किया गया था। खाते को फ्राड घोषित किया गया। वैल्यूवर्स के खिलाफ बैंक ने कार्रवाई करते हुए उन्हें पैनल सूची से हटा दिया।

### सीबीआई में मामला दर्ज कराने का हुआ था प्रयास

मुख्य प्रबंधक आशीष जिंदल के मुताबिक जांच रिपोर्ट आने और वैल्यूवर्स को हटाने के बाद बैंक ने इस मामले की शिकायत सीबीआई में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया था। लेकिन आरबीआई द्वारा 15 जुलाई 2024 को आदेश दिया गया था। उसे जवाब देने के लिए कम से कम 21 दिन का समय दिया जाएगा। आदेश के पालन के लिए बैंक ने पुनः कंपनी व निदेशकों को कारण बताओ नोटिस 21 अक्टूबर 2024 को जारी किया।


## वर्ग पहेली- 458

**बाएं से दाएं**

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।
4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।
5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।
7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी पिशाचिनी।
8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।
11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।
12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।
2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।
3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था
6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।
9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।
10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।



### वर्ग पहेली -457 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | | | 2 त | | 3 रा |
| हूँ | | 4 सा | र | को | मा |
| | 5 कु | ली | न | | यु |
| | | | ता | | ध |
| | | 6 अ | र | थी | |
| 7 तृ | षा | वा | न | | |
| | | री | | 8 अ | भि |

## सुडोकू -5

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 9 | | 1 | |
| | | 9 | | 7 | 1 | | 8 | 4 |
| | | 7 | | | 5 | 6 | | |
| 1 | | 3 | | 9 | | 2 | | |
| | 5 | | | | | | 7 | |
| | | 4 | | 8 | | 1 | | 6 |
| | | 2 | 9 | | | 3 | | |
| 8 | 3 | | 7 | 6 | | 9 | | |
| | 9 | | 1 | 2 | | | | |

### सुडोकू - 4 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 4 | 2 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 5 | 2 |
| 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जून, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा- 13.13 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष** – आज अधीनस्थ कर्मचारी आपसे किसी कारण नाराज हो सकते हैं। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण करने का प्रयास करें। वैवाहिक जीवन में कुछ अनबन हो सकती है। इस समय को शांति और प्रेम पूर्वक बिताने का प्रयास करें।

**वृष** – आज नई जॉब आरंभ कर सकते हैं। अनावश्यक विवादों से बचें। आप अत्यंत तीव्र गति से अपने कार्य पूर्ण करेंगे। भविष्य की योजनाओं पर धन खर्च कर सकते हैं। दांपत्य संबंदों में नई ताजगी उत्पन्न होगी।

**मिथुन** – आज आपको ऋण या उधार लेने से आपको बचना चाहिए। पुरानी बातों पर अधिक विचार न करें। आपको मात्र अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम अत्यंत सुखद रहेंगे। उच्च अधिकारियों के प्रति मन में नाराजगी हो सकती है।

**कर्क** – आज सभी कार्यों को एकाग्र होकर करें। मित्रों की सहायता से आपके सभी काम आसानी से पूर्ण हो जाएंगे। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा। संतान को लेकर गौरव का अनुभव कर सकते हैं। अपने प्रेमी से मन की बातें अवश्य करें।

**सिंह** – आज किसी पर भी सहज ही विश्वास न करें। अपने लक्ष्यों को लेकर दृढ़प्रतिज्ञ रहें। पारिवारिक अशांति दूर होगी। व्यापार में आप अति उत्तम प्रदर्शन करेंगे। आपको जोखिम लेने से बचना चाहिए। अपनी रचनात्मक क्षमता का अच्छा प्रयोग करेंगे।

**कन्या** – आज जटिल मामलों को सरलता से सुलझा लेंगे। प्रतिस्पर्धियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। परिवार के लोग आपको सहयोग देंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आपको बड़ा धन लाभ होगा।

**तुला** – आज दिनचर्या अनियमित हो सकती है। अपने विचारों को संकीर्णता के दायरे में सीमित न करें। दूसरों के अतिरिक्त स्वयं के निर्णय को अधिक प्रधानता दें। किसी से अधिक अपेक्षा न रखें। कार्यक्षेत्र में थोड़ी कठिनाई का अनुभव कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। आत्मविश्वास के कारण आप हर जगह बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। अपनी कार्यशैली से संतुष्ट रहेंगे। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। व्यवसाय के दृष्टिकोण से आप अत्यंत भाग्यशाली रहने वाले हैं।


**धनु** – आज कारोबार से जुड़े लोगों को अपनी कमियों और गलतियों का मूल्यांकन करना चाहिए। नेत्रों में कुछ समस्या हो सकती है। परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करें। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के ताने सुनने पड़ सकते हैं।

**मकर** – आज ऑनलाइन कारोबार से जुड़े लोगों के लिए दिन विशेष रूप से शुभ है। लोग आपके व्यक्तित्व से आकर्षित रहेंगे। पिछले कई दिनों से चली आ रही तनावयुक्त परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। संपत्ति के लेन-देन से लाभ मिलेगा।

**कुंभ** – आज पारिवारिक जीवन अत्यंत आनंदमय रहेगा। हाथ में आए अवसरों को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार में लाभ के बावजूद मन संतुष्ट नहीं रहेगा। यदि किसी लत या बुरी आदत से ग्रसित हैं तो सावधान रहें।

**मीन** – आज कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। फाइनेंस से जुड़े मामलों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में परिस्थितियां अत्यंत अनुकूल रहेंगी। समाज के बुद्धिजीवियों के मध्य आपकी प्रशंसा होगी। अचानक प्राप्त हुए अवसरों से गदगद रहेंगे।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**- ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 20.10 तक तत्पश्चात मूल।

## एक नजर

### सेबी ने एनएसई को-लोकेशन मामले में नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकर ओपीजी सिक्योरिटीज और उसके निदेशकों को नोटिस भेजकर एनएसई को-लोकेशन मामले में शेयर बाजार के सर्वर तक अनुचित पहुंच के मामले में 5.35 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा है। सेबी ने 15 दिनों के भीतर भुगतान करने में नाकाम रहने पर इनकी संपत्ति के साथ बैंक खातों को भी कुर्क करने की चेतावनी दी है।

### कॉरपोरेट इंडिया का नियुक्ति परिदृश्य जुलाई-सितंबर में स्थिर

**नई दिल्ली।** भारत में कॉरपोरेट क्षेत्र में अगले तीन महीनों के लिए भर्ती परिदृश्य स्थिर है। इसे निजी सेवा क्षेत्र में मजबूत वृद्धि और वैश्विक व्यापार में बदलाव से होने वाले आर्थिक लाभ से समर्थन मिलेगा। मैनपावरग्रुप के ताजा रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

# दावा रहित राशि की वापसी प्रक्रिया में लाएं तेजी

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एफएसडीसी की बैठक में बैंकों और विभिन्न वित्तीय संस्थानों को दिए निर्देश

मुंबई, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विनियामकों और विभागों से दावा न किए गए जमा को सही मालिकों को वापस करने और केवाईसी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने को कहा। सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की 29वीं बैठक की अध्यक्षता करते बैंकों और विभिन्न वित्तीय संस्थानों को दिए निर्देश कि आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखा जाना चाहिए और सही दावेदारों के दावों पर तेजी से कदम उठाया जाना चाहिए।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्री ने परिषद से सक्रिय कदम उठाने का आह्वान किया ताकि नागरिकों को वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में सहज अनुभव मिल सके।



मुंबई में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की 29वीं बैठक को संबोधित करतीं निर्मला सीतारमण।

इस दौरान भारतीय प्रतिभूति बाजार में भारतीय मूल के लोगों समेत अनिवासी भारतीयों के लिए डिजिटल रूप से जोड़े जाने सहित केवाईसी प्रक्रिया के सामान्य मानदंडों, सरलीकरण और डिजिटलीकरण की जरूरत पर जोर दिया गया। सीतारमण ने नियामकों और विभागों से जिला स्तर पर विशेष शिविर लगाकर दावा न किए गए धन को उसके सही मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। यह अभियान आरबीआई, सेबी, एमसीए, पीएफआरडीए और आईआरडीए के साथ-साथ बैंकों, पेंशन एजेंसियों, बीमा कंपनियों के साथ तालमेल में चलाया जाना है। दावा न किए गए धन में बैंकों में जमा राशि के साथ ही दावा न किए गए शेयर एवं लाभांश और दावा न किए गए बीमा एवं पेंशन कोष शामिल हैं। आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 के अंत तक बैंकों में दावा न की गई जमा राशि 26% बढ़कर 78,213 करोड़ रुपये हो गई थी। एफएसडीसी ने वृहद वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों पर चर्चा की। परिषद ने घरेलू और वैश्विक वृहद वित्तीय स्थिति से उभरते रुझानों पर विचार-विमर्श किया और सतर्क रहने की जरूरत पर बल दिया।

### बैठक में आरबीआई गवर्नर सेबी के प्रमुख रहे उपस्थित

एफएसडीसी ने पिछले निर्णयों और बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा के अलावा बाजार नियामक सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के अध्यक्ष के. राजारमण और भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव अजय सेठ, आर्थिक मामलों के विभाग की मनोनीत सचिव अनुराधा ठाकुर, वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू, कॉरपोरेट मामलों की सचिव दीप्ति गौर मुखर्जी व अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार व सीमा शुल्क पर अमेरिका से चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी


- अधिकारियों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर दी जानकारी

भारत व अमेरिकी अधिकारियों के दल ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर सप्ताह भर चले विचार-विमर्श के दौरान बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार और सीमा शुल्क सुविधा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। एक अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) के पहले चरण को शीघ्र निष्कर्ष पर पहुंचाने के लिए बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए।

भारत और अमेरिका इस साल सितंबर-अक्टूबर तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत करने की दिशा में काम कर रहे हैं। एक व्यापक बीटीए को अमली जामा पहनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने चार जून से 10 जून तक भारत की यात्रा की। अधिकारी ने कहा, अमेरिकी दल की यात्रा के दौरान प्रस्तावित बीटीए के विभिन्न तत्वों पर गहन चर्चा हुई। इसमें बाजार पहुंच, खाद्य उत्पाद संबंधी जोखिम (एसपीएस) और व्यापार में तकनीकी बाधाएं (टीबीटी), डिजिटल व्यापार, सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा एवं कानूनी ढांचा जैसे क्षेत्र शामिल थे। डिजिटल व्यापार में अमेरिका की विशेष रुचि है और इसके डिजिटल सेवा प्रदाताओं ने अक्सर भारत में परिचालन में बाधा के रूप में सीमा पार डेटा प्रवाह और प्रतिस्पर्धा नीति पर प्रतिबंधों को चिह्नित किया है। एसपीएस मानव, पशु एवं पौधों के स्वास्थ्य को खाद्य जनित जोखिमों, पशु या पौधों से होने वाली बीमारियों और कीटों से बचाने के उपायों से संबंधित है। वहीं टीबीटी का संबंध एसपीएस का अनुपालन करने के लिए तकनीकी विनियमों, मानकों एवं प्रक्रियाओं से है।

# देश में बिजली की कमी बिल्कुल भी नहीं : मनोहर

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्रीय बिजली मंत्री ने कहा- भारत ऊर्जा अधिशेष देश के रूप में उभर रहा

केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को कहा कि पिछले दो महीनों के दौरान देश में बिजली की कोई कमी नहीं हुई और भारत ऊर्जा अधिशेष राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में बिजली की कमी 0.1 प्रतिशत रही।

उन्होंने कहा कि चूंकि बिजली की मांग मौसम पर निर्भर करती है, इसलिए इस गर्मी के मौसम में भारत की बिजली की अधिकतम मांग 241 गीगावाट (नौ जून को) को छू गई, जबकि पिछले साल 30 मई, 2025 को बिजली की अधिकतम मांग 250 गीगावाट के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर थी। मनोहर लाल ने यह भी कहा कि इस गर्मी के मौसम में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट को छू सकती है।

# भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया का ध्यान खींचा: सरकार

**नई दिल्ली।** भारत में डिजिटल भुगतान तेजी से बढ़ रहा है और लेन-देन की इस क्रांति ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के 11 साल पूरे होने पर जारी एक पुस्तिका में कहा गया है कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों से जुड़ गई है।

- मार्च 2025 में 24.77 लाख करोड़ के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए

इसमें कहा गया, भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है। मार्च 2025 में, यूपीआई पर लगभग 24.77 लाख करोड़ रुपये के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए। यूपीआई प्रणाली का उपयोग अब करीब 46 करोड़ व्यक्ति और 6.5 करोड़ व्यापारी करते हैं। छोटे से छोटे लेनदेन के लिए भी डिजिटल भुगतान किया जा रहा है, जिसमें से 50% को छोटे या अत्यधिक छोटे भुगतान के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

# राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र अव्वल बिहार 17वें स्थान पर

**कोलकाता।** भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की केअरएज की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र पहले स्थान पर रहा जबकि पश्चिम बंगाल 13वें स्थान पर है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज ने कहा कि बड़े राज्यों में से महाराष्ट्र शीर्ष रैंकिंग पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा, तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला। केअरएज राज्य रैंकिंग को सात प्रमुख बिंदुओं को समाहित कर जारी किया जाता है। इसमें आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलू शामिल हैं।

# ईएफटीए व्यापार समझौता साझेदारी में लाएंगे स्थिरता : गोयल

बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय संघ ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों क्षेत्रों में कारोबार में स्थिरता तथा भरोसा लाएगा। उन्होंने कहा कि भारत जहां विशाल बाजार और कुशल पेशेवर उपलब्ध कराता है, वहीं स्विट्जरलैंड में उन्नत विनिर्माण क्षमताएं हैं।

दोनों पक्षों ने 10 मार्च 2024 को व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए थे। समझौते के तहत, भारत को समूह से 15 वर्ष में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट्स और तराशे गए हीरों जैसे कई उत्पादों को कम या शून्य शुल्क पर अनुमति दी गई है। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिश्टेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। गोयल ने यहां दोनों क्षेत्रों के कारोबारियों को संबोधित करते हुए कहा, यह समझौता साझेदारी में स्थिरता, पूर्वानुमेयता और निरंतरता प्रदान करेगा।



- उद्योग मंत्री ने कहा- भारत विशाल बाजार और कुशल पेशेवर कराता है उपलब्ध

### स्विट्जरलैंड की कंपनियों को आमंत्रण

**बर्न।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को भारत में स्विट्जरलैंड की कंपनियों के लिए समर्पित क्षेत्र विकसित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने स्विट्जरलैंड की कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि भारत उनके लिए बहुत सारे अवसर प्रदान करता है।

### भारतीय दवा कंपनियां नहीं करतीं नकल

**बर्न।** गोयल ने भारतीय दवा कंपनियों द्वारा स्विस कंपनियों के उत्पादों की नकल करने के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करता है और कभी भी दूसरों की प्रौद्योगिकी की नकल नहीं करता है।

## राष्ट्रीय

# सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों पर मुझे गर्व : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की आवाज को आगे बढ़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद आतंकवाद की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों ने विभिन्न देशों में भारत का विचार पुरजोर तरीके से प्रस्तुत किया। मोदी ने 33 देशों की राजधानियों की यात्रा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों की मेजबानी की, जिनमें सांसद और पूर्व राजनयिक शामिल थे।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर जिस तरह से उन्होंने भारत की आवाज दुनिया के सामने रखी, उस पर हम सभी को गर्व है। सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए। केंद्र सरकार पहले ही 50 से अधिक व्यक्तियों वाले सात प्रतिनिधिमंडलों के कार्य की प्रशंसा कर चुकी है, जिनमें अधिकतर वर्तमान सांसद शामिल थे। अमेरिका में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा, हम सभी राष्ट्र की सेवा करने के अवसर के लिए आभारी हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी। जय हिंद। विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही प्रतिनिधिमंडलों से मिल चुके हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को व्यक्त करने में उनके प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। शिवसेना के श्रीकांत शिंदे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हमने प्रधानमंत्री को आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ लड़ाई और वैश्विक शांति के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता के वास्ते इन मित्र देशों द्वारा दिए गए भारी समर्थन से अवगत कराया। शिंदे ने संयुक्त अरब अमीरात, कांगो, सिएरा लियोन और लाइबेरिया में प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने हमारे प्रयासों की सराहना की और विश्व मंच पर भारत का कद बढ़ाने के लिए अपने प्रेरक दृष्टिकोण को साझा किया।



सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य शशि थरूर से मिलते प्रधानमंत्री मोदी।

### पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में बने आत्मनिर्भर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं और रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण तथा आत्मनिर्भरता दोनों पर स्पष्ट रूप से ध्यान केन्द्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, पिछले 11 वर्ष में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं तथा रक्षा उत्पादन के मामले में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। यह देखकर खुशी होती है कि कैसे भारत के लोग देश को मजबूत बनाने के संकल्प के प्रति एकजुट हुए हैं। प्रधानमंत्री पद पर मंगलवार को 11 वर्ष पूरे होने पर मोदी ने सरकार के नागरिक सहभागिता मंच से एक 'थ्रेड' साझा किया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में हुए बदलावों पर प्रकाश डाला गया। इसमें कहा गया है कि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में मात्र 11 वर्षों में भारत की रक्षा क्षमताओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

# खरगे ने लोस उपाध्यक्ष के चुनाव का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि बिना किसी विलंब के लोकसभा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाए। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खरगे ने इस बात पर चिंता जताई कि पिछली लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं था और वर्तमान लोकसभा में भी कोई उपाध्यक्ष नहीं है। लोकतांत्रिक राजनीति के लिए अच्छा संकेत नहीं है, यह संविधान के निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन भी है। आखिरी बार 16वीं लोकसभा में अन्नाद्रमुक के नेता एम. थंबीदुरई को उपाध्यक्ष चुना गया था। पत्र में कहा, मैं लोसा में उपाध्यक्ष की रिक्ति से जुड़े चिंताजनक मामले को आपके ध्यान में लाने के लिए लिख रहा हूं।

- कहा- बिना किसी देरी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो

# राजस्थान में पिकनिक मनाने गए आठ युवक नदी में डूबे

जयपुर, एजेंसी

- जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी पहुंचे थे

राजस्थान के टोंक जिले में आठ युवकों की मंगलवार को बनास नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। टोंक के जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि जयपुर से 11 युवक पिकनिक मनाने टोंक की बनास नदी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया और आठ युवक डूब गए। इन सभी युवकों की उम्र 25 से 30 साल के बीच थी। हादसा बनास नदी पुराने पुल के पास कच्चा बंधा के समीप हुआ।

उन्होंने बताया कि तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया गया। एक अधिकारी के अनुसार ये जयपुर के हसनपुरा इलाके के रहने वाले थे। उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी यह पता लगाया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। उन्होंने बताया कि तीन युवकों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर शोक जताया और अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को त्वरित रूप से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जोखिम भरा सफर



मुंबई में मंगलवार को भीड़भाड़ से भरी ट्रेनों में यात्रा करते लोग। एक दिन पहले ठाणे के पास भीड़भाड़ वाली दो लोकल ट्रेन से गिरकर एक जीआरपी कांस्टेबल सहित चार यात्रियों की मौत हो गई थी, नौ घायल हो गए थे। एजेंसी

## एक नजर

### कोरोना से दिल्ली में एक कर्नाटक में दो की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना वायरस से संक्रमित पाई गई 90 वर्षीय एक महिला की मृत्यु हो गई, वहीं कर्नाटक में दो मौतें हो गईं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में एक जनवरी से अब तक कोरोना वायरस से संक्रमित आठ लोगों की मौत हो चुकी है। नब्बे वर्षीय महिला को अन्य बीमारियां भी थीं। इसमें कहा गया है कि मौत का प्राथमिक कारण अन्य सह-रुग्णताएं हैं और कोरोना वायरस का पता लगना आकस्मिक है।

### कर्नाटक में फिर जातिगत आंकड़े एकत्र करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने मंगलवार को कहा कि कुछ समुदायों की चिंताओं को दूर करने के लिए कर्नाटक में जातिगत आंकड़ों को फिर से एकत्र करने का फैसला किया गया है। कुछ समुदायों ने 10 साल पहले किए गए जातिगत सर्वेक्षण से बाहर रखे जाने जाने की शिकायत की थी। यह निर्णय पार्टी की एक उच्च-स्तरीय बैठक में लिया गया, जिसमें बेंगलुरु भगदड़ और इस पर सरकार के कदमों को लेकर भी चर्चा की गई।

# एनसीआईएसएमसी अध्यक्ष को हटाने पर रोक, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश पलटा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएमसी) के अध्यक्ष की नियुक्ति रद्द करने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। पीठ ने वैद्य जयंत यशवंत देवपुजारी की ओर से दायर अपील पर आयोग और अन्य को नोटिस जारी किए। देवपुजारी ने दिल्ली हाईकोर्ट के छह जून के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें एनसीआईएसएमसी के अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति के खिलाफ दो याचिकाएं स्वीकार की गईं। आयोग के वकील ने हाईकोर्ट को सूचित किया था कि अध्यक्ष के चयन और नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है, जिसके बाद उसने प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया था।

# संजय भंडारी से जुड़े मामले में ईडी के समन पर पेश नहीं हुए रॉबर्ट वाड्रा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ब्रिटेन में रह रहे कथित हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समन पर मंगलवार को पेश नहीं हुए। सूत्रों ने बताया कि वाद्रा ने मंगलवार के समन पर स्थगन मांगा था और अब उन्हें नयी तारीख दी जाएगी।

- हथियार कारोबारी से जुड़े धन शोधन मामले में की जानी थी पूछताछ

ईडी पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान दर्ज करना चाहता है और उसके बाद अदालत में उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करना चाहता है। संघीय जांच एजेंसी ने हरियाणा में 2008 के भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े एक अलग धन शोधन मामले में रॉबर्ट वाड्रा (56) से अप्रैल में लगातार तीन दिन तक पूछताछ की थी। वर्ष 2016 में आयकर विभाग द्वारा दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद भंडारी (63) लंदन भाग गया था। ब्रिटेन की एक कोर्ट ने इस महीने की शुरुआत में प्रत्यर्पण मामले में भंडारी को आरोप मुक्त किए जाने के खिलाफ ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की अनुमति के लिएभारत सरकार द्वारा दायर अर्जी को अस्वीकार कर दिया था।

# बेंगलुरु भगदड़ : हाईकोर्ट ने आरसीबी के अधिकारी को नहीं दी अंतरिम राहत

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चार जून को यहां स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत के मामले में आरसीबी के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया। कोर्ट ने सोसले की याचिका पर आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा।

सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने छह जून को बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया था, जब वह दुबई जाने वाला था। सोसले ने अपनी याचिका में 6 जून को तड़के उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है।

### कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की

**बेंगलुरु।** हाईकोर्ट ने यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को मची भगदड़ की घटना संबंधी याचिका पर मंगलवार को अगली सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख तय की। पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल में पहली जीत के उपलक्ष्य में जश्न मनाने के दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने मंगलवार को महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी को सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया।

# सिद्दारमैया व अन्य से जुड़े मामले में 92 सम्पत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और अन्य के खिलाफ मैसूर नगर विकास प्राधिकरण (मुडा) द्वारा भूखंडों के आवंटन में कथित गड़बड़ी से जुड़े मामले की जांच के सिलसिल में 92 अचल सम्पत्तियों को कुर्क किया है। इस जांच में अब तक 400 करोड़ रुपये की अचल सम्पत्तियों की कुर्की करायी जा चुकी है। इन सम्पत्तियों का मूल्य लगभग 92 करोड़ रुपये आंका गया है।

# फीस: दिल्ली में मनमानी नहीं कर पाएंगे स्कूल

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली मंत्रिमंडल ने स्कूल फीस को विनियमित करने वाले अध्यादेश को मंजूरी दी

दिल्ली मंत्रिमंडल ने निजी स्कूलों में फीस संरचना को विनियमित करने के लिए मंगलवार को एक अध्यादेश को मंजूरी दे दी। इसमें दिल्ली सरकार को मानदंडों का उल्लंघन करने पर स्कूलों पर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने का अधिकार दिया गया है। साथ ही मानदंडों के उल्लंघन पर स्कूलों से फीस संशोधन का प्रस्ताव देने का उनका अधिकार भी छीन लेने का प्रावधान है।

दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने प्रस्तावित दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) विधेयक, 2025 पर आधारित अध्यादेश को मंजूरी दे दी। सूद ने कहा, अध्यादेश को उपराज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। यह उन अभिभावकों के लिए खुशी का दिन है जिनके बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। यह कानून का रूप लेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का यह निर्णय भविष्य में दिल्ली के 1,677 निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। मंत्रिमंडल द्वारा 29 अप्रैल को स्वीकृत मसौदा अध्यादेश के अनुसार, मनमाने ढंग से फीस बढ़ाने वाले स्कूलों के लिए सख्त दंड का प्रावधान है, जिसमें फीस संशोधन का प्रस्ताव करने का अधिकार छीनना भी शामिल है। मसौदा अध्यादेश में कहा गया है कि यदि कोई स्कूल निर्धारित मानदंडों से अधिक फीस वसूलता पाया जाता है, तो उसे अतिरिक्त राशि वापस लेनी होगी और 20 कार्य दिवस के भीतर उसे वापस करना होगा।






लंदन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की पूर्व संध्या पर अभ्यास सत्र के दौरान ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ। ● एजेंसी

# दक्षिण अफ्रीका को तोड़ना होगा आस्ट्रेलियाई तिलिस्म

## विश्व टेस्ट चैंपियनशिप आज से : दोनों टीमों के बीच में होगी रोमांचक भिड़ंत, आस्ट्रेलिया का रहा शानदार प्रदर्शन

**लंदन, एजेंसी**

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनायी है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा।


दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम (बाएं) और मुख्य कोच शुकरी कॉनराड लॉर्ड्स में पिच का निरीक्षण करते हुए। ● एजेंसी

संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं।

कुल मिलाकर आस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉड्र्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है।

मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

**13** बार ऑस्ट्रलियाई टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में फाइनल पहुंची, जिसमें 10 खिताब जीतने में सफल रही

**समय : दोपहर 3 बजे**

**ऑस्ट्रेलिया :-** उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

**दक्षिण अफ्रीका :-** टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

## आस्ट्रेलिया के लिए डब्ल्यूटीसी खिताब जीतना अहम

**लंदन :** आस्ट्रेलिया के स्टार ऑफ स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि आस्ट्रेलिया की महानतम टीमों में शामिल होने के लिए लगातार दूसरी बार आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब जीतना अहम कदम होगा।

सैतीस वर्ष के लियोन उस आस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा हैं जो बुधवार से लॉडर्स पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023-25 चक्र का फाइनल खेलेगी। आस्ट्रेलिया ने 2003 में भारत को 209 रन से हराकर खिताब जीता था। लियोन ने कहा हमने पिछले दो साल में शानदार प्रदर्शन किया है जिस पर हमे गर्व है। हम आस्ट्रेलिया की महान टीम बनने की राह पर हैं, लेकिन अभी वहां तक पहुंचे नहीं है। यह मैच उस मंजिल तक के सफर में अहम कदम होगा। आस्ट्रेलिया 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। लियोन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 18 मैचों में 56 विकेट लिये हैं।

## खेल डायरी

### पूजा ने तेज हाफ मैराथन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड किया हासिल

**अहमदाबाद :** सबसे तेज हाफ मैराथन का रिकार्ड बनाने वाली पूजा टिकमाणी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात में अहमदाबाद शहर की पूजा टिकमाणी ने मंगलवार को यूनीवार्ता को बताया कि 12 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित बीसफल हाफ मैराथन अहमदाबाद में 20 पाउंड का बैकपैक लेकर सबसे तेज हाफ मैराथन पूरी करने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने उन्हें रविवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया । उन्होंने बताया कि वह पेशे से एक व्यवसायी महिला होने के साथ-साथ दौड़ने की शौकीन है। उन्होंने अपने 45वें जन्मदिन पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में नाम दर्ज कराकर वैश्विक मंच पर एक अनूठी छाप छोड़ी है। इस उम्र में यह उपलब्धि हासिल करके उन्होंने साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है।

### भारतीय रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज की

**नई दिल्ली :** भारत की रेसवॉकर प्रियंका गोस्वामी ने सत्र की पहली जीत दर्ज करते हुए इंसब्रुक में आस्ट्रियन रेसवॉकिंग चैम्पियनशिप में महिलाओं की दस किलोमीटर दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। गोस्वामी ने 47 मिनट और 54 सेकंड का समय निकाला । उनके नाम 20 किलोमीटर रेसवॉक में एक घंटे, 28 .45 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। दस किलोमीटर में उनका सर्वश्रेष्ठ निजी प्रदर्शन 45 मिनट और 47 सेकंड का है जो उन्होंने 2022 में बनाया था। गोस्वामी ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल्स पर लिखा एक मिनट के दंड के बावजूद मैने स्वर्ण जीता जो आसान नहीं था । बुखार और दंड के बाद यह मुश्किल था। वह मई में मेलबर्न में एथलेटिक्स् विक्टोरिया वॉकिंग चैम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रही थी।

### वनडे कप के लिए यॉर्कशर से जुड़ेंगे रूतुराज गायकवाड़

**लीड्स :** भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ काउंटी चैंपियनशिप डिविजन वन के पांच मैचों और वनडे कप के लिए यॉर्कशर टीम से जुड़ेंगे। यॉर्कशर को सर्रे के खिलाफ जुलाई में काउंटी मैच खेलना है । गायकवाड़ सत्र के आखिर तक टीम के साथ रहेंगे । क्लब ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी। गायकवाड़ इस समय इंग्लैंड दौरे पर भारत ए टीम का हिस्सा हैं जिसने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट खेले। अब भारत ए टीम 13 से 16 जून तक भारतीय सीनियर टीम के खिलाफ बेकेनहम में चार दिवसीय मैच खेलेगी।

### मोदी ने खेल बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे का किस तरह अभूतपूर्व पैमाने पर विस्तार हुआ है।


अहमदाबाद : कोलकाता थंडर ब्लेड्स की एड्रियाना डियाज अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) सीजन 6 में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स की अयहिका मुखर्जी के खिलाफ मैच के दौरान शॉट खेलते हुए। ● एजेंसी

# इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे अर्शदीप

**लंदन, एजेंसी**

● 20 जून से इंग्लैंड में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की सीरीज

भारत के बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट लौटकर खुश हैं। यहां उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेली है। इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले वह पारंपरिक प्रारूप में लय हासिल करने की कोशिश में होंगे। 26 वर्ष के अर्शदीप को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी । भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी।



सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा आगे हम और बेहतर होते जाएंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने कहा गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे, लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फॉर्म में भी है । हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं । लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें।

# पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**पोर्ट आफ स्पेन, एजेंसी**

● 29 बरस की उम्र में संन्यास लेकर सबको चौंका दिया

● सोशल मीडिया पर कहा सोच विचारकर लिया फैसला

वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर सभी को चौंका दिया है। उन्होंने इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया। पूरन ने कहा कि उन्होंने काफी सोच विचारकर यह फैसला लिया है। इससे पहले उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए खुद को चयन से बाहर कर लिया था।


निकोलस पूरन। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

वेस्टइंडीज के लिए 106 टी20 मैच खेल चुके पूरन ने 136.39 की स्ट्राइक रेट से 2275 रन बनाए हैं। उन्होंने 61 वनडे खेलकर 99.15 की स्ट्राइक रेट से 1983 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के सीमित ओवरों के पूर्व कप्तान पूरन ने अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा काफी सोच समझकर मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने का फैसला किया है। उन्होंने लिखा इस खेल ने खुशी, मकसद, न भूलने वाली यादें और वेस्टइंडीज के लोगों की नुमाइंदगी का मौका दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला।

उन्होंने लिखा मरून जर्सी पहनकर स्टेडियम में राष्ट्रगीत के लिये खड़े होना और अपना सब कुछ मैदान पर दे देना ..इसके क्या मायने हैं वह शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है । टीम की कप्तानी करना मेरा सौभाग्य रहा और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। पूरन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का पूरा सत्र खेलने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये खुद को कैरेबियाई टीम में चयन से बाहर रखा था। विश्व कप 2023 क्वालीफायर से वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद से उन्होने वनडे क्रिकेट नहीं खेला है।

वेस्टइंडीज के लिए उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। पूरन ने आगे लिखा प्रशंसकों को अपार प्रेम के लिए धन्यवाद। कठिन पलों में आपन मेरा मनोबल बढ़ाया और अच्छे पलों में जश्न में मेरे साथ रहे । अपने परिवार, दोस्तों और साथी खिलाड़ियों को भी धन्यवाद दूंगा जो इस सफर में मेरे साथ रहे। आपके विश्वास और सहयोग ने मेरा सफर आसान किया। पूरन इस सत्र में मेजर क्रिकेट लीग और द हंड्रेड में खेल सकते हैं। इसके अलावा वह कैरेबियाई प्रीमियर लीग, आईपीएल और यूएई में आईएलटी 20 भी खेलते हैं। उन्होंने लिखा मेरे कैरियर का अंतरराष्ट्रीय प्रारूप वाला अध्याय यहीं खत्म हो रहा है। लेकिन वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिये मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम को और वेस्टइंडीज को आगे के लिये सफलता और मजबूती मिलने की कामना करता हूं। उन्होंने आईपीएल में 196 . 25 की स्ट्राइक रेट से 524 रन बनाए।

# भारत एशियाई कप क्वालीफायर में हांगकांग से हारा

**कोवलून (हांगकांग), एजेंसी**

● हार से भारत की सऊदी अरब में होने वाले अगले एशियाई कप में पहुंचने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है



भारतीय फुटबॉल टीम को 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अहम मैच में स्टीफन परेरा के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मंगलवार को यहां मेजबान हांगकांग के खिलाफ 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। अपने से कम रैंकिंग वाले हांगकांग के खिलाफ हार भारत के लिए बड़ा झटका है क्योंकि टीम लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है और फिनिशिंग कौशल की कमी का खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है।

रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब भारत के गोलकीपर विशाल कैथ गोल लाइन से बाहर आए और गेंद को सुरक्षित बाहर करने की कोशिश की लेकिन माइकल उदेबुलुजोर के खिलाफ फाउल कर बैठे। परेरा (90+4) ने इसके बाद पेनल्टी पर गोल दागकर हांगकांग की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने गेंद को कैथ के दाईं ओर से गोल में पहुंचाया। कैथ को इंजरी टाइम के फाउल के लिए पीला कार्ड भी दिखाया गया। इस हार से भारत की सऊदी अरब में होने वाले अगले एशियाई कप में पहुंचने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा है और टीम फीफा रैंकिंग में 133वें स्थान पर खिसक जाएगी जबकि हांगकांग को अंक मिलेंगे और वह आगे बढ़ेगा। इससे पहले भारत के कोच मनोलो मारक्वेज ने अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री को शुरुआती एकादश से बाहर रखा। नवनिर्मित काई टेक स्टेडियम में स्थानीय दर्शक मेजबान टीम के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे थे लेकिन भारत ने पहले हाफ में कुछ मौके बनाते हुए अच्छा प्रदर्शन किया।

हांगकांग ने हालांकि गेंद को अधिक समय तक अपने कब्जे में रखा। एक बार फिर शुरुआती 45 मिनट में फिनिशिंग की कमी ने भारतीय टीम को निराश किया। मध्यांतर से पहले जो मौके मिले उनमें से 35वें मिनट में भारतीय टीम गोल करने के सबसे करीब थी लेकिन आशिक कुरुनियन ने लिस्टन कोलासो के क्रॉस पर शॉट बाहर मार दिया। कोलासो ने लंबी दूरी से एक शक्तिशाली शॉट लगाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के दस्तानों में चला गया।

## रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर

**नई दिल्ली :** एटीपी सर्किट पर पिछले कुछ अर्से से खराब प्रदर्शन के कारण भारत के सुमित नागल एकल रैंकिंग में 63 पायदान गिरकर 233वें स्थान पर खिसक गए जो पिछले दो साल में उनकी सबसे खराब रैंकिंग है जबकि 45 वर्ष के रोहन बोपन्ना 15 साल में पहली बार शीर्ष 50 से बाहर हो गए।

पिछली बार 27 वर्ष के नागल जुलाई 2023 में शीर्ष 200 से बाहर हुए थे जब वह 231वीं पायदान पर थे। उसके बाद से वह जुलाई 2024 में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 68वीं रैंकिंग तक पहुंचे। इस सत्र की शुरुआत से वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं।

**जीत की खुशी**


**मुंबई :** कुश मैनी, जो प्रतिष्ठित मोनाको ग्रैंड प्रिक्स में फॉर्मूला 2 रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने, अपनी ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए एक पत्रकार वार्ता के दौरान तस्वीरों के लिए पोज देते हुए। ● एजेंसी

# अर्जेंटीना के खिलाफ जीत की राह पर लौटना चाहेगा भारत

**एम्सटेलवीन, एजेंसी**

**एफआईएच प्रो लीग**

● नीदरलैंड से लगातार दो मैच हार चुकी टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने रहे नाकाम

लगातार दो मैच हार चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के अगले मैच में आखिरी मिनटों में गोल गंवाने और पेनल्टी कॉर्नर तब्दील नहीं कर पाने की अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। भारतीय टीम के लिए यूरोप चरण की शुरुआत खराब रही और उसे नीदरलैंड ने पहले दो मैचों में 2-1 और 3-2 से हराया। दोनों मैचों में भारत ने बढ़त बनाने के बाद आखिरी मिनटों में गोल गंवाये। इसके अलावा भारत को पेनल्टी कॉर्नर भी बेहतर करना होगा। पिछले मैच में नौ में से एक पेनल्टी कॉर्नर को ही भारतीय टीम गोल में बदल सकी। अभी इस चरण में छह मैच खेले जाने बाकी हैं और भारत 15 अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रो लीग के जरिये अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम को बाकी मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अब भारत को अर्जेंटीना से दो मैच खेलने हैं जिसके बाद आस्ट्रेलिया और फिर बेल्जियम का सामना करना होगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा हमें पता है कि अर्जेंटीना के खिलाफ कड़ी चुनौती होगी। टीम काफी मेहनत कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। अर्जेंटीना मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई मैच आसान नहीं होता। दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबलों में भारत का पड़ला भारी रहा है। पेरिस ओलंपिक में दोनों टीमों का मुकाबला ड्रॉ रहा था। प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया था और दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी। हरमनप्रीत ने कहा हम पूरी तरह से तैयार हैं । हमने इस टूर्नामेंट की काफी तैयारी की है और कई संयोजन आजमाये। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का यकीन है।



## जूनियर पुरुष हॉकी टीम की कमान संभालेंगे हुंडल

**नई दिल्ली :** अनुभवी ड्रैग फ्लिकर अराइजीत सिंह हुंडल 21 जून से बर्लिन में शुरू हो रहे चार देशों के टूनर्रामेंट में भारत की 24 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की अगुआई करेंगे। यह टूर्नामेंट इस साल चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के लिए काफी महत्वपूर्ण होगा। भारत और मेजबान जर्मनी के अलावा 21 से 25 जून तक होने वाली इस प्रतियोगिता में स्पेन और ऑस्ट्रेलिया भी हिस्सा लेंगे।

**टीम :** फारवर्ड : अराइजीत सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह और अजीत यादव ।गोलकीपर : बिक्रमजीत सिंह, विवेक लाकड़ा। डिफेंडर : आमिर अली, तालेम प्रियोबार्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पीबी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह, सुखविंदर।

# इलावेनिल ने जीता कांस्य पदक

**म्यूनिख, एजेंसी**

**आईएसएसएफ विश्व कप**

भारत की दिग्गज निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान को मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में प्रतियोगिताओं के पहले दिन महिला 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में एक समय शीर्ष पर रहने के बावजूद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।


इलावेनिल वलारिवान। ● एजेंसी

पच्चीस साल की भारतीय निशानेबाज इलावेनिल ने 231.2 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। चीन की 18 साल की वैंग झिफेई ने 252.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कोरिया की क्वोन युनजी ने 252.6 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इलावेनिल ने फाइनल में 10.7 अंक के साथ शुरुआत की और फिर अपने अगले प्रयास में 10.8 अंक जुटाए। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल शुरुआती पांच शॉट के बाद कोरिया की ओलंपिक चैंपियन युनजी से 0.3 अंक पीछे थी। वह 10.8 अंक के साथ शीर्ष पर पहुंची। इलावेनिल 12 शॉट के बाद 127.2 अंक के साथ शीर्ष पर थीं। इस समय वैंग दूसरे स्थान पर थी। यहां 2018 में हुए विश्व कप में चौथे स्थान पर रहीं इलावेनिल ने 10.7 अंक के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी। भारतीय निशानेबाज हालांकि इसके बाद 9.8 अंक के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गई और अंततः उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले क्वालीफिकेशन की छह सीरीज के बाद इलावेनिल 635.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। वैंग ने 637.9 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। नॉर्वे की जेनेट हेग डुएस्टेड 635.7 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। वैंग का स्कोर क्वालीफिकेशन का विश्व रिकॉर्ड है। युनजी क्वालीफिकेशन में 635.6 अंक के साथ चौथे जबकि तुर्की की एलिफ बेर्फिन अल्तुन (634.6) पांचवें स्थान पर रहीं।

चीन की विश्व और एशियाई चैंपियन हेन जिआयु ने 634.2 अंक के साथ छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारत की राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू 632.4 अंक के साथ 15वें पायदान पर रहीं। केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहीं रमिता जिंदल ने 632.6 अंक के साथ 13वां स्थान हासिल किया। मेघना सजनार (केवल रैंकिंग अंक) और आर्या बोर्से ने क्रमशः 25वां और 60वां स्थान हासिल किया।

## भीषण जाम



दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस वे पर मंगलवार को लगे भीषण जाम में हजारों वाहन कई घंटे तक फंसे रहे। इनमें कई एंबुलेंस भी थीं। इस एक्सप्रेस वे पर अक्सर भीषण जाम लगता है। एजेंसी

## रॉकेट प्रक्षेपणों में 10 गुना वृद्धि

# छलनी हो जाएगी ओजोन परत

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष उद्योग विकास की राह पर है, लेकिन नए शोध से पता चलता है कि रॉकेट प्रक्षेपण में तेजी से वृद्धि होने से ओजोन परत को बड़ा नुकसान पहुंचेगा। हर साल दुनिया भर में सैकड़ों रॉकेट प्रक्षेपित किए जाते हैं, जिनमें से कई वाणिज्यिक कंपनियों और राष्ट्र-राज्य अंतरिक्ष कार्यक्रमों के तहत अंतरिक्ष में भेजे जाते हैं। ये लगभग 20 जगहों पर प्रक्षेपित किए जाते हैं, लगभग सभी उत्तरी गोलार्ध में और वर्तमान में सबसे ज्यादा प्रक्षेपण दर अमेरिका, चीन, न्यूज़ीलैंड और रूस से हैं। नवीनतम शोध उस महत्वपूर्ण बिंदु का पता लगाता है जब अधिक रॉकेट प्रक्षेपण करने से समस्याएं पैदा होने लगेंगी। निष्कर्ष बताते हैं कि एक बार जब दरें प्रति वर्ष 2,000 प्रक्षेपण तक पहुंच जाएंगी जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दस गुना वृद्धि है तो ओजोन परत में वर्तमान में हो रहा सुधार धीमा पड़ जाएगा।



### रॉकेट प्रक्षेपण से पतली हुई ओजोन परत

ओजोन परत पृथ्वी पर जीवन को हानिकारक सौर पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाती है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत वैश्विक सहकारी समझौतों की बदौलत यह पिछली सदी में उत्सर्जित क्लोरोफ्लोरोकार्बन और अन्य हानिकारक रसायनों के प्रभावों से धीरे-धीरे ठीक हो रही है। रॉकेटों द्वारा वायुमंडल में प्रवेश करने पर उत्सर्जित गैसों और कणों से ओजोन परत पतली होती है। अब तक, वे ओजोन परत को बहुत अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, क्योंकि हर साल अपेक्षाकृत कम प्रक्षेपण होते हैं। हालांकि, प्रक्षेपण लगातार बढ़ रहे हैं।

### छह साल में ही प्रक्षेपण तीन गुना बढ़े

2019 में 102 प्रक्षेपण हुए। 2024 तक, दुनिया भर में प्रक्षेपणों की संख्या 258 हो जाएगी। 2025 में और भी ज़्यादा प्रक्षेपण होने की उम्मीद है। अमेरिका आधारित प्रक्षेपणों के लिए, 2023 में प्रक्षेपित रॉकेटों की संख्या में 2028 तक तीन गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। इस वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। इसके लिए कई प्रक्षेपणों की आवश्यकता होती है और यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### इसलिए बढ़ रहे प्रक्षेपण...

प्रक्षेपणों में वृद्धि का एक कारण पृथ्वी की कक्षा में कम ऊंचाई पर स्थित हजारों इकाइयों के उपग्रह समूह बनाने का प्रयास है। यह कई देशों में हो रहा है, जिन्हें कई कंपनियां चला रही हैं। स्थापित हो जाने के बाद इन उपग्रहों को सक्रिय उपग्रहों की आपूर्ति जारी रखने के लिए निरंतर प्रक्षेपण की आवश्यकता होती है।

### 2000 प्रक्षेपणों से 3% पतली हो जाती है ओजोन परत

क्राइस्टचर्च के कैंटरबरी विश्वविद्यालय के एक शोध के मुताबिक हर साल दुनिया भर में लगभग 2,000 प्रक्षेपणों के साथ, ओजोन परत तीन प्रतिशत तक पतली हो जाती है। रॉकेट से निकलने वाले रसायनों के वायुमंडलीय परिवहन के कारण अंटार्कटिका में ओजोन को सर्वाधिक नुकसान देखा गया, हालांकि अधिकांश प्रक्षेपण उत्तरी गोलार्ध में हो रहे हैं। ओजोन का नुकसान कम है। मनुष्यों या पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले विनाशकारी नुकसान की उम्मीद भी नहीं कर सकते। हालांकि, ओजोन परत को ठीक करने के लिए जारी वैश्विक प्रयासों को देखते हुए नुकसान महत्वपूर्ण है।

## एक नजर

### ईरान ने आईएसआईएस के नौ आतंकियों को फांसी दी

**दुबई।** ईरान ने 2018 में हुए हमले के बाद गिरफ्तार किए गए इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के नौ आतंकवादियों को फांसी दे दी है। ईरानी न्यायपालिका की समाचार एजेंसी मिजान ने मंगलवार को फांसी की घोषणा की। समाचार एजेंसी ने खबरों में कहा है कि आतंकवादियों को ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के साथ झड़प में शामिल होने के बाद पकड़ा गया था। इस झड़प में तीन सैनिक मारे गए थे।

### श्रीलंका के कारागार प्रमुख को रिमांड पर भेजा गया

**कोलंबो।** श्रीलंका के कारागार महाआयुक्त को सजायाफ्ता दोषियों को रिहा करने के लिए राष्ट्रपति की क्षमा प्रक्रिया का दुरुपयोग करने के कारण निलंबित कर बुधवार तक के लिए रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा सोमवार को गिरफ्तारी के बाद तुषारा उपुलदेनिया को मंगलवार को कोलंबो अतिरिक्त मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। उत्तर मध्य अनुराधापुरा जेल के प्रमुख मोहन करुणारत्ना को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया और बुधवार तक रिमांड पर भेज दिया गया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके द्वारा एक सजायाफ्ता अपराधी को क्षमादान के तहत जेल से रिहा करने की जांच के आदेश देने के बाद हुआ है।

### जापान में निजी डेटा लीक होने के रिकॉर्ड मामले

**टोक्यो।** जापान में व्यक्तिगत जानकारी डेटा लीक होने के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में सूचना सुरक्षा उल्लंघन के 21,00 से अधिक मामले सामने आए। यह संख्या पिछले वर्ष से 58 फीसदी ज्यादा है जो सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में अपर्याप्त सुरक्षा को उजागर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक 21,007 मामलों में से 19,056 निजी क्षेत्र से जुड़े हैं, जो वित्तीय वर्ष 2023 से 57 प्रतिशत अधिक है।

### फ्रांसः छात्र ने चाकू घोंपकर स्कूल कर्मचारी की हत्या की

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी के पूर्वी क्षेत्र में स्थित मिडिल स्कूल में मंगलवार को बैग की जांच के दौरान 15 वर्षीय एक छात्र ने एक स्कूल कर्मचारी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बैग की जांच में मदद कर रहा एक पुलिस अधिकारी घटना के दौरान मामूली घायल हो गया। मामले की जांच की जा रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नोजेंट में बच्चों की देखभाल कर रही शैक्षिणक सहायक की हमले में मौत हो गई।

# लॉस एंजिलिस में नहीं संभले हालात ट्रंप ने सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई

## गवर्नर और पुलिस प्रमुख ने जताया कड़ा विरोध, कहा- और बिगड़ेगी स्थिति

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- आव्रजन नियमों के उल्लंघन पर ट्रंप की कार्रवाई के खिलाफ चार दिन से प्रदर्शन जारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर मरीन कोर के 700 और नेशनल गार्ड के 2,000 अतिरिक्त जवान लॉस एंजिलिस रवाना हो गए जिससे वहां सेना की मौजूदगी और बढ़ जाएगी। स्थानीय अधिकारियों और गवर्नर गेविन न्यूसम ने ट्रंप के इस कदम का विरोध किया है। पुलिस प्रमुख का कहना है कि इससे विरोध प्रदर्शनों से निपटने में मुश्किलें पैदा होंगी।

ट्रंप ने पहले जिन 2,000 बलों की लॉस एंजिलिस में तैनाती का आदेश दिया था वे रविवार को पहुंचना शुरू हो गए थे। लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को उस समय शुरू हुआ था जब संघीय आव्रजन अधिकारियों ने उस दिन शहर भर में 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया था। सोमवार के प्रदर्शन के दौरान अधिक हंगामा नहीं हुआ। हजारों लोग 'सिटी हॉल' में शांतिपूर्ण रैली में शामिल हुए तथा सैकड़ों लोगों ने एक संघीय परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस परिसर में वह हिरासत केंद्र भी शामिल है, जहां शहर भर में छापेमारी के बाद कुछ प्रवासियों को रखा गया है।

मेयर कैरेन बास और न्यूसम का कहना है कि ट्रंप ने लॉस एंजिलिस की स्थिति के बारे में जो वर्णन किया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि ट्रंप सैन्य कर्मियों को तैनात कर सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं जबकि पुलिस का भी कहना है कि उन्हें मदद की जरूरत नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय 'पेंटागन' ने आव्रजन संबंधी कार्रवाई के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों से निपटने में 'नेशनल गार्ड' के जवानों की मदद के लिए सोमवार को लॉस एंजिलिस में लगभग 700 'मरीन' कोर तैनात किए। कैलिफोर्निया ने 'गार्ड' के जवानों की तैनाती को लेकर ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।



लॉस एंजिलिस में हिंसक प्रदर्शनों के बीच कई देशों के झंडे लेकर दौड़ता प्रदर्शनकारी।

### 60 साल बाद गवर्नर की अनुमति बिना सेना की तैनाती

लॉस एंजिलिस में 'मरीन' कोर की तैनाती कई दशकों में पहली बार की गई है। नेशनल गार्ड को राज्य के गवर्नर के अनुरोध के बिना सक्रिय किया गया है। पिछली बार नेशनल गार्ड को गवर्नर की अनुमति के बिना 1965 में सक्रिय किया गया था, जब राष्ट्रपति लिंडन बी. जॉनसन ने अलबामा में नागरिक अधिकार मार्च की रक्षा के लिए सैनिकों को भेजा था।

### ये खतरनाक राष्ट्रपति का अहंकार में उठाया कदमः मेयर

मेयर कैरेन बास और न्यूसम का कहना है कि ट्रंप ने लॉस एंजिलिस की स्थिति के बारे में जो वर्णन किया है, वह सच्चाई से कोसों दूर है। ट्रंप सैन्य कर्मियों को तैनात कर सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहे हैं। गवर्नर न्यूसम ने 'एक्स' पर लिखा, यह एक खतरनाक राष्ट्रपति के अहंकार को संतुष्ट करने के लिए उठाया गया कदम है।

### ट्रंप की प्रदर्शनकारियों को चेतावनी- बुरी तरह मारेंगे

**वाशिंगटन।** ट्रंप ने जनवरी 2021 में कैपिटल हिल पर धावा बोलने वाले दंगाइयों को माफ कर दिया था लेकिन लॉस एंजिलिस में पुलिसकर्मियों और नेशनल गार्ड के सदस्यों पर थूकने वाले प्रदर्शनकारियों को सोशल मीडिया पर कड़ी चेतावनी दी। लिखा, अगर वे थूकेंगे, तो हम मारेंगे और मैं वादा करता हूं कि उन्हें पहले से भी ज्यादा बुरी तरह मारा जाएगा।

# ऑस्ट्रिया : स्कूल में गोलीबारी से आठ छात्रों समेत नौ की मौत, हमलावर भी मारा गया

**वियना, एजेंसी**

- ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में हुई घटना के बाद स्कूल को कराया गया खाली

ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर के एक स्कूल में मंगलवार को हुई गोलीबारी में आठ छात्रों समेत नौ लोगों की मौत हो गई और संदिग्ध हमलावर भी मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि उसका मानना है कि हमलावर ने घटना को अकेले अंजाम दिया।

पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हमलावर समेत 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। ऑस्ट्रिया प्रेस एजेंसी की खबर के मुताबिक, मेयर एल्के काहर ने घटना को भयानक त्रासदी करार दिया है। खबर के मुताबिक, मृतकों में आठ छात्र और एक वयस्क शामिल है। अधिकारियों ने अपराधी के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी।

अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे एक कॉल के बाद पुलिस समेत विशेष बलों को बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेन्गेस्से हाई स्कूल में भेजा गया। बाद में, पुलिस ने 'एक्स' पर लिखा कि स्कूल को खाली करा लिया गया है और सभी को सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है। उसने लिखा कि अब किसी तरह के खतरे की आशंका नहीं है।

ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर ग्राज, देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और इसकी जनसंख्या लगभग 3,00,000 है। ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन ने कहा कि इस बर्बर घटना को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, वे युवा थे, जिनके सामने पूरा जीवन था। एक शिक्षक, जो उन्हें राह दिखा रहा था।

### विस्फोट से जहाज में और भड़की आग



सिंगापुर के ध्वजवाहक कंटेनर जहाज में आग बुझाने की कोशिश करता बचाव दल।

**कोच्चि।** केरल तट के पास सिंगापुर ध्वज वाले मालवाहक पोत में आग और विस्फोट की घटनाएं जारी हैं और पोत के मध्य क्षेत्र और 'कंटेनर' बे से आग की लपटें निकल रही हैं। भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने बताया कि आगे के हिस्से में लगी आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन पोत 'एमवी वान हाई 503' से धुआं उठ रहा है। उन्होंने बताया कि जहाज बंदरगाह की ओर लगभग 10-15 डिग्री तक झुक गया है और उस पर लदे कुछ कंटेनरों के समुद्र में गिरने की सूचना है। आग को फैलने से रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। रक्षा प्रवक्ता ने कहा था कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने जलते पोत में सवार चालक दल के 18 सदस्यों को उतार लिया। जहाज पर चालक दल के 22 सदस्य सवार थे और उनमें से चार का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

# इजराइली नौसेना ने यमन के बागियों के कब्जे वाले शहर होदेदा पर किया हमला

**दुबई, एजेंसी**

इजराइली नौसेना ने मंगलवार को यमन के विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा में गोदियों पर हमला किया, जिससे संभवतः उन सुविधाओं को नुकसान पहुंचा, जो युद्धग्रस्त देश में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए अहम हैं।

इज़राइली सेना ने कहा कि नौसेना के मिसाइल पोतों ने ये हमले किए। यह पहली बार है जब उनकी सेना हूती विद्रोहियों के खिलाफ हमलों में शामिल हुई है। ये हमले मंगलवार को किए गए। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ युद्ध को लेकर हूतियों ने इजराइल को निशाना बनाकर बार-बार मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। हूती बागियों ने अपने अल-मसीरा सैटेलाइट समाचार चैनल के माध्यम से हमले के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमला गोदियों को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि उन्होंने इस बारे में जानकारी नहीं दी।

इजराइल ने हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की। सोमवार देर रात इजराइल ने यमन के लोगों को ऑनलाइन चेतावनी जारी की कि वे रास ईसा, होदेदा और अल-सलिफ बंदरगाहों को खाली कर दें, क्योंकि हूतियों ने हमलों के लिए बंदरगाहों का इस्तेमाल कर रहे हैं। बंदरगाह का उपयोग हथियारों को स्थानांतरित करने के लिए किया जाता है और यह आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए असैन्य बुनियादी ढांचे का हूती आतंकवादी शासन के कुटिल उपयोग का एक और उदाहरण है।

### सामाजिक कार्यकर्ता थनबर्ग इजराइल से निर्वासित

**यरूशलम।** सामाजिक कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग जिस जहाज पर सवार थीं, उसे इजराइली सेना द्वारा जब्त किए जाने के एक दिन बाद थनबर्ग को मंगलवार को इजराइल से निर्वासित कर दिया गया। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर विमान में सवार थनबर्ग की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि थनबर्ग विमान से फ्रांस पहुंचने के बाद अपने देश स्वीडन रवाना हो गईं। थनबर्ग गाजा में सहायता सामग्री ले जा रहे 'मैडलीन' नामक जहाज पर सवार 12 यात्रियों में से एक थीं। 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलिशन' नामक संगठन ने गाजा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया था।

## केन्या में सड़क हादसे में 5 भारतीयों की मौत

**दोहा।** केन्या में एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम पांच भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। ये लोग कतर में रह रहे थे और छुट्टियां मनाने के लिए केन्या गए थे।

दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, कतर से 28 भारतीयों का एक समूह केन्या की यात्रा पर था, जहां उनकी बस दुर्भाग्यपूर्ण रूप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में पांच भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। उनैरोबी में भारतीय उच्चायोग के अधिकारी मौके पर हैं और हरसंभव मदद मुहैया करा रहे हैं। 'द गल्फ टाइम्स' अखबार ने बताया कि मृतकों की पहचान अभी तक सत्यापित नहीं हो पाई है, जबकि 27 लोग घायल हैं और उन्हें केन्या के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# अमेरिका में बदसलूकी के शिकार भारतीय युवक का अब तक कोई पता नहीं

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- वीडियो बनाने वाले उद्यमी ने कहा, असहाय महसूस कर रहा हूं

अमेरिकी हवाई अड्डे पर भारतीय युवक के हाथ में हथकड़ी होने, उसके चीखने और उसके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किए जाने का वीडियो बनाने वाले कुणाल जैन ने इस घटना को मानव त्रासदी करार देते हुए कहा कि वह खुद को 'असहाय और मर्माहत' महसूस कर रहे हैं। युवक अब कहां है, यह पता नहीं लग पा रहा है।

भारतीय-अमेरिकी सामाजिक उद्यमी जैन ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। वीडियो में भारतीय युवक को नेवार्क लिबर्टी इंटरनेशनल हवाई अड्डे पर दो-तीन पोर्ट अथॉरिटी पुलिस अधिकारियों ने हथकड़ी लगाकर जमीन पर लिटाया दिख रहा है। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका वैध यात्रियों का देश में स्वागत करना जारी रखेगा, लेकिन हम अवैध प्रवेश, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं कर सकते और न करेंगे।

इससे पहले 'एक्स' पर कई पोस्ट में जैन ने कहा कि अमेरिका में भारतीय दूतावास को उस व्यक्ति की मदद करनी चाहिए। कल रात नेवार्क हवाई अड्डे पर युवा भारतीय छात्र को निर्वासित होते देखा, उसके हाथ में हथकड़ी थी, वह चीख रहा था और उसके साथ अपराधी जैसा व्यवहार किया जा रहा था।

### मोदी अमेरिका में भारतीयों के अपमान पर तोड़ें चुप्पी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका में भारतीयों को लगातार प्रताड़ित कर अपमानित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खामोश हैं लेकिन अब उन्हें चुप्पी तोड़कर अमेरिका को बताना होगा कि भारतीय नागरिकों के साथ बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि अमेरिका भारतवासियों को अपमानित करने से बाज नहीं आ रहा है। ताजा मामला अमेरिका के एयरपोर्ट का है, जहां एक भारतीय छात्र को जमीन पर पटका गया और किसी अपराधी की तरह उसके हाथ-पैर बांध दिए गये। उसके आत्मसम्मान को जूतों के नीचे रौंदने के बाद उसे फिर भारत वापस भेजा गया। यह पहली बार नहीं हो रहा है।

# पाकिस्तान ने रक्षा बजट में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

- नाटो के महासचिव मार्क रूटे ने एक सम्मेलन में की घोषणा

भारत के साथ तनाव के बीच पाकिस्तान ने मंगलवार को अपने रक्षा बजट में 20 प्रतिशत की वृद्धि की और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,550 अरब पाकिस्तानी रुपये (9 अरब अमेरिकी डॉलर) आवंटित किए।

वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने नेशनल असेंबली में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 17,573 अरब पाकिस्तानी रुपये का संघीय बजट पेश किया। मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश की रक्षा के लिए 2,550 अरब पाकिस्तानी रुपये आवंटित करने का फैसला किया है। उन्होंने रक्षा खर्च के बारे में कोई और जानकारी नहीं दी क्योंकि परंपरागत रूप से रक्षा बजट पर संसद में चर्चा नहीं की जाती है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार ने रक्षा खर्च के लिए 2,122 अरब रुपये आवंटित किए, जो 2023-24 के लिए बजटीय आवंटन 1,804 अरब रुपये से 14.98 प्रतिशत अधिक है।

वित्त मंत्री ने हाल में भारत से संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा, यह बजट ऐसे समय में पेश किया जा रहा है जब राष्ट्र ने एकता और दृढ़ संकल्प दिखाया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। सात मई को भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ढांचे पर सटीक हमले किए थे।

## नाटो सदस्य देश अमेरिका से खरीदेंगे 700 एफ 35 विमान

**वाशिंगटन।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव मार्क रूटे ने कहा कि संगठन के सदस्य देश गठबंधन की सैन्य शक्ति को मजबूत करने के लिए अमेरिका से कुल 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे।

रूटे ने सोमवार को लंदन में एक सम्मेलन में कहा सहयोगी देश विमानों और युद्धपोतों में अधिक निवेश करेंगे। अमेरिका के सहयोगी 700 एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेंगे। कहा, नाटो देश सैन्य उत्पादन में रूस और चीन से पीछे हैं। हमारी सेनाओं को हजारों और बख्तरबंद वाहनों और टैंकों की ज़रूरत है। ड्रोन और लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों में निवेश करेंगे और अंतरिक्ष और साइबर क्षमताओं को बढ़ाएंगे। वायु और मिसाइल रक्षा को 400 प्रतिशत बढ़ाना चाहिए।

## वक्तव्य

### कैंब्रिज विश्वविद्यालय में 'न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर बोले सीजेआई बीआर गवई

# प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार, निर्णय की प्रक्रिया में नहीं ले सकती जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीजेआई बीआर गवई ने प्रौद्योगिकी की दोधारी तलवार प्रकृति को रेखांकित करते हुए कहा कि इस तरह के नवाचारों से न्यायिक कार्यों में वृद्धि होनी चाहिए, न कि इसे निर्णय लेने की प्रक्रिया का स्थान लेना चाहिए। उन्होंने नौ जून को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में "न्याय तक पहुंच में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी की भूमिका" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत जैसे विशाल, विविध और जटिल देश में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया।

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि भारत में न्यायपालिका ने न्याय को अधिक सुलभ बनाने के लिए प्रौद्योगिकी को तत्परता से एकीकृत किया है। उन्होंने कहा, हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी एक दोधारी तलवार की तरह काम कर सकती है, जिससे अभूतपूर्व विभाजन भी हो सकता है। एक प्राथमिक चिंता डिजिटल विभाजन है, जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों और डिजिटल साक्षरता तक असमान पहुंच के कारण हाशिये पर पड़े समुदाय वंचित हो सकते हैं, जो पहले से ही न्याय के लिए बाधाओं का सामना कर रहे हैं। प्रौद्योगिकी से निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित हो, इसके लिए पहुंच और समावेशन को इसके डिजाइन का आधार होना चाहिए।

उन्होंने कहा, शासन के ऐसे ढांचे विकसित किए जाने चाहिए जो मानवीय निगरानी, एल्गोरिदम पारदर्शिता और प्रौद्योगिकी-मध्यस्थ निर्णयों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करें। सीजेआई ने कहा, आगे बढ़ने के लिए मूलभूत सिद्धांतों का पालन करना जरूरी है। तकनीक को न्यायिक कार्यों, विशेष रूप से तर्कसंगत निर्णय लेने और व्यक्तिगत मामले के मूल्यांकन का स्थान लेने के बजाय इसमें वृद्धि करनी चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि स्वचालित प्रणालियां न्यायिक निर्णय को बदलने के बजाय उसका समर्थन करें।

उन्होंने डिजिटल नवाचार पर आधारित एक अधिक समावेशी और उत्तरदायी कानूनी प्रणाली के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, न्याय तक पहुंच किसी भी निष्पक्ष और न्यायसंगत कानूनी प्रणाली की रीढ़ है। यह सुनिश्चित करता है कि सभी व्यक्ति, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति, भौगोलिक स्थिति या व्यक्तिगत परिस्थितियां कुछ भी हों, कानूनी प्रक्रियाओं में प्रभावी रूप से भाग ले सकें और उनसे लाभ उठा सकें।



- भारत में न्याय तक पहुंच बढ़ाने में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर

### न्यायालय तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करना जरूरी

सीजेआई ने कहा कि ऐसे देश में जहां दो तिहाई से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 121 से अधिक भाषाएं मातृभाषा के रूप में बोली जाती हैं, वहां अदालतों तक न्यायसंगत पहुंच सुनिश्चित करना संवैधानिक दायित्व और नैतिक अनिवार्यता दोनों है। उन्होंने संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता को रेखांकित किया, जिन्होंने न्याय तक पहुंच की गारंटी के लिए अनुच्छेद 32 और 226 सहित विभिन्न तंत्र स्थापित किए, जो नागरिकों को अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों से संपर्क करने का अधिकार देते हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी, न्याय के संवैधानिक वादे और नागरिकों के जीवंत अनुभव के बीच सेतु बन गई है।